CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 17° C

बरेली, गुरुवार 7 मई 2026 बरेली संस्करण: वर्ष 23 अंक 156 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 19 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तरी-पश्चिमी भारत में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी पेज 2




बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा आईपीएल 2026 का फाइनल खेल टाइम्स



बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर सम्पादकीय



भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़ पेज 12

# ईरान जंग 48 घंटे में हो सकती है खत्म, 14 शर्तों का समझौता तैयार

तेहरान/वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका और** ईरान युद्ध खत्म करने और परमाणु बातचीत का रास्ता तय करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान 48 घंटे के भीतर सीजफायर को लेकर सहमति दे सकता है।

दोनों देशों के बीच 14 प्वॉइंट वाला समझौता (एमओयू) तैयार है। हालांकि अभी यह फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन बातचीत पहले से ज्यादा आगे बढ़ चुकी है। समझौते की अहम शर्तें, सबसे पहले युद्ध खत्म करने की घोषणा होगी, 30 दिनों तक दोनों देशों की विस्तृत बातचीत होगी, इसमें होर्मुज, परमाणु कार्यक्रम, अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील जैसे मुद्दे होंगे। दोनों देशों के बीच बातचीत के लिए इस्लामाबाद या फिर जिनेवा जैसे शहरों पर विचार हो रहा है। ड्राफ्ट के मुताबिक, ईरान न्यूक्लियर प्रोग्राम को कुछ समय के लिए रोक सकता है। बदले में अमेरिका धीरे-धीरे प्रतिबंध कम करेगा और ईरान के जब्त किए हुए अरबों डॉलर जारी कर सकता है। साथ ही, होर्मुज स्ट्रेट में दोनों तरफ से लगाई गई पाबंदियों में भी ढील दी जाएगी। हालांकि सबसे बड़ा विवाद न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने की अवधि को लेकर है। ईरान 5 साल का प्रस्ताव दे चुका है, जबकि अमेरिका 20 साल चाहता था। अब बीच का रास्ता निकालने की कोशिश हो रही है, जिसमें 12 से 15 साल तक की अवधि पर बात चल रही है।



■ अमेरिका ईरानी प्रॉपर्टी लौटाएगा, ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोलेगा, न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकेगा

## वार्ता में प्रगति देखते हुए ट्रम्प ने प्रोजेक्ट फ्रीडम रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने यह भी घोषणा की कि उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रोजेक्ट फ्रीडम को स्थगित करने का निर्णय लिया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि शांति समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि पाकिस्तान और अन्य देशों के अनुरोध, ईरान के खिलाफ अभियान के दौरान मिली जबरदस्त सैन्य सफलता और इसके अलावा, ईरान के प्रतिनिधियों के साथ पूर्ण एवं अंतिम समझौते की दिशा में हुई महत्वपूर्ण प्रगति के आधार पर, हमने पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की है कि नाकाबंदी पूरी तरह से लागू रहेगी, लेकिन प्रोजेक्ट फ्रीडम को थोड़े समय के लिए रोक दिया जाएगा, ताकि यह देखा जा सके कि समझौता अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं।

## शहबाज ने ट्रम्प का आभार जताया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने होर्मुज स्ट्रेट में 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को रोकने की घोषणा और साहसी नेतृत्व के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आभार व्यक्त किया है।

श्री शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान और अन्य मित्र देशों, विशेष रूप से सऊदी अरब और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अनुरोध पर ट्रम्प की यह उदार प्रतिक्रिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुलह को आगे बढ़ाने में बहुत सहायक सिद्ध होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के गाजियाबाद में ओले गिरे, मप्र-बिहार में बारिश

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। यूपी के गाजियाबाद में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। बारिश के कारण पूरे यूपी में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को भारी बारिश हुई थी। इससे कांकेर के चारामा में नेशनल हाईवे-30 पर घुटनों तक पानी भर गया। मनेंद्रगढ़ के जनकपुर में बारिश का पानी लोगों के घर में घुस गया। पेंड्रा में आंधी से कई पेड़ टूटकर गिर गए। राजस्थान में बाड़मेर और फलोदी को छोड़कर बाकी सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इधर, बिहार और मध्य प्रदेश में भी बारिश का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे में 89.7 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, जो सामान्य से 182 फीसदी अधिक है।

### मुक्केबाज विकास का मुख्य हत्यारोपी सुमित राणा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने घोषित अपराधी सुमित राणा उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया है। सुमित राणा एक खूंखार अपराधी है, जिस पर राष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाजी चैंपियन विकास उर्फ भिंडा की हत्या में शामिल होने का आरोप है। सिरसपुर निवासी राणा पुलिस द्वारा महीनों तक लगातार निगरानी और सघन प्रयासों के बाद आदर्श नगर से पकड़ा गया।

### एस-400 के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार एस-400 मिसाइलों के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदने की तैयारी कर रही है। इसके एक स्क्वाड्रन में 8 लॉन्चर होते हैं और हर एक लॉन्चर में 4 मिसाइल कंटेनर होते हैं। इस हिसाब से करीब 32 बड़ी मिसाइलें मिलेंगी। पिछले साल 7 से 10 मई के बीच चले ऑपरेशन सिंदूर में हमारे एयर डिफेंस सिस्टम की एस-400 मिसाइलों ने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर अंदर घुसकर कहर बरपाया था, अब हमारे रक्षा बेड़े में उनकी तादाद बढ़ने जा रही है। खरीदी की दिशा में रूस के साथ चर्चा में सकारात्मक प्रगति हुई है। वायुसेना के लिए 5 एस-400 का पहला सौदा 2018 में हुआ था। 3 सिस्टम्स मिल चुके हैं। रूस ने आश्वस्त किया है कि शेष दो सिस्टम और ऑपरेशन सिंदूर में खर्च हुई बैटरी की मिसाइलें भी अगले 6 माह में दे देंगे।

### शशि शेखर केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के नए अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने प्रसार भारती के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशि शेखर वेम्पति को केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने छह मई को जारी नोटिफिकेशन में यह जानकारी दी। श्री वेम्पति पद भार संभालने की तिथि से अगले तीन वर्ष तक इस पद पर रहेंगे। इससे पहले प्रसून जोशी इस पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। श्री जोशी को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उन्होंने सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

# वंदे मातरम को राष्ट्रगान जैसा दर्जा

## कैबिनेट की मंजूरी

## अपमान करने या गायन में बाधा डालने पर सजा व जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा देने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

कैबिनेट के फैसले के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है, और अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा। सरकार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह बदलाव कर रही है। इसके लिए कानून की धारा 3 में संशोधन किया जाएगा। इस धारा के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे रोकता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान है। संशोधन के बाद यही नियम वंदे मातरम पर भी लागू होंगे। केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल के लिए गाइडलाइन जारी की। गाइडलाइन के अनुसार, वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक वर्जन, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए। इनमें राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रपति और राज्यपालों के आधिकारिक कार्यक्रमों में औपचारिक आगमन और प्रस्थान समारोह और ऐसे समारोहों में उनके निर्धारित भाषणों से पहले और बाद के कार्यक्रम शामिल हैं। अगर किसी कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' और 'राष्ट्रगान' दोनों होने हैं, तो पहले 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत) गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान'। दिशा-निर्देशों में आगे यह भी स्पष्ट किया गया है कि दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहें। गृह मंत्रालय ने स्कूल-कॉलेज और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।इस कदम का उद्देश्य स्टूडेंट्स और आम जनता के बीच राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता और सम्मान को प्रोत्साहित करना है। यह भी बताया गया है कि जब वंदे मातरम का प्रदर्शन किसी बैंड द्वारा किया जाता है, तो उससे पहले ढोल की थाप या बिगुल की ध्वनि से औपचारिक रूप से गायन की शुरुआत का संकेत दिया जाना चाहिए। साथ ही, मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है। निर्देश के अनुसार, फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि मनोरंजन स्थलों में दर्शकों को खड़े होने के लिए मजबूर करने से देखने का अनुभव बाधित हो सकता है और संभावित रूप से दर्शकों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है।

■ अब जन-गण-मन से पहले गाया जाएगा राष्ट्रगीत, गाइडलाइन जारी



### प. बंगाल चुनाव में 'वंदे मातरम' बना था बड़ा राजनीतिक मुद्दा

पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान भाजपा ने वंदे मातरम को बंगाली अस्मिता और राष्ट्रवाद के प्रतीक के रूप में पेश किया था। पार्टी ने इसके 150 वर्ष पूरे होने पर राज्यभर में सामूहिक गायन और पदयात्राओं का आयोजन किया। साथ ही, बंकिम चंद्र चटर्जी की विरासत को भी चुनावी अभियान में प्रमुखता से उठाया गया।

## सबरीमाला केस

# बार-बार रुख नहीं बदल सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने 40 साल पुरानी जनहित याचिका (पीआईएल) की वैधता पर सवाल उठाए। यह याचिका दाऊदी बोहरा समुदाय में बहिष्कार के अधिकार और उसके संवैधानिक संरक्षण से जुड़ी है।

कोर्ट ने कहा कि उसे पुराने फैसले के साथ रहना होगा और वह अपना रुख अचानक नहीं बदल सकता। नौ जजों की संविधान पीठ यह सुनवाई कर रही है। इसमें महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश, जैसे सबरीमाला मंदिर, और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर भी विचार हो रहा है। यह मामला 1986 में सेंट्रल बोर्ड ऑफ दाऊदी बोहरा कम्युनिटी की पीआईएल से जुड़ा है। इसमें 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की गई थी, जिसमें बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ एक्सकम्युनिकेशन एक्ट, 1949 को रद्द कर दिया गया था। उस कानून के तहत किसी सदस्य को बहिष्कृत करना गैरकानूनी था। 1962 के फैसले में कहा गया था कि धार्मिक आधार पर बहिष्कार का अधिकार समुदाय के धार्मिक मामलों के प्रबंधन का हिस्सा है। इसलिए 1949 का कानून संविधान के अनुच्छेद 26(इ) के तहत मिले अधिकारों का - शेष पृष्ठ दो पर

**बोहरा समाज में बहिष्कार और धार्मिक अधिकारों पर 1986 की PIL की वैधता पर सवाल उठाए**



# बंगाल में भाजपा की जीत के बाद हिंसा जारी

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात भाजपा समर्थकों की भीड़ ने जियागंज इलाके में व्लादिमीर लेनिन की प्रतिमा तोड़े जाने के बाद तनाव बढ़ गया है।

यह घटना हाल ही में आए विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद राज्य भर में हो रही चुनाव बाद की हिंसा की खबरों के बीच हुई है। दराज्य में जारी हिंसा के दौरान टीएमसी और भाजपा के दो-दो कार्यकर्ताओं की मौत हो चुकी है। चुनाव आयोग ने हिंसा भड़काने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं, जबकि राज्य नौ मई को नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी कर रहा है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 'एक्स' पर इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने कहा कि पांच मई की रात मुर्शिदाबाद जिले के जियागंज इलाके में भाजपा के गुंडों ने हमला कर लेनिन की प्रतिमा तोड़ दी। हमारे साथियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। इसके विरोध में प्रदर्शन किया गया। इसके बाद पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बुधवार सुबह हमारे साथी दोबारा उस स्थल पर गए। प्रतिमा का पुनर्निर्माण आठ मई को किया जाएगा। स्थानीय पुलिस के अनुसार, स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने पुष्टि की कि तोड़फोड़ के मामले में पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। इस बीच तृणमूल नेता महुआ मोइत्रा ने भी 'इंस्टाग्राम' पर इस कृत्य की निंदा की है और लिखा है कि मंगलवार -शेष पृष्ठ दो पर

■ टीएमसी और भाजपा के दो-दो कार्यकर्ताओं की मौत
■ भाजपा समर्थकों ने लेनिन की प्रतिमा तोड़ी, पांच गिरफ्तार

# तमिलनाडु में टल सकती है विजय की शपथ

## सरकार बनाने के लिए 118 विधायक जरूरी, टीवीके के पास 113 एमएलए

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में 7 मई (आज) को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सूत्रों के मुताबिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है। वहीं भाजपा पश्चिम बंगाल अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि नए मुख्यमंत्री का शपथ -शेष पृष्ठ दो पर



■ पश्चिम बंगाल में नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह नौ मई को
■ केरल में तैयारियां जोरों पर, अजय माकन व मुकुल वासनिक पर्यवेक्षक नियुक्त

# पब्लिक वाई-फाई का पूरे देश में एक ही पासवर्ड होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार पीएम-वाणी की विफलता से सबक लेते हुए एक नया और उन्नत पब्लिक वाई-फाई सिस्टम लाने की तैयारी कर रही है।

इस नई व्यवस्था का उद्देश्य यूजर अनुभव को बेहतर बनाना और डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाना है। अब यूजर्स को हर हॉटस्पॉट के लिए अलग ओटीपी की जरूरत नहीं होगी। देशभर में फैले 4 लाख हॉटस्पॉट पर एक ही ओटीपी या पासवर्ड से लॉगिन किया जा सकेगा। दूरसंचार नियामक (ट्राई) ने इसका परामर्श-पत्र जारी करके लोगों से सुझाव मंगाए हैं। सार्वजनिक वाई-फाई को सुरक्षित बनाने के लिए 'वाई-फाई प्रोटेक्टेड एक्सेस 3' जैसे मानक लागू होंगे। इससे भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी सुरक्षित यूपीआई और डिजिटल पेमेंट के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कवर मिलेगा। पेपर के अनुसार, मौजूदा वाई फाई सिस्टम इसलिए नहीं चला, क्योंकि यह यूजर की जरूरत नहीं बन पाया। साथ ही ऑपरेटर की कमाई नहीं बनी। इसलिए सरकार प्रस्तावित वाई-फाई सिस्टम को ऑपरेटर के लिए कमाई का मॉडल बनाना चाहती है। इसके लिए विज्ञापन-आधारित मॉडल, पेड प्लान व सब्सिडी (वायबिलिटी गैप फंडिंग) जैसे विकल्प दिए जाएंगे। शहरों में हाई-स्पीड इंटरनेट और गांवों में कम लागत वाला 'कम्युनिटी वाई-फाई' मॉडल लागू होगा। देश की 140 करोड़ की आबादी में अभी महज 2 फीसदी लोग पब्लिक वाई-फाई उपयोग करते हैं। दक्षिण कोरिया में 80 फीसदी, अमेरिका में 70 फीसदी, यूरोप-चीन में 60 फीसदी व इंग्लैंड में 50 फीसदी आबादी पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करती है।




■ लोगों को अब बार-बार ओटीपी से राहत मिलेगी
■ देश में चार लाख हॉट स्पॉट, ट्राई ने सुझाव मांगे

# सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**गुवाहाटी।** असम में नई विधानसभा के लिए चुनाव संपन्न होने के बाद के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को बुधवार को अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा।

राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में शासन का दायित्व संभाले रहने को कहा है। मुख्यमंत्री श्री सरमा ने कहा कि मैंने असम के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा असम के राज्यपाल को सौंप दिया है और साथ ही उनसे मौजूदा विधानसभा को भंग करने का अनुरोध किया है। असम के राज्यपाल ने मेरा इस्तीफा और मौजूदा विधानसभा को भंग करने का सुझाव स्वीकार कर लिया है।

■ कार्यवाहक के रूप में करेंगे काम

CMYK

# कार ने वैल्डिंग मिस्त्री को रौंदा, मौत

## परिजनों में मचा कोहराम, चालक पर मुकदमा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया।** हाइवे पर कार ने वैल्डिंग मिस्त्री की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह बुरी तरह घायल हो गये। इलाज को मेरठ ले जाते रास्ते में ही मौत हो गयी। जिससे परिजनों में को. हराम मच गया।

जानकारी के अनुसार किसान जगदीश सिंह के तीन बेटों में बड़े मुकेश कुमार मुरादाबाद में वेल्डिंग का काम करते थे। गुरुवार देर शाम वह बाइक से मुरादाबाद से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह नेशनल हाईवे पर बुढ़नपुर फ्लाईओवर के पास पहुंचे, तभी आगे चल रही कार को चालक आकिल ने अचानक अपने गांव पतेई खालसा की ओर मोड़ दिया। अचानक मोड़ने के कारण बाइक कार से टकरा गई, जिसमें मुकेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल मुकेश को तुरंत चौधरपुर स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर परिजन उन्हें मेरठ के अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान गढ़मुक्तेश्वर के पास रास्ते में उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही मां कुसुम देवी, पत्नी पारुल देवी और बच्चों सहित परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मृतक के भाई काविंद्र की तहरीर पर पतेई खालसा निवासी कार चालक आकिल के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### गोली लगने से कोतवाल भी घायल, एसपी ने किया था 25 हजार का ईनाम घोषित

# गौकशी का आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गौकशी के 25 हजार का ईनामी पुलिस मुठभेड़ में पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार हो गया। उसके कब्जे से पुलिस ने तमंचा, खोखा, कारतूस व मोबा. इल बरामद हुआ है। आरोपी पर अमरोहा के अलावा मुरादाबाद के कई थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज है। जबकि मुठभेड़ में गोली लगने से कोतवाल जितेन्द्र बालियान भी घायल हो गये। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गयी। एएसपी व एसपी ने मौके पर पहुंचकर जानकारी हासिल की। आरोपी हारून के खिलाफ दरोगा की तहरीर पर जानलेवा हमला व आर्म्स एक्ट समेत अन्य गंभीर धाराओं में एक मुकदमा और दर्ज किया गया है।



जानकारी के मुताबिक बीती 20 अप्रैल की रात डिडौली क्षेत्र के गांव तवई के जंगल में कुछ लोग गोवंशीय पशु का वध करने की तैयारी कर रहे थे। सूचना पर पुलिस ने बताए गए ठिकाने पर छापा मार दिया था, वहां मौजूद तीन लोगों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी थी। इस दौरान एक सिपाही दिलशाद छर्रे लगने से घायल हुआ था। जबकि जवाबी कार्रवाई में गांव तवई निवासी बिलाल भी टांग में गोली लगने से घायल हुआ था। जबकि उसके पिता महजाद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। घेरेबंदी के दौरान उनका तीसरा साथी मौका पाकर फरार हो गया था। पुलिस ने पिता-पुत्र को जेल भेज दिया था। पूछताछ के दौरान दोनों ने फरार साथी का नाम हारून पुत्र फारूक निवासी गांव ढकिया थाना डिलारी जिला मुरादाबाद बताया था। वह उसी समय से फरार चल रहा था। एसपी लखन सिंह यादव ने मंगलवार सुबह हारून पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। इस क्रम में मंगलवार देर रात डिडौली कोतवाल जितेंद्र बालियान को सूचना मिली कि हारून गांव तवई में आरोपी महजाद के घर आया है और जंगल के रास्ते वहां से पायंती कलां की ओर जाने वाला है। लिहाजा, रात लगभग 10:30 बजे सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बालियान ने दरोगा मोहम्मद तारिक व विपिन कुमार, हेड कांस्टेबल रोहित, कांस्टेबल दीपक, राहुल ढाका, प्रशांत भाटी व विपिन के साथ जंगल के रास्ते पर घेराबंदी कर ली थी। इसके बाद सामने से आती दिखी एक बाइक को रोकने का इशारा करने पर युवक बाइक को मौके पर छोड़ फायरिंग करता हुआ जंगल की तरफ भागने लगा था। उसके द्वारा की गई फायरिंग में छर्रे लगने से कोतवाल जितेंद्र बालियान घायल हो गए थे। पुलिस की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में टांग में गोली लगने पर आरोपी गिर पड़ा था। पुलिस ने उसे दबोच लिया था। जिसकी पहचान हारून के रूप में हुई थी। पुलिस कर्मियों ने घायल कोतवाल व बदमाश को फौरन जोया सीएचसी में भर्ती कराया था। एसपी लखन सिंह यादव, एएसपी अखिलेश भदौरिया और सीओ अभिषेक यादव ने भी अस्पताल पहुंच कर घटनाक्रम जाना था। बुधवार को एसपी ने पुलिस कार्यालय सभागार में आरोपी हारून की गिरफ्तारी का खुलासा किया।

# दुष्कर्म, हत्या में वांछित तांत्रिक मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमरोहा।** हत्या, रेप एवं ठगी के मामले में फरार चल रहे तांत्रिक को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में तांत्रिक के पैर में गोली लगी जिससे घायल हो गया उसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी तांत्रिक भेष बदलकर करीब 11 वर्षों से पुलिस को चकमा दे रहा था। मुठभेड़ में एक सिपाही भी घायल हुआ है।



एसपी लखन सिंह यादव ने बताया कि यह कार्रवाई बुधवार तड़के की गई जब सैदनगली पुलिस सकतपुर नहर पुल के पास चेकिंग कर रही थी।

# ट्रेन से टकराकर सांड की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ट्रेन की चपेट में आने से एक सांड की मौत हो गई। हादसे के बाद यहां पर करीब बीस मिनट तक दिल्ली बिहार स्पेशल ट्रेन को रोकना पड़ा। रेल प्रशासन ने सांड के शव को ट्रैक से हटवाकर ट्रेन को आगे रवाना किया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात आठ बजे दिल्ली से बिहार के लिए स्पेशल ट्रेन आ रही थी। कांकाठेर रेलवे स्टेशन के पास अचानक रेलवे ट्रैक पर सांड आ गया। ट्रेन की टक्कर से सांड की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका और घटना की सूचना रेलवे कंट्रोल को दी। सूचना पर पहुंचे रेलवे कर्मचारियों ने सांड के शव को रेलवे ट्रैक को हटाया, जिसमें 20 मिनट लग गए और ट्रेन बीस मिनट तक खड़ी रही। यात्री भी उतर उतर गाड़ी रूकने के बारे में जानकारी करते रहे। स्टेशन अधीक्षक देवेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही रेलवे ट्रैक से सांड के शव को हटवाकर ट्रेन परिच. ालन शुरू कराया गया।

# पांच दिन बाद नहर से मिला मासूम का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** क्षेत्र में पिछले पांच दिनों से चल रही एक मासूम की तलाश बुधवार को खत्म हो गई। रामगंगा पोषक नहर में कूदे 12 वर्षीय बालक का शव एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर बरामद कर लिया।

बुधवार सुबह से ही टीमों ने नहर के आसपास सघन सर्च ऑपरेशन शुरू किया। कई स्थानों पर तलाश के बाद आखिरकार घटनास्थल से करीब दो किलोमीटर दूर ग्राम रछौती खंडसाल के पास गहरे पानी में बालक का शव दिखाई दिया। टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला। मौके पर उप जिलाधिकारी शैलेश कुमार दुबे मौजूद रहे और पूरे अभियान की निगरानी करते रहे। प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि लगातार प्रयास के बाद सफलता मिली है। बताया जाता है कि बीते शुक्रवार को बालक नहर में कूद गया था, जिसके बाद से ही पुलिस और राहत टीमें उसकी तलाश में जुटी थीं। नहर में तेज बहाव और अधिक गहराई के चलते सर्च ऑपरेशन में काफी दिक्कतें आईं। इस बीच सोमवार को ग्रामीणों का गुस्सा भी फूट पड़ा था। लोगों ने हाईवे जाम कर नहर बंद कराने की मांग की थी।

## मोदी सरकार पर जनता का बढ़ रहा भरोसा



**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के कार्यों से जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए पांडेय का जनपद में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया। इस दौरान वह भाजपा नेता विजय पांडेय के आवास पर भी रुके और कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए एकजुट होकर जुटने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की मेहनत और सरकार की नीतियों के कारण जनता का समर्थन मिल रहा है और देश तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष उदय गिरी गोस्वामी, धनौरा विधायक राजीव तरारा, विजय पाण्डेय, मनन कौशल, चंद्रपाल खड्गवंशी, हिमांशु त्यागी, सतबीर सिंह, जसवंत सिंह, प्रदीप चौधरी, पारुल अग्रवाल, विकास बाबू, शुभम चौधरी आदि मौजूद रहे।



### तलाश गुमशुदा



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक युवती सानिया पुत्री श्रीमति कौशर पत्नी इसरार निवासी मौ0बसंत विहार गली नं0-02 कस्बा व थाना गजरौला जनपद अमरोहा उम्र लगभग 18 वर्ष दिनांक-18 मार्च 2026 को शाम को अपने घर से बिना बताए कहीं चली गई है। गजरौला थाने में इस बाबत गुमशुदगी का मुकदमा भी दर्ज है। **जिसका हुलिया** -आंख नाक कान औसत, रंग गेहुआ, कद लगभग 05 फिट 03 इंच, इकहरा बदन, बाल सुनहरी, कपड़े-पिंक कलर की कुर्ती, सफेद रंग की पैंट पहने है। किसी भी व्यक्ति को इसके बारे जानकारी मिले तो निम्न नंबरो पर सूचित करें।

मो0नं0-9454403674, 9412496992
थाना गजरौला जनपद अमरोहा





# उच्च शक्ति तार से टच हुआ लोहे का पाइप, करंट से युवक की मौत

## टेंट हाउस की छत से पाइप उतार रहा था युवक, घटना से परिजनों में मची चीख पुकार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** घर परिवार के लालन पालन में सहयोग करने के लिए टेंट हाउस की दुकान पर

**■ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

काम करने वाला 19 वर्षीय युवक की लोहे का पाइप उतारते समय तार से छू जाने के कारण करंट लगने से जान चली गई। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार मौहल्ला सुल्ताननगर निवासी 19 वर्षीय युवक अभि काम करता था। बुधवार की दोपहर में वह रोजाना की तरह टेंट हाउस पर काम करने



गया था। वह दुकान की छत पर रखे पाइप उतार रहा था, इसी बीच पाइप ऊपर से गुजर रही उच्च शक्ति के तारों से छू गया। उस समय बिजली भी आ रही थी, और करंट लगने से युवक की हालत गंभीर हो गई। वह छत पर ही गिर गया। अचानक फाल्ट जैसी आवाज सुनकर लोगों को घटना का पता चला तो तुरंत युवक को उतारकर नगर के एक निजी अस्पताल लेकर गए मगर वहां पर डॉक्टर ने हालत गंभीर देखकर बड़े अस्पताल ले जाने की बात कही। जिसके बाद परिजन युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले गए, जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में चीख पुकार मच गई। वहीं जवान युवक की मौत होने से पड़ोसी और गांव के लोग भी शोक.ाकुल हो उठे। वहीं पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# कीट नियंत्रण के लिए किसानों को किया जागरुक

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** कृषि विभाग द्वारा संचालित नमामि गंगे योजना के अंतर्गत आयोजित गौष्ठी में जीबी पंत कृषि विश्वविद्यालय पंतनगर से सेवा. निवृत प्रोफेसर डॉ.सीपी सिंह ने कृषि

**■ ब्लॉक क्षेत्र के गांव कांकाठेर में गौष्ठी आयोजित**

भूमि को रसायन से मुक्त रखते हुए कीट रोग नियंत्रण के लिए प्रयोग की जनि वाली विधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

बुधवार को ब्लॉक क्षेत्र के गाँव कांकाठेर में आयोजित गौष्ठी में डॉ. सीपी सिंह ने बताया कि कृषि भूमि को रसायन मुक्त रखते हुए कीट रोग नियंत्रण के लिए किसान सोलर लाइट ट्रैप, फीरोमोन ट्रैप, यलो स्टिकी ट्रैप, ट्राइकोग्रामा कार्ड, ब्यूवेरिया बेसियाना आदि का प्रयोग करें।



सहायक विकास अधिकारी (कृषि रक्षा) डॉ.पायल सक्सेना ने किसानों को खेती में होने वाले रोगों जैसे गन्ने में लाल सड़न, पोक्का, बोईंग से बचने के लिए जैविक फफूंदीनाशक ट्राइकोडमी हरजियेनम का प्रयोग करके भूमि शोधन एवं बीज शोधन करने के सम्बन्ध में जानकारी दी। चमन सिंह ने बीजामृत और जीवामृत के उपयोग और कैलाश कुमार ने ब्रह्मशास्त्र और नीमास्त्र प्राकृतिक कीटनाशकों के विषय में जानकारी दी। राजेंद्र सिंह ने आसपास मोजूद पेड़ों की पत्तियों से दशपर्णी अर्क बनाकर फसलों को कीटों से बचाने के उपाय बताये। इस मौके पर अने.कों किसान मौजूद रहे।

# ईओ ने लिया जीर्णोद्धार कार्य का जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** नगर निकाय के

**■ ठेकेदार को दिए गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराने के निर्देश**

अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य ने मोहल्ला अंबेडकर नगर स्थित प्राचीन चामुंडा मंदिर में चल रहे जीर्णोद्धार कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और मौके पर मौजूद निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की जांच की।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी ललित



कुमार आर्य ने संबंधित ठेकेदार को मौके पर ही कड़े निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अजित सिंह ने मजदूरों व गरीबों के हितों के लिए लड़ी लड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता,**
**गजरौला।** राष्ट्रीय लोक दल की जिला कार्यकारिणी द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर हवन एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

बुधवार को नगर के टीचर्स काला.ेनी स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित हवन के बाद सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सचिन चौधरी ने कहा कि चौधरी अजित सिंह का पूरा जीवन किसानों, मजदूरों, गरीबों एवं समाज के हर वर्ग के अधिकारों की लड़ाई लड़ने में समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा किसान हितों और सामाजिक न्याय

**■ पूर्व केन्द्रीय मंत्री की पुण्यतिथि मनाई**

की राजनीति को मजबूती देने का कार्य किया। कहा कि चौधरी साहब के विचार, संघर्ष और सिद्धांत आज हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा हैं। उनका जीवन सादगी, संघर्ष और किसान हितों के प्रति समर्पण का प्रतीक था। इस दौरान कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष रामवीर सिंह, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री मनवीर सिंह चिकारा,, मंडलाध्यक्ष सरजीत सिंह, डॉ0 सत्यवीर चौहान, किसान प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौ0योगेंद्र सिंह, प्रदेश महासचिव



अटल कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष मुजा.हिद चौधरी, व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा, अमित चौधरी, पुष्पराज चौधरी, सुलेख चंद चौहान,नमित चौधरी, सुमित सिवाच, सुरेंद्र गंधर्व, सुरेंद्र सिंह इस्टेट, विपिन चौधरी, देवेंद्र देवल,गुफरान,सलमान मलिक आदि मौजूद रहे। उधर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्षा इंद्रवती ने अपने टीचर्स कालोनी स्थित आवास पर चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि मनाई और उनके कार्यकाल पर रौशनी डाली। बसपा नेता चौ0 बलवीर सिंह ने कहा कि चौ0 साहब ने हमेशा किसानों और गरीब, मजदूर के हित में अपनी आवाज बुलंद की। उन्होंने हमेशा उसूलों की राजनीति की। इस मौके पर जिंप सदस्य मीनाक्षी चौधरी, निरंजन चौधरी, रविंद्र सिंह, समीक्षा, विपिन कुमार, बदन सिंह आदि मौजूद रहे।

## लकड़ा चौराहे पर ई रिक्शा चालक को पीटते हुए युवती ने बनाई थी वीडियो

# फॉलोअर्स बढ़ाने को वीडियो बनाना पड़ा महंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**अमरोहा।** सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के लिए बनाया गया बीच सड़क मारपीट का वीडियो युवती के लिए मुसीबत बन गया। वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने जांच करते हुए आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से अवैध तमंचा भी बरामद हुआ है, जिसके बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है।

जानकारी के मुताबिक बीते सोमवार को सोशल मीडिया पर दो मिनट एक सेकेंड का एक वीडियो वायरल हुआ था जो शहर के लकड़ा चौराहा का बताया गया था। वीडियो को इंस्ट्रामाम के लिए शूट किया गया था जिसके बैकग्राउंड पर पंजाबी गाना अटैच था। वीडियो में दिख रही युवती बीच सड़क एक युवक की

**■ पुलिस ने आरोपी युवती को तमंचे के साथ गिरफ्तार कर भेजा जेल**

बेदर्दी से पिटाई कर रही थी, जो पेशे से ई-रिक्शा चालक था, किसी बात को लेकर उसकी युवती से कहासुनी हो गई थी। पहली नजर में ही वीडियो देखने से ये लग रहा था कि खुद को दबंग साबित करने के लिए युवती ने इस वीडियो को जानबूझकर शूट कराया है। इस वीडियो के साथ युवती से जुड़े कुछ अन्य वीडियो भी वायरल हुए थे। जिसमें युवती सिगरेट पीते और खुलेआम बाइक की सीट पर जाम बनाते हुए दिख रही थी। इसके अलावा कुछ फोटो भी वायरल हुए थे, जिसमें युवती ने अपने हाथ में तमंचा ले रखा था। पुलिस तभी से वीडियो की जांच में जुटी थी। बुधवार को पुलिस टीम ने युवती को गिरफ्तार कर लिया, जिसकी पहचान शिफा पुत्री शहजाद निवासी मोहल्ला बाजार रज्जाक के रूप में हुई। सीओ सदर अभिषेक यादव ने बताया कि गिरफ्तार युवती शिफा की निशानदेही पर नौगावां सादात रोड स्थित एक मार्केट के पार्क में छिपाकर रखा गया तमंचा भी बरामद कर लिया गया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी शिफा का चालान कर दिया गया है।

# ब्लैक स्पोर्ट को चिन्हित कर तत्काल बंद करायें

## यातायात नियमों के उल्लंघन करने वालों पर करें कड़ी कार्रवाई: एसपी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** सड़क सुरक्षा और दुर्घटना नियंत्रण को लेकर पुलिस कार्यालय में बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसका उद्देश्य जिले को जीरो फेटालिटी डिस्ट्रिक्ट के रूप में विकसित करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का मूल्यांकन करना रहा। बैठक में विभिन्न विभागीय उत्तरदायित्वों, समस्त थानों के कार्यों और क्रिटिकल कॉरिडोर टीम (सीसीटी) की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिले को सड़क दुर्घटना-मुक्त बनाने के लिए चल रहे प्रयासों पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान जिला में हुई सभी सड़क दुर्घटनाओं की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें दुर्घटनाओं के कारण, समय, स्थान, मृतकों और घायलों की स्थिति के साथ-साथ मौके पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का पूरा विवरण शामिल था। एसपी लखन सिंह यादव ने जिले में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स, क्रिटिकल कॉरिडोर और संवेदनशील मार्गों की स्थिति पर गहन चर्चा की। दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों को लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। सभी प्रभारियों और सीसी टीम के प्रभारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से महत्वपूर्ण मार्गों पर दृश्यमान पुलिसिंग, निरंतर गश्त और प्वाइंट ड्यूटी का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने की बात कही। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रत्येक थाना क्षेत्र में स्थित ब्लैक स्पॉट्स पर चेता.वनी संकेतक, रिफ्लेक्टर, प्रकाश व्यवस्था और गति-नियंत्रण उपायों को शीघ्रता से पूरा करने का आदेश दिया गया, ताकि दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोका जा सके। बैठक में स्कूल-कॉलेजों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों, चालक समुदाय और परिवहन कंपनियों के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाने पर बल दिया गया। सोशल मीडिया और सामुदायिक संवाद कार्यक्रमों के जरिए यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरणादायक संद.ेशों का प्रसार बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए। दुर्घटना होने की स्थिति में श्गोल्डन आवरश के सिद्धांत को प्राथमिकता देते हुए पुलिस, डायल-११२ और एंबुलेंस प्रणाली के बीच समन्वय को सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया, ताकि गंभीर रूप से घायलों को समय पर चिकित्सीय सहायता मिल सके। इस दौरान संबंधित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# बुलेट न मिलने पर पत्नी को दिया तीन तलाक

## पति समेत पांच पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**सैदनगली।** दहेज में बुलेट की मांग पूरी न होने विवाहिता को मारीट कर घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं पति ने फोन कर पत्नी को तीन तलाक दे दिया। पीडित्रा की तहरीर पर पुलिसने पति समेत पांच ससुरा.लियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

पीड़िता फरजीन जहरा के अनुसार उसका निकाह 17 दिसंबर 2023 को मुरादाबाद के थाना मैनाठेर क्षेत्र निवासी मोहम्मद शाकिर से हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद ससुराल पक्ष ने सैलून खोलने के नाम पर पांच लाख रुपये लिए और इसके बाद बुलेट मोटरसाइकिल की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी न होने पर 14 फरवरी 2026 को उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इसके बाद 15 मार्च को पति ने फोन पर तीन तलाक बोलकर रिश्ता खत्म कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी विकास शेरावत ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खेत की मेढ़ काटने को लेकर दो पक्षों में संघर्ष

## पुलिस की मौजदूगी में हुआ पथराव, 34 नामजद समेत 40-50 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**नौगांवा सादात।** खेत की मेढ़ काटने को लेकर गांव सैदपुर में बुधवार दोपहर दो पक्षों के बीच शुरू हुआ मामूली विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर जमकर ईंट-पत्थर बरसाने लगे, जिससे पूरे गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए, जबकि पुलिस की मौजूदगी में भी पथराव थमने का नाम नहीं ले रहा था। हालात बिगड़ते देख पुलिस को अतिरिक्त बल और पीआरवी बुलानी पड़ी, जिसके बाद आरोपी खेतों के रास्ते फरार हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।मामले में पुलिस ने 34 नामजद और 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार

**■ गांव में बवाल: पत्थरबाजी से दहशत, लोग घरों में दुबके**

की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुता.बिक बुधवार दोपहर करीब एक बजे वह हमराह सिपाही हेमंत कुमार के साथ मूंढा चौकी क्षेत्र में गश्त पर थे। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि पास स्थित गांव सैदपुर में दो पक्षों के बीच आपस में झगड़ा हो रहा है। दोनों पुलिसकर्मियों ने तुरंत गांव जाकर देखा तो खेत की मेढ़ काटने को लेकर विवाद में गांव के ही रहने वाले अल्ताफ व शकील पक्ष के लोग आमने-सामने डटे हुए थे। एक-दूसरे पर पथराव किया जा रहा था, जिससे मौके पर अफरातफरी के हालात बने हुए थे। ईंट-पत्थरों से बचकर लोग इधर-उधर भाग रहे थे। पुलिसकर्मियों ने दोनों पक्षों को रोकने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी और पुलिस की मौजूदगी में एक-दूसरे पर पत्थर बरसाते रहे। हालात बिगड़ते हुए देख पुलिस कर्मियों ने पीआरवी को बुलाने के बाद थाने में सूचना दे दी। थाने से पहुंचे पुलिस बल को देख पथराव कर रहे आरोपी खेतों से गुजरते हुए भाग गए। सीओ अवधभान भदौरिया ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों से 34 लोगों को नामजद करते हुए 40-50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# भाजपा ने चलाया बूथ सत्यापन अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया।** जोया। भारतीय जनता पार्टी के अमरोहा विधानसभा अंतर्गत डिडौली मंडल में बूथ सत्यापन अभियान चलाया गया। इस दौरान चार शक्ति केंद्रों के बूथों का निरीक्षण कर संगठन की स्थिति का आकलन किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष कंचन सिंह, मंडल प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष सुधीर चौहान, मंडल प्रवासी प्रमोद अग्रवाल और मंडल महामंत्री राम प्रकाश वर्मा ने प्रत्येक बूथ पर पहुंचकर सत्यापन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने बूथ स्तर पर संगठन को और मजबूत बनाने, कार्यकर्ताओं से संवाद बढ़ाने और आगामी चुनावों को देखते हुए सक्रियता बनाए रखने के निर्देश दिए।

# भक्तों ने धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

## श्री झारखंड महादेव मन्दिर में हुआ कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**हसनपुर।** नगर स्थित सुप्रसिद्ध श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन, भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर पूरा मंदिर परिसर श्नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल कीश के जयकारों से गूंज उठा।

मधुर वाणी से किया भाव-विभोर वृंदावन से पधारी प्रख्यात कथा व्यास पूनम जी ने अपनी मधुर वाणी से भगवान श्री कृष्ण के पावन चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि अटूट विश्वास से ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने समुद्र मंथन, राजा बलि के अहंकार को चूर करने वाले भगवान के वामन अवतार और सूर्यवंश के



गौरवशाली इतिहास पर भी प्रकाश डाला। झांकियों ने मोहा मन कथा के दौरान प्रस्तुत की गई मनमोहक झांकियों ने भक्तों का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने भगवान के बाल स्वरूप का स्वागत नृत्य और पुष्प वर्षा के साथ किया। इस आध्यात्मिक आयोजन में संदीप अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, विजय अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में हो रही इस अमृत वर्षा से क्षेत्र का माहौल पूरी तरह धार्मिक और सकारात्मक बना हुआ है।

# अब खुद दर्ज कर सकेंगे अपने परिवार का डाटा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**अमरोहा।** जिलाधिकारी डॉ. नितिन गौड़ ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे घर बैठे ऑनलाइन माध्यम से अपनी और अपने परिवार की स्व-गणना अवश्य करें, ताकि सटीक और पारदर्शी आंकड़ों का संकलन हो सके।

कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे स्वयं

**■ आज से शुरू होगी स्व-गणना प्रक्रिया,**

स्व-गणना करें और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ-साथ आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि स्व-गणना के लिए नागरिक se-census-gov-in पोर्टल पर जाकर या क्यूआर कोड स्कैन कर आसानी से पंजीकरण कर सकते हैं। एक ही मोबाइल नंबर से पूरे परिवार का रजिस्ट्रेशन होगा, जिसमें ओटीपी के जरिए सत्यापन के बाद अपनी पसंद की भाषा चुनकर लोक.ेशन सिलेक्ट करनी होगी और सरल प्रश्नावली भरनी होगी। प्रक्रिया पूरी होने पर एक एसई आईडी प्राप्त होगी, जिसका बाद में प्रगणक द्वारा सत्यापन किया जाएगा। पोर्टल प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 12 बजे तक उपलब्ध रहेगा। जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह ने बताया कि जिले को 3680 ब्लॉकों में विभाजित किया गया है, जिनमें 4525 कर्मचारी तैनात किए गए हैं। जिला प्रभारी व्यास नंदन द्वारा सभी अधिकारियों को पोर्टल संचालन और स्व-गणना की



प्रक्रिया का प्रशिक्षण भी दिया गया। बैठक में एडीएम एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती गरिमा सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी मौजूद रहे।

# कान्हा गौशाला को लेकर हिंदू महासभा हुई उग्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**बीसलपुर।** बिलसंडा नगर पंचायत क्षेत्र में निर्माणाधीन कान्हा गौशाला का मुद्दा अब तेजी पकड़ता जा रहा है। गांव के लोगों ने संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात कर गौशाला से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से बताया और गौवंश की दयनीय स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारियों ने एडीएम न्यायिक से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी और गौशाला को शीघ्र संचालित कराने के लिए 15 दिन का अल्टीमेटम सौंपा। संगठन ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में गौवंश खुले में भटक रहे है, जिससे उनकी सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है, वहीं आवारा पशु किसानों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। ऐसे में गौशाला का संचालन अत्यंत आवश्यक है ताकि गौवंश को सुरक्षित आश्रय मिल सके और ग्रामीणों को आर्थिक क्षति से बचाया जा सके।

ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2020 में माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर कान्हा गौशाला का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ था और निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। वर्ष 2023 तक लगभग 90 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका था, लेकिन शेष कार्य लंबित होने के कारण गौशाला अब तक शुरू नहीं हो सकी है। हिंदू महासभा ने यह भी आरोप लगाया कि जिन अधिकारियों ने स्वयं स्थान चिन्हित कर गौशाला का निर्माण कराया था, वही अब इसके संचालन में बाधा बने हुए हैं। करोड़ों रुपये की लागत से तैयार इस परियोजना का उपयोग न होना सरकारी संसाधनों की अनदेखी और जनहित के साथ गंभीर लाप. रवाही को दर्शाता है। संगठन ने यह भी याद दिलाया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के सख्त निर्देश हैं कि कोई भी गौवंश सड़क पर नजर नहीं आना चाहिए। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों और शहरी क्षेत्रों में गौशालाओं के निर्माण के लिए निर्धारित बजट भी जारी किया गया था। अंत में हिंदू महासभा ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर कान्हा गौशाला को संचा. लित नहीं किया गया, तो संगठन ग्रामीणों के साथ जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शनको बाध्य होंगे।

# करंट लगने से महिला की मौत

■ जिंदा करने की आस में शव को एक घंटे तक बालू में दबाए रखा



शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** बीसलपुर तहसील क्षेत्र ग्राम खजुरिया नवीराम से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहाँ खेत की बाड़ में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से एक 45 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद वैज्ञानिक सोच की जगह अंधविश्वास ने ले ली, जहाँ परिजनों ने महिला को पुनर्जीवित करने के लिए उसके शव को करीब एक घंटे तक बालू (रेत) में दबा कर रखा।

जानकारी के अनुसार, नवीराम गांव के रहने वाले बेचेलाल की पत्नी अनीता देवी (45) मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे पड़ोस की अन्य महिलाओं के साथ शौच के लिए खेत की ओर गई थीं। रास्ते में गांव के पूर्व प्रधान शिव प्रसाद का मक्के का खेत था। पूर्व प्रधान ने अपनी फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए खेत के चारों ओर कटीले तारों की बाड़बंदी कर उसमें अवैध रूप से बिजली का करंट छोड़ रखा था।

अनीता देवी जैसे ही खेत के पास पहुंचीं, वह करंट वाले तारों की चपेट में आ गईं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। साथ गई महिलाओं ने शोर मचाया और परि. जनों को सूचना दी। परिजन आनन-फानन में अनीता को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ब्भ्ब्) बिलसंडा पहुंचे, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें श्मृतश घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि होते ही परिजनों में को. हराम मच गया, लेकिन इसके बाद जो हुआ उसने सबको हैरान कर दिया। परिजनों ने डॉक्टरों की बात मानने से इनकार कर दिया और दावा किया कि महिला को बालू में दबाने से करंट का असर खत्म हो जाएगा और वह जिंदा हो जाएगी।

पुलिस और अस्पताल कर्मियों के समझाने के बावजूद, परिजनों ने अस्पताल परिसर में ही महिला के शरीर (सिर और हाथ छोड़कर) को बालू में दबा दिया। करीब एक घंटे तक परिजन महिला के हाथ-पैर और सिर पर बालू रगड़ते रहे। जब काफी समय बीतने के बाद भी शरीर में कोई हलचल नहीं हुई, तब जाकर परिजनों ने हार मानी और शव को पुलिस के हवाले किया। बलरामपुर अस्पताल, लखनऊ के ईएमओ डॉ. सर्वेश सिंह का कहना है कि: ष्करंट लगने पर पीड़ित को लकड़ी से मारना-पीटना या मिट्टी/बालू में दबाना पूरी तरह से एक मिथक (अंधविश्वास) है। इससे पीड़ित को अस्पताल ले जाने में और देरी होती है, जिससे बचने की गुंजाइश भी खत्म हो जाती है। कई मामलों में करंट के झटके के बाद ऐसे व्यवहार से पीड़ित गहरे सदमे में चला जाता है।ष बिलसंडा थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

खेत के मालिक और पूर्व प्रधान शिव प्रसाद ने कथित तौर पर स्वीकार किया है कि उन्होंने श्डीसीश (कम पावर) करंट लगाया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद परिजनों की तहरीर के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अनीता देवी अपने पीछे पति और तीन छोटे बच्चेख्रशिवम (9), भारत (8) और स्वानी (4)छोड़ गई हैं। पूरे गांव में इस घटना के बाद मातम छाया हुआ है।

## एक नजर

### बूंदी भूड़ गांव में पट्टे की भूमि पर प्रस्तावित शराब भट्टी का विरोध

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** ग्राम बूंदी भूड़, तहसील कलीनगर, जनपद पीलीभीत के ग्रामवासियों द्वारा आज कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरप्रीत पाल सिंह चब्बा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से भेंट कर ग्राम में पट्टे की भूमि पर प्रस्तावित शराब भट्टी के विरोध में ज्ञापन सौंपा।प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि उक्त भूमि मूलत: खेती के लिए पट्टे पर आवंटित की गई थी, जिसे अनुचित रूप से व्यावसायिक उपयोग हेतु दिया जा रहा है। ग्रामवासियों ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि गांव में शराब भट्टी खुलने से सामाजिक वातावरण तथा बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।उन्होंने मांग की कि उक्त पट्टे को तत्काल निरस्त कर भूमि किसी पात्र भूमिहीन परिवार को आवंटित की जाए तथा शराब भट्टी को अन्यत्र स्थानांतरित किया जाए। जिलाधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने एवं उचित समाधान का आश्वासन दिया।

### पूरनपुर में गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार का हुआ भव्य स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता



**पूरनपुर।** बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक एवं शानदार विजय के उपरांत चुनाव प्रचार-प्रसार में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के अपने गृह जनपद पीलीभीत आगमन पर पूरनपुर में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। नगर पालिका परिषद पूरनपुर के चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता द्वारा आयोजित स्वागत कार्यक्रम में मंत्री जी का फूल-मालाओं के साथ जोरदार अभिनंदन किया गया। इस दौरान क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह, अनिरुद्ध गुप्ता, प्रज्ज्वल सिंह सहित कई व्यक्ति एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### दहेज दबाव से टूटी बेटी ने फांसी लगाकर दी जान

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** दहेज की मांग से टूटी शादी से आहत युवती ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। मामले में पिता की ओर से चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम जादोपुर गहलुईया में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से सनसनी फैल गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि शादी तय होने के बाद दूल्हा पक्ष द्वारा दहेज की मांग और धोखाधड़ी से परेशान होकर युवती ने आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीण के अनुसार उसकी पुत्री चाँद बी की शादी करीब आठ माह पूर्व गांव के ही कासिम बेग पुत्र इदरीस बेग के साथ तय हुई थी। गांव का होने के कारण आरोपी का घर में आना-जाना था। इसी दौरान आरोप है कि कासिम बेग ने बहाने से युवती से करीब दो तोले सोने के जेवर लेकर उन्हें बेच दिया। परिजनों का कहना है कि शादी को लेकर लगातार टालमटोल की जा रही थी और कुछ दिन पहले कासिम बेग व उसके परिवार-निजाम बेग, मासूम बेग व उनकी मां दाता-ने शादी से साफ इनकार कर दिया। इसके साथ ही दहेज में अधिक रकम की मांग करने लगे।

### बंगाल जीतकर लौटे राज्यमंत्री गंगवार का पीलीभीत में भव्य स्वागत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पीलीभीत।** पश्चिम बंगाल और बिहार चुनाव में भाजपा की जीत के सहभागी बने पीलीभीत शहर विधायक यूपी के राज्यमंत्री संजय सिंह गंग. वार का बंगाल चुनाव में भाजपा को मिली प्रचंड जीत के बाद प्रथम बार जनपद आगमन पर भव्य स्वागत किया गया, उन्होंने भव्य रोड शो निकालकर विरोधियों को अपनी ताकत का एहसास कराया।



भाजपा संगठन की ओर से पूर्व में हुए बिहार-बंगाल चुनाव में राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार को कई विधानसभाओं का जिम्मा दिया गया था, सभी विधानसभाओं में राज्यमंत्री के नेतृत्व में प्रत्याशियों ने बंपर जीत हासिल की। जनपद की सीमा से पीलीभीत शहर तक राज्य मंत्री ने सैकड़ो गाड़ियों के काफिले के साथ भव्य रोड शो निकला, जहां हजारों कार्यकर्ताओं, व्यापारियों एवं शहर की जनता ने उनका जमकर स्वागत किया। शहर में व्यापारी नेता शैली अग्रवाल के नेतृत्व में अतुल महातिया, अलाउद्दीन अंसारी, वरदान शोरूम, मॉडर्न क्रोकरी आशीष अग्रवाल ने बंगाल जीतकर लौटे राज्यमंत्री संजय गंगवार का भव्य स्वागत किया।

रोड शो में दिखी मिशन 2027 की झलक

### चप्पा चप्पा भाजपा, गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा छाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**इस्लामनगर।** भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार पश्चिम बंगाल में सत्ता रूढ़ होने जा रही है। समस्त भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा की भारी जीत पर बंगाल की जनता को हार्दिक बधाई एवं आभार व्यक्त किया है। वहीं पूर्व मंडल अध्यक्ष संजीव पहलवान ने कहा कि गंगोत्री से गंगासागर तक भाजपा की सरकारें व्याप्त हैं। जो सुशासन एवं स्वच्छ प्रशासन के प्रति संकल्पित है। मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा ने मिठाई बांटते हुए कहा कि चप्पा चप्पा भाजपा, जन जन की है भाजपा। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बंगाल भाजपा जीत पर ढोल धमाके बजाए एवं पटाखे छोड़कर एवं मिठाई बताकर खुशी प्रकट की और देश की जनता को ढेर सारी शुभकामनाएं दी इस कार्यक्रम में शरद बजाज, गौरव गुप्ता, राजीव पेप्सी, विनोद लाला, मुकेश गुप्ता, धर्मेंद्र राठी, चंदन वैश्य, अंकुश गुप्ता, अंकित गुप्ता, सिद्धार्थ सक्सेना, अतुल गुप्ता, दानवीर मौसमपुर, महावीर औइया सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे

### श्रम विभाग में योजनाओं के प्रचार प्रसार हेतु हेल्प डेस्क स्थापित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** सहायक श्रमायुक्त बदायूं द्वारा श्रम विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी प्रचार-प्रसार एवं आमजन को सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यालय स्तर पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाने के संबंध में आदेश जारी किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार, उप श्रमायुक्त बरेली क्षेत्र बरेली के पत्र के क्रम में श्रम कल्याण आयुक्त, उत्तर प्रदेश के निर्देशों के अनुपालन में यह व्यवस्था लागू की गई है। इसके अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक सरलता से पहुंचाने एवं उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए हेल्प डेस्क का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा। हेल्प डेस्क के सुचारू संचालन हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। प्रथम पाली में प्रात: 10 बजे से अपराह्न 02 बजे तक मुकेश कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर मोबाइल नंबर 6396306442 को तैनात किया गया है। द्वितीय पाली में अपराह्न 02 बजे से सायं 05 बजे तक रमेश यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर मोबाइल नंबर 9760372422 अपनी सेवाएं देंगे। दोनों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है कि वे ड्यूटी के दौरान प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का निस्तारण करते हुए समय-समय पर उच्चाधिकारियों को अवगत कराते रहें।

# अधिवक्ता संघ कलीनगर चुनाव में पूर्णेन्द्र शर्मा बने अध्यक्ष, मनाया जश्न

■ निर्विरोध पदों के साथ बाकी सीटों पर हुआ कड़ा संघर्ष



शाह टाइम्स संवाददाता

**कलीनगर/पीलीभीत।** मंगलवार को कलीनगर अधिवक्ता संघ के चुनाव में जबरदस्त मुक. ाबला देखने को मिला। अध्यक्ष पद पर अनिल पांडेय एडवोकेट और पूर्णेन्द्र शर्मा एडवोकेट के बीच कड़ी टक्कर रही, वहीं कोषाध्यक्ष पद के लिए भी सुनील कुमार राठौर एडवोकेट और जयपाल सिंह यादव एडवोकेट आमने- सामने रहे। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 5 मई को प्रात: 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदान के बाद शुरू हुई मतगणना में परिणाम बेहद रोमांचक रहे। अध्यक्ष पद पर पूर्णेन्द्र शर्मा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अनिल पांडेय को महज 2 मतों से पराजित कर जीत हासिल की। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर जयपाल सिंह यादव ने सुनील कुमार राठौर को 3 मतों से हराकर जीत दर्ज की। इस दौरान एक मत खारिज भी किया गया। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर जयदेव पासवान, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सत्यपाल राजपूत एडवोकेट तथा महामंत्री पद पर महेंद्र पाल वर्मा एडवोकेट निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। जीत की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। ढोल-नगाड़ों की धुन पर जश्न मनाया गया और मिठाइयां बांटकर खुशी साझा की गई। विजयी प्रत्याशियों को फूल- मालाओं से लाद दिया गया।चुनाव अधिकारी अनुज पांडेय एवं सह चुनाव प्रभारी हरिशंकर वर्मा के नेतृत्व में चुनाव निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराया गया। चुनाव के दौरान विष्णुकांत यादव, कलीम मंसूरी, रामनरेश, अशर्फी लाल वर्मा, वसीम खान, दोदराज कुशवाहा, वीरेंद्र कुमार, प्रशांत सिंह, महबूब जमा खान, हरीश बाबू यादव, धर्मपाल लोधी, प्रेमपाल वर्मा, प्रिंस कुमार, मनोज कुमार, मनोज मिश्रा समेत बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त जितेंद्र मिश्रा, राजेश पांडेय उर्फ बब्लू एडवोकेट, चिरौजी लाल शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग भी चुनाव प्रक्रिया के दौरान उपस्थित रहे।

# केंद्रीय बजट 2026 पर रखे प्रभावशाली विचार

■ राज्य स्तरीय युवा संसद में पीलीभीत के प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर



शाह टाइम्स संवाददाता

**पीलीभीत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अन्तर्गत मेरा युवा भारत, उत्तर प्रदेश द्वारा 1 मई से 3 मई 2026 तक उत्तर प्रदेश विधानसभा, लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय युवा संसद कार्यक्रम में जनपद पीलीभीत के प्रतिभागियों ने केन्द्रीय बजट 2026 विषय पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर अपनी वक्तृत्व कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जनपद से चयनित पांच विजेता प्रतिभागियों-निमिष पाल, चाहत ऋषिवर, नैंसी पाण्डेय, खुशी शुक्ला एवं दीपक वर्मा ने केन्द्रीय बजट 2026 से जुडे़ विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार तार्किक एवं प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने अपने भाषणों में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने, किसानों की आय में वृद्धि, डिजिटल विकास, महिला सशक्तिकरण तथा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। प्रतिभागियों ने अपने सम्बोधन में यह भी कहा कि केंद्रीय बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के विकास की दिशा तय करने वाला माध्यम है। युवाओं ने बजट में युवाओं, विद्यार्थियों एवं ग्रामीण भारत के हितों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर जोर दिया। भाषणों के दौरान प्रतिभागियों ने तथ्यों, आंकड़ों एवं प्रभावशाली अभिव्यक्ति शैली का प्रयोग करते हुये अपने विचार प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित श्रोतागण प्रभावित हुए। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्षत सतीश महाना एवं उत्तर प्रदेश सरकार के युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने प्रतिभागियों के विच. ारों एवं वक्तृत्व कौशल की सराहना की। राज्य स्तरीय युवा संसद में पीलीभीत के प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत भाषणों ने न केवल जनपद का गौरव बढ़ाया, बल्कि युवाओं की जागरूकता, तार्किक सोच एवं लोकतंत्रिक विषयों पर उनकी समझ को भी प्रभावशाली रूप से प्रदर्शित किया।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन के कार्यों का निरीक्षण



शाह टाइम्स ब्यूरो

**बदायूं।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ तहसील दातागंज के सैजनी में निर्माणाधीन महिला पीएसी बटालियन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अभियंताओं व अधिकारियों के साथ बैठक कर गुणवत्ता के साथ कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिए।

निरीक्षण के दौरान पाया कि महिला पीएसी बटालियन के अनावासीय भवनो का निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा आवासीय भवनों का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को दिए।

मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला ने बताया कि अनावासीय भवनों के निर्माण कार्यों की कुल लागत 112.31 करोड रुपए है तथा आवासीय भवनों की कुल लागत 300.47 करोड रुपए हैं। आवासीय भवनों का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जुलाई 2026 तक कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश पूर्व में कार्यदायी संस्था को दिए जा चुके हैं।

इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी व कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# शुभप्रीत कौर ने अवैध संबंध और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर पति के साथ मिलकर की थी गुरबाज सिंह की हत्या



पीलीभीत की खौफनाक मर्डर मिस्ट्री

शाह टाइम्स संवाददाता

**पूरनपुर।** थाना माधोटांडा क्षेत्र में अवैध संबंधों ने कई लोगों की जिंदगी बर्बाद कर दी, अवैध संबंध और ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर महिला ने पति ने साथ मिलकर युवक की हत्या कर दी, पुलिस ने दोनों पति पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना माधोटांडा पुलिस टीम द्वारा सतेन्द्र पुत्र जसवन्त सिंह निवासी ग्राम बसन्तपुर नौनेर थाना माधोटांडा जनपद पीलीभीत उम्र करीब 30 वर्ष शुभप्रीत कौर उर्फ गुरजीत कौर पत्नी सतेन्द्र निवासी ग्राम बसन्तपुर नौनेर थाना माधोटांडा जनपद पीलीभीत उम्र करीब 27 वर्ष को चित्तरपुल से पूरनपुर जाने वाली सड़क से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त (आला कत्ल) एक लोहे की रॉड एवं मृतक की पीली धातु की चैन मय लॉकेट बरामद की गयी। दिनांक 22.04.2026 को जसवन्त सिंह पुत्र प्रीतम सिंह निवासी ग्राम बसन्तपुर नौनेर, थाना माधौटांडा जनपद पीलीभीत का पुत्र गुरबाज सिंह अपने घर से पूरनपुर जाने की बात कहकर मोटरसाइकिल से गया था, किन्तु अगले दिन तक वापस नहीं लौटा। परिजनों द्वारा अपने स्तर से रिश्तेदारी व अन्य संभावित स्थानों पर तलाश की गई, परन्तु कोई जानकारी नहीं मिली। दिनांक 26. 04.2026 को जसवन्त सिंह द्वारा थाना माधौटांडा पर गुरबाज सिंह की गुमशुदगी दर्ज कराई गई। उसी दिन थाना पूरनपुर क्षेत्रान्तर्गत तकिया दीनारपुर मन्दिर के पास खेत में बने खण्डहर में एक शव बरामद हुआ, जिसके पास मृतक की मोटरसाइकिल भी मिली। मोटरसाइकिल के नम्बर के आधार पर शव की शिनाख्त गुरबाज सिंह के रूप में हुई, तत्पश्चात वादी द्वारा अपने पुत्र की हत्या कर शव छिपाने के सम्बन्ध में थाना माधोटांडा पर अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मुक. दमा पंजीकृत कराया गया।

**घटना का कारण/पूछताछ अभियुक्त**

पूछताछ में अभियुक्ता शुभप्रीत कौर ने बताया कि पिछले लगभग 1 वर्ष से उसके मृतक गुरबाज सिंह के साथ अवैध सम्बन्ध थे, वह सम्बन्ध समाप्त करना चाहती थी, किन्तु गुरबाज सिंह मना करने पर मान नहीं रहा था और अश्लील फोटो/वीडियो परिवारजनों को भेजने व सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था।

इसी से परेशान होकर उसने अपने पति सतेन्द्र के साथ मिलकर योजना बनाई और दिनांक 22.04.2026 को तकिया दीनारपुर स्थित मन्दिर के पास खेत में बने खण्डहर में लोहे की रॉड से वार कर गुरबाज सिंह की हत्या कर दी तथा रॉड व उसकी चौन वहीं छिपा दी।

# भाजपा छल- कपट से पीडीए समाज का हक मारना चाहती है: सतीश प्रेमी



शाह टाइम्स संवाददाता

**बिसौली।** समाजवादी पार्टी की विधान सभा क्षेत्र के जोन प्रभारियों, सेक्टर प्रभारियों एवं पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें भारी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। सतीश प्रेमी ने कहा कि भाजपा छल और कपट से किसी भी तरह पीडीए समाज का हक मारना चाह रही है।

ग्राम पैगा में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए सतीश प्रेमी पूर्व प्रदेश कॉर्डिनेटर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ष्भारत सरकारष ने कहा कि जगह-जगह पीडीए समाज के लोगों का उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा शासन में लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी तालमेल बनाकर पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचने का आह्वान किया। विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है, व्यापारी, किसान, नौजवान का उत्पीड़न किया जा रहा है। बैठक में अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार रखे और संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में पूर्व ब्लाक प्रमुख खजाना देवी, एड. सुरेंद्र सागर, ईशपाल सिंह यादव जिला सचिव, पूर्व नगर अध्यक्ष शाहनवाज खां, डा. आस मो. अमित मथुरिया, रिजवान खां, नगर अध्यक्ष फैजगंज मशरूर खां, सकलेन प्रधान, मेराज मो. खान, जीशान अली, एड. कपिल देव, कल्यान सिंह यादव, जयपाल सिंह यादव, सूरजपाल गिहार, विकास यादव, मोहित शर्मा, मुजफ्फर अली, संतोष यादव, पंच अली, राम मोहन यादव, बलवीर सिंह यादव, फरमान अली, मेवाराम, भुवनेश सागर, सुब्हान अली, रामनिवास यादव, ब्रह्मानंद, नरेश यादव, संजीव यादव, जोगिंदर सिंह, धर्मवीर, मोरपाल सिंह, हरप्रीत सिंह आदि मौजूद थे।

# बेटियां समाज का गौरव, इनके संरक्षण के लिए हम सब प्रतिबद्ध: अतेंद्र विक्रम सिंह



शाह टाइम्स संवाददाता

**बदायूं।** दातागंज स्थानीय ब्लॉक परिसर में बुधवार को ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह श्अंकित भैयाश की अध्यक्षता में श्ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समितिश की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के उपरांत साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दातागंज पर श्मिशन शक्तिश अभियान के अंतर्गत श्कन्या जन्मोत्सवश धूमधाम से मनाया गया।

बाल संरक्षण पर दिया जोर

ब्लॉक प्रमुख ने समिति की बैठक में ग्राम पंचायतों को श्बाल मित्र ग्रामश बनाने और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि श्मिशन वात्सल्यश योजना के तहत विषम परिस्थितियों में रहने वाले और अनाथ बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें शिक्षा व सरकारी योजनाओं से जोड़ा जाए।

वहीं सीएचसी दातागंज पर आयोजित कन्या जन्मोत्सव के दौरान ब्लॉक प्रमुख ने हाल ही में जन्मी नवजात कन्याओं का जन्मदिन केक काटकर मनाया। इस अवसर पर उन्होंने माताओं को बेबी किट, फल और उपहार वितरित कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बेटियों को जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और शादी तक के लिए आर्थिक सहायता प्रदान कर रही है।

कार्यक्रम में उपस्थित स्वास्थ्य और महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना , श्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओश और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक और उत्सव के दौरान चिकित्सा अधीक्षक, सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुरंग बनाकर 20 लाख का तांबा किया पार

## चोरी करने वाले गैंग का पर्दाफाश, मुठभेड़ में दो बदमाश घायल

■ **सीबीगंज पुलिस की कार्रवाई में तीन पकड़े, तमंचे-नकदी और चोरी का माल बरामद**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सीबीगंज क्षेत्र में सुरंग बनाकर गोदाम से लाखों रुपये का तांबा चोरी करने वाले गैंग का पुलिस ने मुठभेड़ के बाद पर्दाफाश कर दिया। कार्रवाई के दौरान तीन आरो. पियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से दो बदमाश पुलिस की जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार पद्मावती एसोसिएट फर्म के गोदाम से करीब 20 लाख रुपये कीमत का लगभग दो टन तांबा स्क्रैप चोरी हुआ था। इस संबंध में 28 अप्रैल 2026 को शिवानी जैन की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों ने गोदाम की दीवार के पास सुरंग बनाकर वारदात को अंजाम दिया था।

बुधवार तड़के प्रभारी निरीक्षक सीबीगंज अपनी टीम के साथ बंडिया नहर के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी का तांबा बेचने के लिए तीन बदमाश ई-रिक्शा से आने वाले हैं। पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी भागने लगे। इस दौरान ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। खुद को घिरा देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाशों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निजाम (24), अब्दुल समी (22) और मोहम्मद खालिद (55) निवासी महेशपुर, सीबीगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से तमंचे, कारतूस और कुल 13,000 रुपये से अधिक नकदी बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने एक ई-रिक्शा और करीब 65 किलोग्राम चोरी किया गया तांबे का तार भी बरामद किया है। घायल आरोपियों को जिला अस्पताल भेजा गया है। इस मामले में सीबीगंज थाने में संबंधित धाराओं में एक और मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट

■ **जलाने की धमकीः तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र के हुरहुरी गांव निवासी लाखन की पुत्री प्रवेश के साथ दहेज को लेकर ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट और प्रताड़ना करने के आरोप में थाना पुलिस को तहरीर दी है । पीड़िता के अनुसार उसकी शादी 3 मई 2021 को पैगानगरी निवासी नरेंद्र पुत्र रामौतार के साथ हुई थी।

विवाह में परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार खर्च किया, लेकिन ससुराल पक्ष दहेज से संतुष्ट नहीं था।आरोप है कि शादी के बाद से ही सास मालदेई कम दहेज लाने को लेकर ताने देती थी और विरोध करने पर पति नरेंद्र उसके साथ मारपीट करता था। पीड़िता ने बताया कि 3 अप्रैल को पति ने उससे मायके से एक लाख रुपये लाने की मांग की। मना करने पर ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट की और पेट्रोल डालकर जलाने की धमकी दी।

स्थिति गंभीर होने पर गांव में रहने वाली उसकी बहन ने किसी तरह उसे बचाकर अपने घर पहुंचाया। अगले दिन पीड़िता अपने मायके चली गई। पीड़िता का आरा. प है कि उसका पति उसे छोड़ना चाहता है और लगातार दबाव बना रहा है।

इस मामले में 5 मई को पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी पति नरेंद्र, सास मालदेई और ससुर रामौतार निवासी पैगानगरी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस मामले की जांच कर रही।

# ईंध जागीर के एक चर्चित स्कूल में किताब भूलने पर छात्र की बेरहमी से पिटाई, कान से खून बहने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** नगर से सटे गांव के एक निजी स्कूल में शिक्षिका द्वारा कक्षा 5 के छात्र की कथित तौर पर बेरहमी से पिटाई कर दी गई। आरोप है कि किताब न लाने पर शिक्षिका ने छात्र को घूंसे-थप्पड़ों से इतना पीटा कि उसके कान से खून निकलने लगा और सुनाई देना भी कम हो गया। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है और स्कूल प्रबंधन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर परौरिया के रहने वाले हाल निवासी वालाजीपु. रम निवासी राजेश कुमार ने बताया कि उनका पुत्र ध्रुव सिंह नजदीकी ग्राम ईंधजागीर के सन्तथामस स्कूल में कक्षा 5 का छात्र है। 5 मई मंगलवार को वह रोज की तरह स्कूल गया था। विद्यालय की शिक्षिका प्रियंका ने उससे किताब मांगी, तो बच्चे ने किताब घर पर भूल जाने की बात कही।

आरोप है कि इसी बात पर शिक्षिका आपा खो बैठीं और छात्र को घूंसे व थप्पड़ों से बुरी तरह पीटने लगीं। इतना ही नहीं शिक्षिका ने छात्र का कान पकड़कर जोर से मरोड़ कर थप्पड़ मारा, जिससे बच्चे के कान से खून बहने लगा और उसे सुनाई भी कम आने लगी।

छात्र के पिता का कहना है कि जब उन्होंने इस बारे में शिक्षिका से शिकायत की, तो उन्हें और अधिक मारने की धमकी दी गई। छात्र के पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को देकर आरोपी शिकायत शिक्षिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की गुहार लगाई है।

परिजनों का आरोप है कि स्कूल में अनुशासन के नाम पर बच्चों के साथ क्रूर व्यवहार किया जा रहा है, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने घायल छात्र को चिकित्सीय परीक्षण के लिए नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया।

यह घटना एक बार फिर स्कूलों में बच्चों की सुरक्षा और शिक्षकों की जवाबदेही पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। बताया जाता है कि इस मामले में आरोपी शिक्षिका की ओर से मामला सुलझाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# जिम में गुप्त कैमरा लगाकर महिला डॉक्टर का शोषण, संचालक व भाई गिरफ्तार

■ **नशीला ड्रिंक देकर बनाया शिकार, वीडियो बनाकर करते रहे ब्लैकमेल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित एक जिम में महिला डॉक्टर के साथ लंबे समय तक शोषण और ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने जिम संचालक अकरम बेग और उसके भाई आलम को गिरफ्तार कर लिया है।



पीड़िता के अनुसार, वह पिछले दो वर्षों से जिम में वर्कआउट के लिए जाती थीं। आरोप है कि जिम संचालक अकरम उन्हें प्री-वर्कआउट ड्रिंक देता था, जिसमें कई बार नशीला पदार्थ मिला दिया जाता था। अचेत अवस्था में आरोपी उनके साथ दुष्कर्म करता था, जबकि उसका भाई आलम कमरे में लगे गुप्त कैमरे से वीडियो रिकॉर्ड करता था। बताया जा रहा है कि जिम में एक कमरे को इस काम के लिए इस्तेमाल किया जाता था, जहां गुप्त कैमरा लगा हुआ था। इसी के जरिए आरोपियों ने महिला का वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और समय-समय पर पैसे की मांग करते रहे। पीड़िता ने बताया कि शुरुआत में बदनामी के डर से उन्होंने करीब 80 हजार रुपये दे दिए, लेकिन बाद में आरोपियों ने 50 लाख रुपये की मांग की। लगातार बढ़ती मांग और धमकियों से परेशान होकर महिला ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की।

पुलिस जांच में आरोपियों के मोबाइल फोन से कई अन्य महिलाओं के वीडियो भी मिले हैं। साथ ही धमकी से जुड़े ऑडियो रिकॉर्डिंग और दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं। कोतवाली प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया कि आरो. पियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# मारपीट का विरोध करने पर जान से मारने की धमकी, पिता-पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** पत्नी की बहन के साथ मारपीट का विरोध करना एक युवक को महंगा पड़ गया। विरोध करने पर उसे जातिसूचक गालियां दी गईं और फोन पर गोली मारने की धमकी दी गई। मामले में शाही पुलिस ने बुधवार को पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।कुल्छा निवासी नरेश पाल ने 4 मई को थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि 3 मई को वह हल्दी कला से दावत से लौटते समय गणेशपुर में अपनी पत्नी की बहन रीना के घर रुके थे। वहां रीना ने आरोप लगाया कि उसके ससुर रामचंद्र ने उसे लाठी-डंडों से पीटा, जिससे उसके शरीर पर चोट के निशान थे। नरेश पाल के अनुसार, बाद में दुनका बाजार में रामचंद्र से इस संबंध में बातचीत के दौरान कहासुनी हो गई। आरोप है कि बीच-बचाव करने पर रामचंद्र ने उन्हें जातिसूचक गालियां दीं। वहीं उसी दिन शाम करीब 8:15 बजे रीना के पति चंद्र प्रकाश ने फोन कर जातिसूचक शब्द कहे और गोली मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी रामचंद्र और उसके पुत्र चंद्र प्रकाश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।

# अनुशासन और तत्परता ही है पुलिस की पहचानः डीआईजी

## पुलिस लाइन से एसएसपी ऑफिस तक डीआईजी का ताबड़तोड़ निरीक्षण

■ **परेड, कंट्रोल रूम, यूपी-112 से लेकर मेस तक लिया जायजा, रिस्पॉन्स टाइम और अनुशासन पर विशेष जोर**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**( मो0 इरफान मुनीम )**

**बरेली।** बरेली परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) अजय कुमार साहनी ने बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कार्यालय बरेली का वार्षिक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्थाओं की हकीकत को करीब से परखा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परेड से लेकर कंट्रोल रूम, शस्त्रागार, ट्रांसपोर्ट शाखा, डॉग स्क्वॉड और मेस तक हर इकाई की कार्यप्रणाली का गहन मूल्यांकन किया और सुधार के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरुआत परेड की सलामी से हुई, जहां डीआईजी ने मार्च-पास्ट का अवलोकन करते हुए टोलियों के टर्नआउट, अनुशासन और समन्वय को परखा। इसके बाद शस्त्रागार में हथियारों के रख-रखाव, साफ-सफाई और अभिलेखों की स्थिति की बारीकी से जांच की गई।

मोटर ट्रांसपोर्ट शाखा, फील्ड यूनिट और घुड़साल के निरीक्षण के दौरान संसाधनों के बेहतर उपयोग और रख-रखाव पर जोर दिया गया। स्वान दस्ता (डॉग स्क्वॉड) द्वारा प्रस्तुत खोजी प्रदर्शन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, वहीं अग्निशमन टीम के रिस्पॉन्स टाइम का परीक्षण कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

यूपी-112 सेवा के अंतर्गत संच. ालित दोपहिया और चारपहिया वाहनों का निरीक्षण करते हुए डीआईजी ने रिस्पॉन्स टाइम, उपकरणों की उपलब्धता और घटनाओं पर कार्रवाई की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने संवे. दनशील स्थानों की पहचान कर वहां प्रभावी पुलिसिंग को और मजबूत करने पर बल दिया।

सीसीआर, डीसीआर और 112 कंट्रोल रूम का निरीक्षण करते हुए कॉल रिस्पॉन्स टाइमिंग, लंबित और निस्तारित मामलों की स्थिति का आकलन किया गया। बेहतर समन्वय और त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। पुलिस लाइन्स स्थित बैरकों में साफ-सफाई, अनुशासन और आवासीय व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया गया, वहीं मेस में भोजन की गुणवत्ता और कर्मचारियों की व्यक्तिगत स्वच्छता (नाखून, बाल आदि) की भी जांच की गई।

यातायात कार्यालय एवं परिवहन शाखा के निरीक्षण के दौरान वाहनों की स्थिति, कैदियों के सुरक्षित परिवहन और ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों की उपलब्धता का जायजा लिया गया। साथ ही नवीन वज्र वाहनों का निरीक्षण कर उनकी उपयोगिता पर चर्चा की गई।

### हर व्यवस्था की गहन पड़ताल

डीआईजी अजय कुमार साहनी के निरीक्षण में पुलिस व्यवस्था के हर महत्वपूर्ण पहलू को शामिल किया गया। परेड, शस्त्रागार, मोटर ट्रांसपोर्ट, डॉग स्क्वॉड, अग्निशमन टीम, यूपी-112 सेवा, कंट्रोल रूम, बैरक और मेस तक सभी व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की गई। खास तौर पर रिस्पॉन्स टाइम, अनुशासन, साफ-सफाई और संसाधनों के बेहतर उपयोग पर जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि पुलिसिंग और अधिक प्रभावी और जनकेंद्रित बन सके।

### पेंशनर्स की समस्याओं पर संवेदनशील पहल

निरीक्षण के बाद आयोजित संवादात्मक बैठक में डीआईजी ने पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं और आवश्यकताओं को प्राथमिकता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंशनर्स से जुड़े मामलों का त्वरित और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि पुलिस परिवार के हर सदस्य, चाहे वह सेवारत हो या सेवानिवृत्त, उसकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

क्वार्टर गार्द में सलामी लेने के बाद शस्त्रों के रख-रखाव और अभिलेखों का परिशीलन किया गया। आदेश कक्ष में अभिलेखों को अद्यतन और सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत डीआईजी ने एसएसपी कार्यालय की विभिन्न शाखाओं, स्थानीय अभिसूचना इकाई एवं प्रशासनिक इकाइयों का निरीक्षण कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के समापन पर डीआईजी ने पुलिस पेंशनर्स के साथ संवादात्मक बैठक की। उन्होंने पेंशनर्स की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्व-जनगणना को लेकर तहसील में प्रशिक्षण

■ **7 से 22 मई तक चलेगा अभियान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** तहसील परिसर में बुधवार को स्व-जनगणना अभियान को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चार्ज अधिकारी तहसीलदार आशीष कुमार एवं नायब तहस. ीलदार अरविंद कुमार ने की। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को स्व-जनगणना की प्रक्रिया और उसके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

नायब तहसीलदार ने बताया कि स्व-जनगणना 7 मई से 22 मई तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कोई भी व्यक्ति पोर्टल पर जाकर स्वयं अपनी गणना कर सकता है। इसके लिए पोर्टल पर एक आईडी जनरेट होगी, जिसके माध्यम से पूरी प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी।उन्होंने बताया कि स्व-जनगणना के प्रचार-प्रसार के लिए सभी चार्ज अधिकारी सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। पोस्टर, बैनर, मीटिंग, गोष्ठी एवं मुनादी जैसे माध्यमों से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। साथ ही जनसेवा केंद्र संचालकों को भी स्व-गणना कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्व निरीक्षक, लेखपाल, पटल सहायक, आपूर्ति विभाग के कर्मचारी, संग्रह अमीन, अनुसेवक तथा बार एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

# मंगदपुर विद्यालय की मेधावी छात्राओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** विकासखंड रिछा (दमखोदा) के उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगदपुर की पूर्व छात्राओं को हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बुधवार को विद्यालय परिसर में सम्मानित किया गया।



विद्यालय के सहायक अध्यापक एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री बलवीर सिंह ने बताया कि विद्यालय की पूर्व छात्राएं आराधना गुर्जर और अर्चना ने 75 प्रतिशत तथा सृष्टि ने 64 प्रतिशत अंक प्राप्त कर हाईस्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस उपलब्धि पर तीनों छात्राओं को मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री बलवीर सिंह एवं सहायक अध्यापक भुवनेश प्रताप ने छात्राओं को नियमित विद्यालय आने और पूरी लगन के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उन्हें पूरा सहयोग दिया जाएगा। शिक्षकों ने कहा कि विद्यालय परिवार को अपनी छात्राओं की इस सफलता पर गर्व है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# गांव-गांव पहुंचीं श्रुति गंगवार, चलाया जनसंपर्क अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार की पुत्री श्रुति गंगवार ने बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।



उन्होंने विभिन्न स्थानों पर आयोजित बैठकों में कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग तक पहुंच रही हैं, और लोगों को इसका सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल, असम और पांडिचेरी जैसे राज्यों में भाजपा ने अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है, और विकास कार्यों के चलते जनता का भरोसा लगातार बढ़ रहा है। जनसंपर्क के दौरान श्रुति गंगवार भटिंडा में तैनात एक फौजी की ड्यूटी के दौरान हुई मौत पर उसके घर पहुंचीं और परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान उन्होंने नारायण नगला में दीनदयाल गंगवार, डूंडा जुनूबी में पीतम सिंह, हरहरपुर में पूर्व प्रधान हर प्रसाद, बईपुर में सरदार निरभान सिंह, चचेट में नवाब राशिद खां, चुबकिया में प्रधान सरदार बल्देव सिंह, ईश्वरपुर में लखविंदर सिंह, इटौआ खुशहाल में नरेंद्र गंगवार और बंजरिया गांव में विशाल रस्तोगी के यहां बैठकों को संबोधित किया। भ्रमण के दौरान भाजपा नेता जयेंद्र पप्पू, अजय जायसवाल (बॉबी), भजन लाल गंग. वार एडवोकेट, मोहन सिंह, शांति पाल गंगवार, सरदार जुझार सिंह और सरदार हीरा सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अग्निकांड पीड़ित किसानों को मिली आर्थिक सहायता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** क्षेत्र में हाल ही में हुए अग्निकांड में गेहूं की फसल जलकर राख होने से प्रभावित किसानों को मंडी समिति की ओर से राहत प्रदान की गई। खेत-खलिहान अग्निकांड दुर्घटना योजना के तहत आर्थिक मदद के रूप में धनराशि के चेक वितरित किए गए।तहसील परिसर में आयोजित कार्यक्रम में नथपुरा एवं बलूपुरा गांव के आठ किसानों को विधायक डा. डी.सी. वर्मा, ब्लॉक प्रमुख गोपाल कृष्ण तथा गन्ना समिति के अध्यक्ष तेजपाल फौजी ने चेक सौंपे। जनप्रतिनिधियों ने किसानों को हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया और भविष्य में भी सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर केपी राना, हरिराम लोधी, अशोक उपाध्याय, मनोज गंगवार, राजू भारती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### सेंथल में आज सपा की बड़ी जनसभा, नसीमुद्दीन सिद्दीकी भरेंगे चुनावी हुंकार

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** प्रदेश सरकार के कद्दावर मंत्री रहे पूर्व मंत्री सपा नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी आज क्षेत्र के कस्बा सेंथल में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे।

सपा नेता पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक आज सेंथल में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया है, जिसे हाल ही में कांग्रेस से समाजवादी पार्टी में शामिल हुए पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी संबोधित करेंगे। बताया जाता है कि सेंथल के उनके पुराने समर्थक अली अब्बास द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। सेंथल के टांडा रोड पर सायं 4 बजे आयोजित इस जनसभा की सफलता के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष अनिल गंगवार द्वारा क्षेत्र पंचायत व्यापक जनसंपर्क किया जा रहा है। पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार ने श्री सिद्दीकी की आयोजित इस जनसभा में शामिल होने की अपील क्षेत्र के लोगों से की है।

### पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार बनने पर ब्लॉक प्रमुख ने बांटी मिठाई, जताई खुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**क्योलडिया।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बनने से अब पश्चिम बंगाल में विकास कार्यों को गति मिलेगी और प्रदेश में भयमुक्त वातावरण स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि यह जीत जनता के विश्वास और भाजपा की नीतियों की जीत है इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने असम और पांडिचेरी में भाजपा की सरकार बनने पर भी खुशी जाहिर की। इस दौरान ग्राम प्रधान हरिनंदन, बलराम सिंह, वेदपाल कनौजिया, सत्येंद्र सिंह, सर्वेश गंगवार, हरपाल, राजीव कुमार, मो. रफीक, महेश पाल सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### घर लौट रहे दंपति से मारपीट, पति को कार में खींचकर पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** सोमवार शाम घर लौट रहे एक दंपति के साथ कथित तौर पर नशे में धुत्त कुछ लोगों ने अभद्रता और मारपीट की। विरोध करने पर आरोपियों ने पत्नी को लात मार दी और पति को कार में जबरन बैठाकर एक प्लॉट पर ले जाकर पीटने का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

कस्बे के मोहल्ला चाणक्यपुरी निवासी शिवम मिश्रा अपनी पत्नी ज्योति मिश्रा और डेढ़ वर्षीय पुत्री के साथ मंदिर के सामने वाली गली से घर जा रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान रोशनलाल, उसका बेटा अनमोल और चार अज्ञात लोग गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर पत्नी के साथ मारपीट की गई। शिवम मिश्रा का आरोप है कि इसके बाद आरोपी उन्हें कार में खींचकर अपने प्लॉट पर ले गए, जहां बेल्ट और लात-घूंसों से पिटाई की। जाते समय आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और काले रंग की कार से फरार हो गए।

पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर पर थाना नवाबगंज में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### रात में घर से लापता हुई किशोरी, तीन युवकों पर अपहरण का आरोपः मुकदमा दर्ज

**मीरगंज।** क्षेत्र के एक गांव से किशोरी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। घटना 3 अप्रैल की रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है, जब किशोरी अपने घर से अचानक गायब हो गई। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। किशोरी के पिता ने बुधवार को थाने में तहरीर देकर औंध फतेहगंज पश्चिमी निवासी शिवा पुत्र अनिल पर अपनी पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है। साथ ही उन्होंने शिवा के चाचा जितेंद्र निवासी औंध और फुफेरे भाई प्रेम निवासी प्रेमनगर गधाया, मिलक रामपुर पर भी इस मामले में सहयोग करने का आरोप लगाया है।पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्री घर से सोने की अंगूठी और करीब 80 हजार रुपये नकद भी अपने साथ ले गई है। परिजनों को आशंका है कि आरोपियों ने मिलकर उसे अपने साथ ले जाया है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और किशोरी की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### वली बाबा की मजार पर आठ मई से तीन दिवसीय उर्स, शाकाहारी लंगर होगा आयोजित

**मीरगंज।** क्षेत्र के हल्दी खुर्द स्थित वाहिद अली शाह उर्फ वली बाबा की मजार पर 8 मई से तीन दिवसीय उर्स का आयोजन किया जाएगा। उर्स में कौमी एकता की मिसाल पेश करते हुए शाकाहारी लंगर का विशेष आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।उर्स में मुंबई, अजमेर और कलियर शरीफ से सूफी संत, मलंग और कलंदर पहुंचेंगे। हर वर्ष की तरह इस बार भी मलंगों के हैरतअंगेज करतब लोगों के आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मजार के मुतावल्ली शाकिर अली और शकील अहमद ने बताया कि लंगर लगातार तीन दिनों तक चलेगा और यह कार्यक्रम हर वर्ष श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया जाता है।

### नल नगरिया अड्डे से बाइक चोरी अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मीरगंज।** क्षेत्र में चोरी की एक घटना सामने आई है। ग्राम बजीगंज, रामपुर निवासी अनेक पाल 1 मई को किसी जरूरी कार्य से मीरगंज के नल नगरिया अड्डा आए थे। शाम के समय अड्डे के पास खड़ी उनकी बाइक को अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। काफी तलाश के बावजूद बाइक का कोई सुराग नहीं लग सका।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताया गया कि चोरी हुई बाइक उनके भाई गजेंद्र सिंह के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### देवरनियां बिजलीघर पर स्मार्ट मीटर कैम्प, उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर समाधान

**देवरनियां।** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए बुधवार को देवरनियां बिजलीघर पर विशेष कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने पहुंचकर अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। कैम्प का संचालन उपखंड अधिकारी (एसडीओ) विशाल कंसल के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर से जुड़ी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं। एसडीओ विशाल कंसल एवं अवर अभियंता (जेई) सुशील कुमार मिश्रा ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और मौके पर ही उनका समाधान कर उपभोक्ताओं को संतुष्ट करने का प्रयास किया। एसडीओ विशाल कंसल ने बताया कि स्मार्ट मीटर प्रणाली में जल्द ही प्रीपेड से पोस्टपेड व्यवस्था लागू की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि देवरनियां क्षेत्र में करीब डेढ़ सौ स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं मौहल्ला सुफी टोला शाहजहांपुर रोड़ बरेली, उप्र।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0581-2562222 (बरेली)
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No UPHIN/2003/11165
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# डीआईजी का अलर्टः सोशल मीडिया ऑफर से रहें दूर

## चारधाम यात्रा के शुरू होते ही साइबर ठग सक्रिय, हेलीकॉप्टर बुकिंग में फर्जीवाड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गर्मियों की छुट्टियों और चारधाम यात्रा के शुरू होते ही साइबर ठग सक्रिय हो गए हैं। पर्यटन स्थलों और खासकर हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन ठगी की शिकायतों को देखते हुए मेरठ परिक्षेत्र के पुलिस उप महा. निरीक्षक कलानिधि नैथानी ने हापुड़ समेत पूरे रेंज में अलर्ट जारी किया है। उन्होंने आमजन से अपील की है कि यात्रा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी अनजान वेबसाइट या सोशल मीडिया ऑफर के झांसे में न आएं।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ठग लोग आधिकारिक वेबसाइट से मिलते-जुलते नामों से फर्जी वेबसाइट तैयार कर रहे हैं और सर्च इंजन व सोशल मीडिया विज्ञापनों के जरिए उन्हें ऊपर दिखा रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से लोगों को सस्ते हेलीकॉप्टर टिकट, वीआईपी दर्शन और (लास्ट सीट) जैसे लालच देकर तत्काल भुगतान के लिए दबाव बनाया जाता है। भुगतान के लिए फर्जी यूपीआई आईडी और क्यूआर कोड साझा किए जाते हैं। रकम ट्रांसफर होते ही या तो फर्जी टिकट भेज दिया जाता है या फिर ठग संपर्क समाप्त कर देते हैं। चारधाम यात्रा के मद्देनजर उत्तराखंड सरकार ने हेलीकॉप्टर बुकिंग के लिए केवल अधिकृत



वेबसाइट https://heliyatra.irctc.co.in निर्धारित की है। इसके अलावा पर्यटन विभाग ने एक आधिकारिक व्हाट्सएप नंबर 8394833833 जारी किया है, जिस पर Yatra संदेश भेजकर पंजीकरण और अन्य जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इसके अलावा किसी अन्य माध्यम से की गई बुकिंग संदिग्ध हो सकती है। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने कहा, ठग लोग आधिकारिक वेबसाइट की तरह दिखने वाली फर्जी वेबसाइट बनाकर और सोशल मीडिया विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। विशेष रूप से हेलीकॉप्टर बुकिंग के नाम पर बड़े स्तर पर धोखाधड़ी की जा रही है, जिसमें कई लोग अपनी मेहनत की कमाई गंवा चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी प्रमाणिकता अवश्य जांच लें। डीआईजी ने आगे कहा कि यदि किसी व्यक्ति के साथ ठगी होती है तो वह तुरंत 1930 हेल्पलाइन या साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए, ताकि समय रहते कार्रवाई कर धनराशि को रोका जा सके। उन्होंने अपील की कि यात्रा के दौरान सतर्कता ही सबसे बड़ा बचाव है। किसी भी अपुष्ट जानकारी या संदिग्ध ऑफर पर भरोसा न करें और किसी भी संदेह की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करें। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत 1930 हेल्पलाइन या cyber-crime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

## चोरी का ऑटो बरामद, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा थाना पुलिस ने तेजी दिखाते हुए ऑटो चोरी की घटना का सफल खुलासा कर दिया। पुलिस ने महज कुछ ही समय में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया ऑटो बरामद कर लिया। इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता का संदेश गया है।

थाना प्रभारी के अनुसार थाना पिलखुवा में बीएनएस से संबंधित ऑटो चोरी के मामले में पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी थी। इसी क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए टूटे रेलवेगाटक के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसकी पहचान फरमान उर्फ गणेश पुत्र इकरामुद्दीन निवासी मोहल्ला इस्लामनगर, थाना पिलखुवा के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी किया गया ऑटो बरामद हुआ, जिसका पंजीकरण संख्या यूपी 37 एटी 4549 है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है, ताकि अन्य संभावित वारदातों का भी खुलासा किया जा सके।



## हापुड़ में संदिग्ध हालात में युवक का मिला शव, स्कूटी संग मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली रोड पर बुधवार सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब राहगीरों की नजर सड़क किनारे पड़े एक युवक के शव पर पड़ी। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेंसिक टीम के साथ जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गंभीरता से पड़ताल की जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह के समय जब लोग दिल्ली रोड से गुजर रहे थे, तभी एक युवक सड़क किनारे अचेत अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। पास जाकर देखने पर उसके मृत होने की पुष्टि हुई, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जांच के दौरान मृतक की पहचान गाजियाबाद निवासी हर्षित के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 38 वर्ष बताई जा रही है। मौके से उसकी स्कूटी भी बरामद हुई है, जो शव के पास ही खड़ी मिली। इस तथ्य ने मामले को और अधिक संदिग्ध बना दिया है। मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट और फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच की जा रही है। आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ की जा रही है और मृतक के परिजनों से भी संपर्क साधा जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही



मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल हत्या की आशंका को ध्यान में रखते हुए पुलिस हर एंगल से जांच में जुटी है, ताकि घटना के पीछे की सच्चाई सामने लाई जा सके।

## ट्यूलिप किड्स स्कूल में मदर्स डे का जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर के ट्यूलिप किड्स इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे का आयोजन बड़े उत्साह और भावनात्मक माहौल में किया गया। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त करते हुए रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरा वातावरण भावुक और आनंदमय हो उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत मां के महत्व पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। बच्चों ने गीत, नृत्य और कविताओं के माध्यम से मां के त्याग, स्नेह और समर्पण को दर्शाया। इस दौरान स्कूल परिसर तालियों की गूंज से गूंज उठा। कई बच्चों ने अपनी मां के साथ मंच पर आकर विशेष गतिविधियों में भाग लिया, जिससे कार्यक्रम और भी यादगार बन गया। मदर्स डे के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें माताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल की प्रिंसिपल नीलम धीर ने कहा, मां हमारे जीवन की पहली गुरु होती हैं। उनके बिना किसी भी व्यक्ति का व्यक्तित्व अधूरा है। हमें गर्व है कि हमारे छात्र न केवल शिक्षा में बल्कि संस्कारों में भी आगे बढ़ रहे हैं। हम चाहते हैं कि बच्चे अपने जीवन में मां के योगदान को समझें और हमेशा उनका सम्मान करें। स्कूल के डायरेक्टर अभिषेक गोयल ने कहा, मदर्स डे केवल एक दिन नहीं, बल्कि मां के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। स्कूल में इस तरह के आयोजनों से बच्चों और अभिभावकों के बीच भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होता है। हमे भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं को सम्मानित किया गया और बच्चों ने उन्हें विशेष उपहार भेंट कर अपने प्यार का इजहार किया। पूरे आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों को भावुक कर दिया और मां-बच्चे के रिश्ते की गरिमा को और अधिक प्रगाढ़ बना दिया।



## निजी नर्सिंग होम पर गंभीर आरोप, गर्भस्थ बच्चे की मौत से परिजनों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में एक निजी नर्सिंग होम पर गंभीर लापरवाही का आरोप सामने आया है। बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बछलौता निवासी एक व्यक्ति ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि डॉक्टर की कथित लापरवाही के चलते उसकी पत्नी के गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव बछलौता निवासी रोहित मंसंद ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसकी पत्नी प्राची का पिछले करीब आठ माह से शहर स्थित एक निजी नर्सिंग होम में इलाज चल रहा था। आरोप है कि नियमित जांच के दौरान चिकित्सक द्वारा सब कुछ सामान्य बताया जाता रहा। पीड़ित के अनुसार, 2 मई को भी रूटीन चेकअप के दौरान डॉक्टर ने किसी प्रकार की समस्या नहीं बताई और घर भेज दिया। पीड़ित का आरोप है कि 5 मई की सुबह उसकी पत्नी ने गर्भ में बच्चे की हलचल महसूस न होने की बात कही, जिसके बाद वह तुरंत उसे संबंधित डॉक्टर के पास लेकर पहुंचा। वहां जांच के दौरान बच्चे की धड़कन न मिलने की बात कही गई और अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी गई। इसके बाद वह अपनी पत्नी को दूसरे नर्सिंग होम लेकर गया, जहां अल्ट्रासाउंड में बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। रिपोर्ट में गर्भ में पानी की कमी को कारण बताया गया। आरोप है कि जब पीड़ित दंपती रिपोर्ट लेकर वापस संबंधित डॉक्टर के पास पहुंचे तो उन्होंने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया और कथित रूप से डिलीवरी करने से भी मना कर दिया। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया, जबकि उसकी पत्नी की हालत गंभीर बनी हुई थी। पीड़ित ने पूरे मामले में डॉक्टर पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। उसने जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि शिकायत प्राप्त होने पर मामले की जांच कराई जाएगी और यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## चेकिंग में फंसा हिस्ट्रीशीटर, तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध तमंचा और कारतूस बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ विभिन्न जनपदों और राज्यों में एक दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

थाना प्रभारी के अनुसार, सादिकपुर रेलवे अंडरपास के पास नियमित चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारत. ूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसकी पहचान अबूजर उर्फ अबुजर खान पुत्र अनीस अहमद निवासी ग्राम मोहम्मदपुर रुस्तमपुर, थाना बहाद. ुरगढ़, जनपद हापुड़ के रूप में हुई। आरोपी थाना बहादुरगढ़ का





हिस्ट्रीशीटर बताया जा रहा है। पुलिस जांच में सामने आया कि गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ हापुड़, बिजनौर और हरियाणा के विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट और अन्य धाराओं में करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय था और पुलिस को उसकी तलाश थी। हाफिजपुर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आयुध अधि. नियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### एक नजर

## अपराधियों के लिए अभेद्य किला बनेगा 'मथुरा जिला'

eFkjkA पुलिस को तकनीकी तौर पर दक्ष बनाने के लिए जा रहे प्रयासों में मथुरा पुलिस को करोड़ों रुपये आधुनिक हाईटेक उपकरण मिले हैं। इससे जिला एक अभेद्य किला बनेगा। प्रमुख मार्गों और तिराहे चौराहों पर अब उपकरणों की मदद से पैनी नजर रखी जा सकेगी। जनपद में कानून-व्यवस्था को और सशक्त बनाने की दिशा में एक बडा कदम उठाते हुए वैकमेट इंडिया लिमिटेड ने अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी फंड के तहत मथुरा पुलिस को अत्याधुनिक संसाधन उपलब्ध कराए हैं। इन उपकरणों की कुल लागत 2,03,77,788 रुपये है। इस पहल के अंतर्गत पुलिस को 192 एएनआरपी युक्त सीसीटीवी कैमरे (48 लोकेशन पर), लाइव सर्विलांस एवं डेटा एनालिटिक्स से लैस केंद्रीकृत कंट्रोल रूम, एक इंडस्ट्रियल फोम टेंडर (फायर फाइटिंग वाहन) और एक हेवी ड्यूटी लिफ्टर क्रेन प्रदान की गई है। पुलिस लाइन मथुरा में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के डायरेक्टर्स राज नारायण अग्रवाल, नितिन अग्रवाल और राहुल अग्रवाल द्वारा फायर फाइटिंग वाहन एवं क्रेन की सांकेतिक चाबी अनुपम कुलश्रेष्ठ (अपर पुलिस महानिदेशक, आगरा जोन) और शैलेश कुमार पांडेय (पुलिस उपमहानिरीक्षक, आगरा रेंज) को सौंपी गई। इसके बाद वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। साथ ही अत्याधुनिक सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी विधिवत उद्घाटन किया गया। इस हाईटेक कंट्रोल रूम में अब कुल 70 लोकेशन के 280 कैमरे जोडे गए हैं, जिनमें ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन तकनीक का उपयोग किया गया है। ये कैमरे 200 किमी प्रति घंटा तक की गति से चलने वाले वाहनों के नंबर पढ़ने, वाहन के रंग व मॉडल के आधार पर पहचान करने तथा संदिग्ध या चोरी के वाहनों को ब्लैकलिस्ट कर तुरंत अलर्ट देने में सक्षम हैं। इसके अलावा, इंडस्ट्रियल फोम टेंडर केमिकल व पेट्रोलियम से लगी आग को बुझाने में सक्षम है, जबकि हेवी ड्यूटी क्रेन सड़क पर बाधा बने वाहनों को हटाने में मदद करेगी, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रहेगी। कार्यक्रम के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुरेश चंद्र रावत द्वारा पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपकरणों की विशेषताओं की जानकारी दी गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने वैकमेट इण्डिया लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग जनपद की सुरक्षा व्यवस्था को नई मजबूती देगा।

## सपा ने किया प्रीपेड मीटर पर जनसंवाद

eFkjkA सैनी मोहल्ला स्थित यमुना गार्डन, औरंगाबाद में समाजवादी पार्टी, मथुरा द्वारा आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में स्मार्ट मीटर से पीड़ित उपभोक्तों ने खुलकर रखी अपनी पीड़ा रखी। इससे पहले मुख्य रूप से पहुंचे मथुरा वृंदावन विधानसभा प्रत्याशी अनिल अग्रवाल का क्षेत्रीय लोगों ने स्वागत किया। जनसंवाद स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही डिजिटल लूट और प्रीपेड व्यवस्था बंद करने के उर्जा मंत्री के आदेश को अनिल अग्रवाल ने सरकार का सरासर छलावा और धोखा करार दिया। कार्यक्रम में पहुंचे महिला पुरुष सैंकडों उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले पुराने मीटर से 300 रुपये का बिल आता था, आज स्मार्ट मीटर से 3000 रुपये तक का बिल थमाया जा रहा है। महिलाओं ने भावुक होकर कहा, कि भीषण गर्मी में बिजली कट जाती है, बिल देखकर रातों की नींद उड़ जाती है। लोगों का कहना है कि जब तक स्मार्ट मीटर रहेंगे, तब तक लूट जारी रहेगी। हमें पुराने मीटर लौटा दो, हमें स्मार्ट मीटर नहीं चाहिए। जनसंवाद कार्यक्रम में पीड़ित उपभोक्ताओं की पीड़ा को महानगर महासचिव अभिषेक यादव, सपा नेता डा. राजेन्द्र प्रसाद लोधी, देवेन्द्र निषाद, रिषी अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से गंभीरता से सुना। नेताओं ने कहा कि बिजली उपभोक्ता का अधिकार है, न कि वसूली का जरिया।उन्होंने भरोसा दिलाया, हम कंधे से कंधा मिलाकर आपके साथ हैं। जनसंवाद कार्यक्रम में जगदीश सैनी, राहुल सैनी, जसवंत सिंह कुशवाहा, ब्रिजेश यादव, जफरुद्दीन कुरैशी, खेमचंद सैनी, अशोक सैनी, ताराचंद सैनी, उमाकांत ठाकुर,जगदीश निषाद,लक्ष्मण निषाद, प्रीतम सैनी, रामव. ीर निषाद, तेजू निषाद, ओमवती सैनी, श्यामवती निषाद,कमलेश सैनी, सरिता सैनी, कौशल सैनी, प्रभु दयाल सैनी, कुंदन निषाद, इंदिरा सैनी, गुड्डी सैनी, सोनिया सैनी, लखन सैनी, ईश्वर देवी निषाद, मोसिन खान, सौदान सिंह जाटव, बच्चूसिंह सैनी, भगवती सैनी, गिरिश यादव, राजेश चौधरी, इरफान खान, कान्हा निषाद,कान्हा सैनी, गटटा खान, योगेश, अलीम कुरैशी, अनीशा, फरीदन, राजेश कुमार, फहीम कुरैशी, गुड्डू पठान, संजय खान, राजू गोला, आद उपस्थित रहे।

## शहीद भगत सिंह संगठन ने नवागत थाना प्रभारी सोनू कुमार का किया सम्मान

eFkjkA थाना जैत के नवागत थाना प्रभारी सोनू कुमार का सामाजिक संस्था शहीद भगत सिंह संगठन के पदाधिकारियों द्वारा साफा बांध कर स्वागत किया गया।

अभी हाल ही में थाना नौहझील से स्थानांतरण होकर आए थाना प्रभारी सोनू कुमार का सामाजिक संगठन शहीद भगत सिंह के पदाधिकारियों द्वारा साफा बांध कर व चित्र भेंट करके सम्मान किया गया। सामाजिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह ने थाना प्रभारी की प्रशंसा करते हुए बताया कि सोनू कुमार जी ने थाना प्रभारी नौहझील रहते हुए सराहनीय कार्य किए, उन्होंने बिना किसी भेदभाव के अपना कार्य किया और कभी किसी दवाब में कोई काम नही किया, सभी को समान न्याय दिलाया इसीलिए नौहझील के लोग थाना प्रभारी की खूब तारीफें करते हैं। इस मौके पर नौहझील से आए सामाजिक संस्था के संगठन मंत्री सुन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष शौर्य प्रताप, सदस्य सोमदत्त शर्मा, विष्णु कुमार, अतुल कुमार आदि उपस्थित रहे।

## लोक अदालत को लेकर हापुड़ में बड़ी तैयारी, ज्यादा निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हापुड़ में बुधवार को महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला जज एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह प्रथम ने की, जिसमें न्यायिक अधिकारियों के साथ-साथ प्रशास. निक व बैंक अधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक वादों के निस्तारण पर जोर दिया गया। जिला जज ने सभी न्यायिक अधिकारियों को निर्देशित किया कि चिन्हित मामलों में लोक अदालत से पूर्व अधिकाधिक नोटिस और सम्मन



जारी किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक पक्षकार उपस्थित होकर अपने मामलों का निपटारा करा सकें। उन्होंने कहा कि लोक अदालत आमजन को त्वरित और सस्ता न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है, इसलिए इसका व्यापक स्तर पर लाभ लोगों तक पहुंचाया जाना चाहिए। बैठक का संचालन अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अवनीश कुमार राय के निर्देशन में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सौरभ कुमार वर्मा ने किया। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने विभागों से अधिकाधिक मामलों को चिन्हित कर लोक अदालत में निस्तारण के लिए प्रस्तुत करें। बैंकों से जुड़े मामलों को लेकर विशेष रूप से निर्देश दिए गए कि ऋण वसूली से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर लोक अदालत में निपटाया जाए। इस संबंध में लीड बैंक केनरा बैंक के मैनेजर आशीष सक्सैना को सभी बैंकों के साथ समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न न्यायिक अधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर रेनू सिंह, पीडी डीआरडीए अनवर शेख समेत अन्य प्रशासनिक और बैंक अधिकारी मौजूद रहे। अधिका. रियों ने आश्वस्त किया कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी कर ली गई हैं।

## चित्र परिचयः संस्कृति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी

'kkg VkbEl lokndrk

eFkjkA संस्कृति विश्वविद्यालय पूरी तरह से एआई संचालित कैंपस बनने लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। विश्वविद्यालय में शिक्षण, करियर डेवलपमेंट और कैंपस के कामकाज अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) करेगी।

इस क्रातिकारी शुरुआत के पीछे विवि की सोच है कि हर विद्यार्थी को मोबाइल टेक्नोलॉजी के जरिए स्मार्ट टूल्स और डिजिटल रिसोर्स मिल सकें, जिससे पढ़ाई ऐसी हो जो लचीली हो, हर स्टूडेंट के हिसाब से हो और दुनिया भर के मानकों के मुताबिक हो। संस्कृति विवि की यह पहल, बुद्धिमान, सुलभ और छात्र-केंद्रित समाधानों के माध्यम से उच्च शिक्षा को फिर से परिभाषित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। संस्कृ



ति विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.एमबी चेट्टी बताते हैं कि इस सोच को व्यावहा. रिक और सबके लिए सुलभ बनाने के लिए विश्वविद्यालय ने अपने मुख्य एआई मॉड्यूल्स को अपने ऑफिशियल मोबा. इल ऐप्स में शामिल कर लिया है, जो एंड्रायड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। संस्कृति यूनिवर्सिटी का मोबाइल ऐप एक मुख्य गेटवे का काम करता है, जिससे स्टूडेंट पढ़ाई-लिखाई के टूल्स, करियर में मदद करने वाले सिस्टम और स्मार्ट कैंपस सेवाओं के एक पूरे इकोसिस्टम तक पहुँच पाते हैं। इस प्लेटफॉर्म के जरिए, स्टूडेंट बिना किसी रुकावट के प्रैक्टिकल पढ़ाई के लिए आयुक्ता(वर्चुअल लैब्स), मुश्किल कॉन्सेप्ट को बेहतर ढंग से समझने के लिए आजा (थ्री डी मॉडल्स) और रिसर्च और इनोवेशन में मदद के लिए अन्वी (एआई रिसर्च असिस्टेंट) का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके अलावा, करियर पर फोकस करने वाले टूल्स जैसे पद्मा (एआई करियर कोच), एक एआई पावर्ड रिज्यूमे बिल्डर और एक प्लेसमेंट प्रिपेशन सूट स्टूडेंट को सही दिशा में मार्गदर्शन, मॉक टेस्ट और भर्ती प्रक्रियाओं का रियल-टाइम सिमुलेशन देते हैं।

यह ऐप डिजिटल अटेंडेंस ट्रैकिंग, स्मार्ट लाइब्रेरी सर्च सिस्टम और ऑनलाइन कैंटीन ऑर्डरिंग जैसी स्मार्ट खूबियों के साथ कैंपस की जिंदगी को और भी बेहतर बनाता है, जिससे कैंपस का माहौल ज्यादा आधुनिक और संपर्कयुक्त बनाता है। संस्कृति स्कूल आफ इंजीनिरिंग एंड इन्फोर्मेशन टेक्नोलाजी (एसओईआईटी) के विद्यार्थियों के लिए, विश्वविद्यालय कोडिंग प्रो ऐप के जरिए अतिरिक्त पहुँच देती है जिसे खास तौर पर इंडस्ट्री के मुताबिक तकनीकी शिक्षा में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह प्लेटफॉर्म यह पक्का करता है कि इंजी. नियरिंग के स्टूडेंट को कोडिंग, नई टेक्नोलॉजी और एआई इंटीग्रेटेड मॉड्यूल्स के साथ इंडस्ट्री की उम्मीदों के मुताबिक प्रैक्टिकल अनुभव मिले। कुलपति प्रो. चेट्टी ने बताया कि मोबाइल प्लेटफॉर्म के जरिए एआई को लागू करने से कई फायदे मिलते हैं। स्टूडेंट लाइव मॉक टेस्ट और प्लेसमेंट सिमुलेशन के जरिए रियल-टाइम जुड़ाव का अनुभव करते हैं, जो असल कंपनियों की भर्ती प्रक्रियाओं की नकल होते हैं। ऑटोमेटेड और इस्तेमाल में आसान टूल्स की उपलब्धता से रिज्यूमे बनाने जैसे कामों की मुश्किल कम हो जाती है, जिससे स्टूडेंट स्किल डेवलपमेंट पर ज्यादा ध्यान दे पाते हैं। एआई संचालित सिस्टम हर स्टूडेंट के हिसाब से सीखने का अनुभव भी देते हैं, जो हर स्टूडेंट के प्रदर्शन के हिसाब से ढल जाते हैं और

# सरकार किसानों की तीन सौ यूनिट बिजली फ्री करें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** विभिन्न मांगों के निस्तारण को लेकर भारतीय किसान यूनियन अंबावता के तमाम पदाधिकारियों ने केमरी स्थित कार्यालय पर प्रदर्शन किया। उन्होंने केमरी रोड पर जाम लगाकर नारेबाजी की। किसानों की समस्याएं उठाते हुए कहा कि उनको तीन सौ यूनिट बिजली मुफ्त दी जाए।

केमरी नगर में भाकियू अंबा. वता की मासिक बैठक हुई। जिसकें किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाया गया। बेमौसम बारिश से खराब हुई फसलों का मुआवजा देने की मांग की गई। साथ ही आम की खेती करने वाले किसानों का सर्वे कर उनको भी मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना था कि आंधी बारिश से गेहूं के साथ ही आम की



फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। इसके बाद सभी बिजली समस्या को उठाते हुए सड़क पर आ गए और यहां पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि शासन किसानों की तीन सौ यूनिट बिजली फ्री करें। ताकि किसानों को सिंचाई में राहत मिल सके। वहीं उनका कहना था कि जब सरकार उद्योग. पतियों का कर्ज माफ कर सकती है तो किसानों का भी पूरा कर्ज माफ हो। जिससे उनका जीवन पटरी पर लौट सके। इस मौके पर महासचिव रईस अहमद, मोहम्मद आरिफ, महमूद हसन, जमील अहमद, सादिक अहमद, नासिर अली, शबाना अख्तर, अमन सिंह और मोहम्मद जमील आदि मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले पर कार्रवाई हो

## एआईएमआईएम के पदाधिकारियों ने एएसपी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट व टिप्पणी करने वालों पर कठिन कार्रवाई के लए एआईएमआईएम के पदाधिकारियों ने एएसपी को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही उनका कहना है कि उन्होंने इस संबंध में पहले भी गंज पुलिस से शिकायत की थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।



-आज ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) रामपुर की यूथ टीम ने युवा जिला अध्यक्ष सलमान शाह की अध्यक्षता में एक प्रतिनिधि मंडल ने एएसपी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करके माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए गंज कोतवाल को ज्ञापन दिया गया था लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ऐसी पोस्ट से शहर का माहौल बिगड़ने का खतरा है। लिहाजा ऐसे लोगों को चिन्हित कर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। ताकि जिले का माहौल शांतिपूर्ण तरीके से रहे। जिस पर अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस मौके पर यूथ नगर अध्यक्ष मोहम्मद आजम उर्फ सोनू काटे वाला यूथ जिला महासचिव आसिफ रजा मसूदी, यूथ जिला महासचिव जुनैद खां, वरिष्ठ कार्यकर्ता दानिश गुल जुनैद साहब, यूथ नगर महासचिव साकिब खान आदि मौजूद रहे।

# सीओ स्वार ने छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** बुधवार पुलिस अधीक्षक रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी स्वार अतुल कुमार पांडे द्वारा लीड्स इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में छात्र छात्राओं को साइबर सुरक्षा यातायात नियमों के बारे में जगरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को इंटरनेट एव सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे विस्तृत जानकारी दी गई।ओर साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जगरूक किया गया। छात्र छात्राओं में सुरक्षा आत्मरक्षा ओर साइबर अपराधो के प्रति जागरूक किया गया।उधर उन्होंने अपील की साइवर अपराध से बचाव हेतु सतर्क रहें एव किसी भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल सबंधित थाने अथवा साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दे।

# निकाह के छह बाद दहेज की मांग पूरी न होने पर दिया तलाक

## स्वार कोतवाली क्षेत्र का मामला, दहेज ने किया दुष्कर्म का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** निकाह के छह माह बाद ही ससुरालियों ने विवाहिता को दहेज के लिए तंग करना शुरू कर दिया। विवाहिता ने जब इंकार किया तो आए दिन उसके साथ मारपीट की जाती। आरोप तो यहां तक है कि जेठ ने उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। विरोध करने पर पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। विवाहिता ने पति समेत अन्य ससुरा. लियों के खिलाफ महिला थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। मामला स्वार कोतवाली क्षेत्र ग्राम कुंवरपुर नानक. ार का है। अरमाना ने महिला थाने में प्रार्थना पत्र दिया था कि उसका निकाह छह माह पहले यहां पर रहने वाले मशरुफ के साथ हुआ था। निकाह के वक्त मायके वालों ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान-दहेज दिया था। इसके बाद भी ससुराली खुश नहीं थे और वह लोग अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। वह लोग चार पहिया गाड़ी और दो लाख रुपये नकद मांग रहे थे। इंकार करने पर ससुरालियों ने उसका उत्पीड़न करना शुरू कर दिया और आए दिन मारपीट करने लगे। आरोप है कि एक दिन कमरे में घुसकर जेठ ने दुष्कर्म करने का प्रयास किया, शोर-शराबा होने पर लोग जुटे तो पति ने तलाक देकर उसे घर से निकाल दिया। घटना के बाद उसने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस उसके जेठ को पकड़कर भी ले गई थी। इस मामले में महिला थाने में पति मशरूफ, अनिया उर्फ नन्हीं, गुड़िया, निजारुल, जुबैदा, रऊफ और शाहरूख के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# राशन मांगने पर ग्रामीण की पिटाई का वीडियो वायलर होने पर रिपोर्ट दर्ज

## ग्रामीण ने शहजादनगर थाने में कई पर कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** गांव स्थित दुकान पर राशन लेने गए एक ग्रामीण को डिपो होल्डर ने अपने परि. जनों के साथ जमकर पीटा। इससे भी मन नहीं भरा तो उसे गांव की गलियों में दौड़ाते हुए पीटा और ईट और तमंचे की बटों से मारकर घायल कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मेडिकल कराने के बाद पीड़ित शहजादनगर थाने पहुंचा और आरो. पियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करा दी है। मामला शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम दुर्गनगला का है। यहां पर रहने वाले यासीन खां का कहना है कि गांव में सस्ते राशन की दुकान गांव निवासी प्रधान जाफर की देखरेख में चलती है।जाफर शहजादनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है और राशन वितरण करने में मनमानी करता है। अपने मिलने वालों को तो राशन दे देता है लेकिन बाकी लोगों को बहाने बनाकर टरका देता है। यासीन के अनुसार सोमवार को उसका भाई राशन लेने गया था। जिस पर जाफर ने उसे लौटा दिया। जिस आज वह खुद गया तो जाफर ने कहा कि मशीन खराब है। यासीन के अनुसार उसने कहा कि अगर मशीन खराब है तो इसकी जानकारी सूचना पट पर लिख दो ताकि ग्रामीणों को परेशानी न हो। आरोप है कि इसी बात को लेकर उनके बीच बहस होने लगी। जिस पर जाफर ने अपने बेटे व भतीजों के साथ उसे बुरी तरह से पीटना शुरू कर दिया। बचने के लिए जह वह खड़ंजे में आया तो आरोप है कि एक गड्ढे में गिराकर उसे बुरी तरह से ईट-पत्थर और तमंचे की बट से पीटा। आरोप है कि जान से मारने की नीयत से फायर भी किया लेकिन वह बच गया। इसके बाद उसे काफी दूर तक दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। इक्का-दुक्का लोगों ने हिम्मत करके उसे बचाया तो सभी से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने जिला अस्पताल में मेडिकल कराया है। इसके बाद पीड़ित शहजादनगर थाने पहुंचा और मामले की जानकारी दी। उसकी तहरीर पर जाफर, बिलाल, फैजान, जीशान, आकिल व कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** नगर के मोहल्ला नालापार स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने कई तरह के सांस्कृतिक प्रोग्राम पेश किए। स्कूली बच्चों ने स्वागत गीत गाकर मुख्य अतिथियों समेत सभी का मन मोह लिया। वहीं बाल विवाह समेत लड़कियों की शिक्षा पर कई कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रभारी अजीम खां के द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी बच्चों को पुरस्कार देकर उनका हौंसला बढ़ाया गया। कार्यक्रम के प्रभारी अजीम खां रहे। वहीं कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक मनोज कुमार द्वारा किया गया। शिक्षा चौपाल कार्यक्रम को सफल बनाने में निकेता सिंह, आयशा गजल, सुविधा रानी, प्रदीप भटनागर, मोईन मियां,आलोक मिश्रा,श्वेता दुहन, फारुख अहमद, अमीर अली, उमेश कुमार, अफजाल अली आदि शामिल रहे।

# मृतक सफाई कर्मी की पत्नी को नौकरी की मांग पर प्रदर्शन

## नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन के खिलाफ नारेबाजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी** नगर पंचायत में कार्यरत रहे मृतक संविदा सफाई कर्मी संदीप वाल्मीकि की पत्नी को नौकरी दिलाए जाने की मांग को लेकर सफाई कर्मचारियों ने नगर पंचायत कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने चेयरमैन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मृतक की पत्नी को तत्काल नियुक्ति देने की मांग उठाई। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का आरोप है कि नगर पंचायत में संविदा सफाई कर्मी के पद पर कार्यरत संदीप वाल्मीकि कुछ समय पूर्व मसवासी में एक समारोह में शामिल होने गए थे। वहां प्यास लगने पर उन्होंने एक दुक. ानदार से पानी की बोतल मांगी, लेकिन



कथित रूप से दुकानदार ने पानी की जगह तेजाब की बोतल दे दी। संदीप ने उसे पानी समझकर पी लिया, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। बताया गया कि आर्थिक तंगी के कारण उनका समुचित इलाज नहीं हो सका और अंततः उनकी मृत्यु हो गई। कर्मचारियों का आरोप है कि मामले में पहले समझौता करा दिया गया, लेकिन मृतक परिवार को न्याय नहीं मिला। अब मृतक की पत्नी सुनीता अपने पति के स्थान पर नौकरी की मांग को लेकर नगर पंचायत पहुंची, लेकिन कथित तौर पर उसे नियुक्ति देने से इंकार कर दिया गया। इससे नाराज सफाई कर्मचारियों ने धरना देते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मृतक की पत्नी को नौकरी नहीं दी गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में दीप सिंह, राही, मुकेश, विजय, रामवीर, राजपाल, सोनू, रानी, विनीता, शोभा, रेखा, ममता, राकेश, नवल, किशोर, राजीव शर्मा, राजेश, नरेश, अमरनाथ, सरबजीत, करन, नितिन समेत बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# मूक-बधिर बच्चों को आवाज दे रही कॉक्लियर इम्प्लांट योजना

## छह लाख तक सर्जरी मुफ्त, दो साल थेरेपी भी निशुल्क, बिना वेटिंग लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मूक-बधिर बच्चों को आवाज दे रही कॉक्लियर इम्प्लांट योजना अब जिले में असर दिखाने लगी है। जन्मजात सुनने-बोलने में असमर्थ बच्चों के लिए यह योजना किसी वरदान से कम नहीं है। इसके तहत 0 से पांच वर्ष तक के बच्चों की करीब छह लाख रुपये लागत वाली सर्जरी पूरी तरह निशुल्क कराई जा रही है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतिभा पाल ने बताया कि योजना का उद्देश्य ऐसे बच्चों को सामान्य जीवन देना है, जो सुनने और बोलने में असमर्थ हैं। सर्जरी के साथ ही दो वर्ष तक स्पीच थेरेपी, मशीन मेंटेनेंस और बैटरी का पूरा खर्च भी सरकार वहन कर रही है।

योजना की खास बात यह है कि इसमें कोई वेटिंग लिस्ट नहीं है। ब्लॉक और तहसील स्तर पर चिन्हांकन शि. विर लगाकर पात्र बच्चों का चयन किया जाता है और तुरंत उन्हें नामित मेडिकल कॉलेजों में सर्जरी के लिए भेजा जाता है।

जिले में अब तक चार बच्चों की सफल सर्जरी हो चुकी है, जिनकी सुनने की क्षमता बहाल हो गई है और वे धीरे-धीरे बोलना भी सीख रहे हैं। वहीं, चालू वित्तीय वर्ष में दो नए आवे. दन प्रक्रिया में हैं। अधिकारियों के अनुसार, योजना में पारदर्शिता के लिए मेडिकल बोर्ड की जांच और सीएमओ द्वारा जारी प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

**चार बच्चों के जीवन से टूटी खामोशी, लौटी मुस्कान**

रामपुर। कॉक्लियर इम्प्लांट योजना का लाभ पाकर जिले के चार मूक-बधिर बच्चों की जिंदगी बदल गई है। स्वार और शाहाबाद क्षेत्र के इन बच्चों की सफल सर्जरी के बाद अब वे आवाज सुन पा रहे हैं और धीरे-धीरे बोलना भी सीख रहे हैं। अभिभावकों के लिए यह किसी चमत्कार से कम नहीं है। योजना से अन्य परिवारों में भी उम्मीद जगी है।

> कॉक्लियर इम्प्लांट योजना के तहत जन्मजात मूक-बधिर बच्चों को पूरी तरह निशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसमें सर्जरी के साथ दो वर्ष तक स्पीच थेरेपी और उपकरणों का रखरखाव भी शामिल है। उन्होंने कहा कि योजना में कोई वेटिंग लिस्ट नहीं है और पात्र बच्चों का चयन होते ही तत्काल प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है, ताकि बच्चों को जल्द से जल्द सामान्य जीवन मिल सके।
> **- प्रतिभा पाल, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी**

# राज्य महिला आयोग की सदस्य करेंगे सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** विकास भवन सभागार में सात मई को महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी। जिसमें राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी मौजूद रहेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिला उत्पीड़न की घटनाओं की रोकथाम करना, पीड़ित महिलाओं को शीघ्र एवं प्रभावी न्याय दिलाना तथा उनकी समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पारिवारिक विवाद, संपत्ति विवाद, भरण-पोषण, कार्यस्थल पर उत्पीड़न सहित अन्य महिला संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। प्राप्त प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहेंगे, जिससे शिकायतों का तत्काल संज्ञान लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जनपद की समस्त महिलाओं एवं पीड़ित आवेदिकाओं से अपील की है।

# कौशल विकास छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर

## जनता वैदिक कॉलेज में आठ दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जनता वैदिक कॉलेज में आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित आठ दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रमों का आज सफलतापूर्वक समापन हो गया। यह कार्यक्रम 4 मई तक चलें जिनका प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आज संपन्न हुआ, जिसमें छात्रों को स्वरोजगार और तकनीकी कौशल की बारीकियां सिखाई गईं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि और प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेन्द्र पाल सिंह रहे।



कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. वी.पी. सिंह ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनके द्वारा अर्जित यह कौशल न केवल उनके रोजगार में काम आएगा, बल्कि वे दूसरों के लिए भी मददगार बन सकेंगे। जानकारी के अनुसार, दोनों कौशल विकास कार्यक्रमों में लगभग 80 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 75 छात्र प्रशिक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पात्र रहे। छात्रों ने औद्यानिक फसलों के तोड़ाई उपरांत प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत आम के उत्पाद, आरटीएस, नेक्टर स्क्वैश, टमाटर केचप, सॉस, अचार, मुरब्बा, कैंडी और जैम सहित लगभग 50 से अधिक उत्पाद बनाने की तकनीक सीखी। लैंडस्केपिंग कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को नर्सरी प्रबंधन, पार्क के रख-रखाव और लैंडस्केपिंग की बारीकियों के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर नैक संनवयक डा.श्याम किशोर, आईक्यूएसी एडिशनल डायरेक्टर डा. रश्मि निगम, आयोजक सचिव डा.अनुपम तिवारी, डा.अभय विक्रम सिंह, डा. सौरभ कुमार सिंह, डा.पुखराज, डा. एमएस राठी और डा.मनोज कुमार शर्मा सहित कई गणमान्य शिक्षक और छात्र उपस्थित रहे।

# हत्या के मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हिलवाड़ी गांव के एक परिवार ने हत्या के मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया है कि ये आरोपी लगातार उन्हें फैसले के लिए धमका रहे हैं।

शिकायतकर्ता रचना तोमर ने बताया कि उनके पिता देवेंद्र पर गांव के कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया था, जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर राजेंद्र और वर्षा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि, रचना तोमर के अनुसार, इस मामले में दो अन्य अभियुक्त मोहित और रोहित ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था, लेकिन पीड़ित परिवार का आरोप है कि हत्या में शामिल गांव के ही दो युवक अभी भी फरार हैं। परिवार का कहना है कि ये दोनों अभियुक्त गांव में खुलेआम घूम रहे हैं और लगातार उन पर फैसले का दबाव बना रहे हैं। इससे उनके जान-माल को खतरा बना हुआ है। पीड़ित परिवार ने इन दोनों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत दर्ज होने के बाद, अधिकारियों ने मामले में नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# मुख्य अभियंता रजनीकांत मिश्रा से मिला व्यापारी प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पंजीकृत जनपद की जिलाध्यक्ष व्यापारी नेता भूपेश बब्बर के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल मेरठ मंडल के विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता रजनीकांत मिश्रा से मिला जिसमें उनसे मुलाकात करते हुए व्यापारियों ने उन्हें गुलदस्ता देकर सम्मानित किया।

इसके उपरांत व्यापारी नेताओं ने बिजली की मुख्य समस्याओं से भी उन्हें अवगत कराया। व्यापारियों ने कहा कि रात के समय बिजली नहीं जानी चाहिए और बिजली में "लकचुएशन भी नहीं होना चाहिए। गर्मियों में बिजली ट्रांसफार्मर पर अत्यधिक लोड हो जाता है। इसलिए तुरंत बाद ही नये



ट्रांसफार्मरों की सुविधा शहर में होनी चाहिए, ताकि व्यापारियों को विद्युत विभाग के खिलाफ किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन ना करना पड़े। व्यापारी मजबूरन होकर धरने प्रदर्शन की तरफ अपना रूप बदलता है। विद्युत विभाग के अधिकारियों को समय रहते शहर में अपनी टीम भेज कर चेकिंग अभियान चलाकर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत रहना चाहिए। इस मौके पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# सरल, सुलभ एवं त्वरित प्रक्रिया से होगा निस्तारण: एआरटीओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बुधवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी विपिन कुमार ने अवगत कराया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार 09 मई 2026 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के अवसर पर परिवहन विभाग द्वारा प्रवर्तन कार्यवाही के अंतर्गत लंबित चालानों के निस्तारण हेतु विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि जनपद के समस्त वाहन स्वामी एवं चालक अपने लंबित चालानों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से सरल, सुलभ एवं त्वरित प्रक्रिया के तहत करा सकते हैं। लोक अदालत में प्रकरणों का निस्तारण आपसी सहमति के आधार पर किया जाएगा।

# राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर मनाई चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में बुधवार को बड़ौत स्थित राष्ट्रीय लोकदल के कार्यालय पर छोटे चौधरी की 5वी पुण्यतिथि मनाई गई।

नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय पर हवन में आहुति दी एवं उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष सुभाष प्रमुख ने कहा कि चौधरी साहब ने अपना पूरा जीवन किसानों के सम्मान, अधिकारों और देश के विकास के लिए समर्पित किया। उनका व्यक्तित्व और कार्यशैली सदैव जनसेवा की सच्ची मिसाल रही है। वक्ताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह के जीवन की बातों को याद किया। इस अवसर पर अर्जुन तोमर मलकपुर के पार्टी



कार्यालय पर भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान छपरौली विधायक डा.अजय कुमार जिला पंचायत सदस्य सुनील कुमार आर्य, राष्ट्रीय लोकदल बडौत विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित चिकारा वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर प्रहलाद सिंह खेड़ा हटाना सुखबीर सिंह गठीना, जयवीर सिंह पूर्व राज्य मंत्री डा. कुलदीप उज्जवल, रामपाल धामा जिला पंचायत सदस्य, बसंत बामनौली, युवा नेता अनुज बड़ौली युवा नेता, राहुल प्रधान, महिला जिलाध्यक्ष प्रज्ञा बालियान राजू तोमर पूर्व प्रधान सिरसली आदि नेताओं ने मौजूद रहकर यज्ञ हवन में आहुतियां देकर पुष्पांजलि अर्पित की।

# बदला मौसम, सुबह से निकली धूप ने छुटाए पसीने

**तीन दिन से आंधी-बारिश से मौसम हो गया था सुहाना, हालांकि गेहूं के अलावा आम की फसल को हुआ भारी नुकसान**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** बुधवार को फिर मौसम का मिजाज बदल गया। दिन निकलने के साथ ही निकली धूप ने उमस और गर्मी बढ़ा दी। दोपहर में आने-जाने वाले लोग पसीन से तर-बतर नजर आए। बुधवार को अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि 10 किलोमीटर की रफ्तार से हवा चली। और नमी 40 फीसदी तक दर्ज की गई। वहीं आंधी-पानी से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। खासतौर पर गेहूं और आम की फसल को काफी क्षति पहुंची है। जिससे बाग. वानी करने वाले किसानों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। उनको फसल के दाम तक निकालना भारी पड़ रहा है। वहीं मौसम वैज्ञानिकों का मानना है कि वैश्विक तापमान में वृद्धि के कारण मौसम में गंभीर बदलाव आ रहे हैं। जंगलों की कटाई के कारण अलबीडो (सूर्य की किरणों का परावर्तन) प्रभावित हो रहा है, जिससे धरती गर्म हो रही है और जेट स्ट्रीम



(ऊपरी हवाएं) प्रभावित हो रही हैं। जिसका असर मानसून और वर्षा पर पड़ रहा है।

वास्तव में इस बार मौसम का मिजाज समझना काफी मुश्किल हो गया है। पहले सर्दियों में उम्मीद से अधिक सर्दी पड़ी। आलम यह रहा कि कई सालों का रिकार्ड टूट गया। अब गर्मी शुरू होने के साथ ही मौसम लगातार जिलेवासियों को धोखा दे रहा है। कभी आंधी-पानी होती है तो कभी एकाएक गर्मी का सितम बढ़ जाता है। इस बार तो अप्रैल माह में ही गर्मी अपने प्रचंड रूप में आ गई है। दोपहर को धूप की तपिश और लू के थपेड़े मई-जून की गर्मी का अहसास कराने लगे हैं। आलम यह है कि दोपहर के बाद से लोग घर या कार्यालय पर बैठने को मजबूर हैं। प्याऊओं का शहर कहे जाने वाले रामपुर में आज हर प्याऊ पर ठंडे पानी के लिए लोग लाइन लगाने के लिए मजबूर हैं। इस भीषण गर्मी के बीच रविवार को अचानक फिर मौसम का मिजाज बदल गया। तीन दिन तक चली तेज आंधी और बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया। बारिश के बाद बाजार व सड़कों पर चहल-पहल बढ़ गई। दिन में छाई रहने वाली बदली के कारण काफी हद तक गर्मी से निजात मिली। सके बाद भी दिन में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं 14 किमीमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चली। लेकिन बुधवार को मौसम फिर दगा दे गया। दिन निकलने के साथ ही चटक धूप निकल आई। जिससे गर्मी का सितम बढ़ गया। स्कूली बच्चों से लेकर आम जन तक पसीने से भीगता हुआ अपने गंतव्य तक पहुंचा। दोपहर को धूप के कारण सड़कों पर सन्नाटा नजर आया।

### आम की फसल को हुआ भारी नुकसान

रामपुर में रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि आई तेज आंधी ने आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। इससे बागवानी करने वाले किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। जिले के कई इलाकों में तेज हवाओं के कारण आम के पेड़ों से बड़ी संख्या में कच्चे आम (अमिया) टूटकर जमीन पर गिर गई। जिन पेड़ों पर कुछ दिन पहले तक अच्छी पैदावार दिख रही थी, वे अब लगभग खाली हो चुके हैं। एक किसान ने बताया कि उन्होंने इस बार आम का बाग ठेके पर लिया था, लेकिन आंधी ने उनकी सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। उनके अनुसार, पेड़ों पर बहुत कम फल बचा है, और अधिकांश अमिया नीचे गिर गई हैं। वहीं बागवानों का कहना है कि जो आम जमीन पर गिरे, उन्हें इकट्ठा कर मंडी ले जाया जा रहा है, लेकिन वहाँ भी उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं। मंडियों में खरीदारों की कमी है, जिसके चलते आम की बिक्री नहीं हो रही हालात ऐसे हैं कि आम को खेत से मंडी तक लाने में जो खर्च आ रहा है, वह भी नहीं निकल पा रहा है। गिरी हुई अमिया को उठाने के लिए मजदूरों का खर्च भी नहीं निकल रहा। किसानों का कहना है कि इस बार नुकसान बेहद ज्यादा है और कई बाग पूरी तरह से उजड़ गए हैं। बागवानों ने प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का आकलन कर उन्हें मुआवजा दिया जाए, ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

# जन गणना कार्य में लगे शिक्षकों को मिले प्रतिकर अवकाश

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन कर 23 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन 22 सूत्रीय ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में मांग पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई। बुधवार को दो दर्जन से अधिक शिक्षक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष रवेंद्र गंगवार के नेतृत्व में एकत्र होकर बेसिक शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रदर्शन 23 सूत्रीय ज्ञापन बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी को सौंपा। ज्ञापन में जनपद के बंद एवं एकल शिक्षक वाले विद्यालयों का मुद्दा सर्वोपरि था। ज्ञापन में कहा है कि शासनादेश के बावजूद अभी भी 100 से अधिक विद्यालय एक ही शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहे हैं।महासंघ ने इन विद्यालयों में शीघ्र शिक्षकों की तैनाती करने की मांग की है। इसके अलावा ग्रीष्म अवकाश में जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों को प्रतिकर अवकाश देने, प्रेरणा पोर्टल की तकनीकी समस्याओं के कारण वेतन न रोके जाने, तथा सरप्लस शिक्षकों के



पारदर्शी समायोजन की भी मांग की गई है। संगठन ने यह भी कहा कि जिन विद्यालयों में पहले दो शिक्षक थे, उन्हें एकल विद्यालय बनाने के निर्णय पर पुनर्विचार किया जाए। इच्छुक शिक्षकों को उनके पूर्व विद्यालय में तैनाती का अवसर दिया जाए। महासंघ ने शिक्षकों के वेतन, एनपीएस कटौती, जीपीएफ लेखा पर्ची, तथा लंबित एरियर भुगतान को समय पर सुनिश्चित करने की मांग भी उठाई। साथ ही बिना ठोस कारण अवकाश निरस्त न करने, एकतरफा कार्रवाई पर रोक लगाने और निष्पक्ष जांच कराने की भी मांग की गई।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि शिक्षकों को गैर-शैक्षणिक कार्यों में न लगाया जाए। साथ ही ब्लॉक व जिला स्तर पर शिक्षक संगठनों के साथ नियमित मासिक बैठकें आयोजित की जाएं। संगठन ने विभागीय कार्यक्रमों में पारदर्शिता बनाए रखने और सभी पदाधिकारियों को आमंत्रित करने की मांग दोहराई। संघ ने ऑनलाइन सेवा पुस्तिका, एरियर मॉड्यूल, तथा सेवा पंजिका में त्रुटियों के सुधार हेतु विशेष कैंप लगाने की मांग दोहराई। साथ ही 69000 भर्ती के तहत कार्यरत शिक्षकों को ब्रिज कोर्स अवधि में जनगणना ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की गई। साथ ही चेताया कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर जिला महामंत्री विपेंद्र कुमार, सुधीश शर्मा, संदीप कुमार, विनोद कुमार, अभिनव सक्सेना, अतुल कुमार राठौर, विनोद कुमार, नरेश कुमार, विनीत श्रीवास्तव, सुनील मौर्य, रिसालत खान, सय्यद अफाक हुसैन, अमित कुमार, ब्रजराज पंकज पड़ालिया, संगीता गौतम, ममतेश चौधरी, नूतन सिंह राखी रानी एवं ज्योति दूबे आदि मौजूद रहीं।

# बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर खूब बटोरी तालियां

## दयावती मोदी एकेडमी में अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर:** दयावती मोदी अकादमी में वाटिका विंग की ओर से एक सफल अभिभावक अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नन्हे.मुन्ने बच्चों ने रंगारंग एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की धर्मपत्नी नीलू शर्मा एवं मशहूर ईएनटी चिकित्सक डॉ. नितिन कुमार ने दीप प्रज्ज्वलन करके शुरूआत की। इसके बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। बच्चों ने सिविक, इंगलिश वोक. ेबलरी और यातायात नियमों पर जागरूक प्रस्तुति दी। बच्चों का डांस



देखकर दर्शक खूब खुश हुए। मुख्य अतिथि नीलू शर्मा ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि डॉ. नितिन कुमार ने अभिभावकों को बच्चों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने विशेष रूप से बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखने, उचित दिनचर्या अपनाने तथा मोबाइल फोन से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. सुमन तोमर ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वहीं, प्रधान अध्यापिका सुनीता भसीन ने अभिभावकों को दिशा.निर्देश देते हुए बच्चों के पालन.पोषण में पिता की जिम्मेदारी पर विशेष प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में रिंकी जुब्बल ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

# संभल का गिरोह रामपुर में आकर करता था चोरियां

## पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार, भारी मात्रा में सामान किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** संभल का गिरोह अपने जिले के अलावा रामपुर व बदांयू जिले में जाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। शाहबाद पुलिस ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। यह सामान संभल, रामपुर व बदांयू जिले से चोरी किया गया था।

शाहबाद पुलिस देर रात गश्त पर थी। तभी पुलिस को कुछ संदिग्ध लोग नजर आए। पुलिस ने जब उनको रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगे। पुलिस ने पीछा करके चार को दबोच लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने खुद को चोर बताते हुए



कहा कि वह चोरी की नीयत से यहां पर खड़े थे। इसके बाद पुलिस चारों को थाने ले आई। जहां पर पूछताछ करने पर उनहोंने अपना नाम संभल जिले के थाना बनियाठेर के गुमथल निवासी जितेंद्र, मनीष, राजेश कुमार और अनिल कुमार बताया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह लोग गैंग बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। संभल के अलावा वह रामपुर व बदांयू जिले में भी कई चोरी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं।

**बरामद सामान का विवरण**

पुलिस ने उनकी निशानदेही पर तमंचा-चाकू समेत, 30 बैटरे, दो प्रिंटर, इन्वर्टर, डीवीआर, चार सीपूयू, दो एलईडी, दो डेस्कटॉप, सोलर पैनल, डीवीआर की हार्ड डिस्क, सीसीटीवी, और सोने-चांदी के जेवर बरामद किए हैं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह लोग अधिकतर बंद घरों को निशाना बनाते थे। रैकी करने के बाद जान लेते थे कि यह घर बंद है उसके बाद वहां पर घुसते थे।

# कई दिनों तक चली क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार की रात हुआ समापन

## विधायक आकाश सक्सेना व बॉलीवुड के चर्चित हास्य अभिनेता सलीम जदै उफ टिल्लू रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** रामपुर वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन एवं पावर हंड्रेड फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित रामपुर क्रिकेट गौरव सम्मान समारोह गांधी समाधि बाईपास स्थित चंपा कुमारी बैंकट हॉल में मंगलवार की रात्रि तक भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय विधायक आकाश सक्सेना रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में बॉलीवुड के चर्चित कलाक. ार सलीम जैदी (टिल्लू भैया) मौजदू रहे। इस अवसर पर रामपुर के वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ियों को "रामपुर क्रिकेट गौरव सम्मान" तथा जूनियर खिलाड़ियों को "विशेष प्रतिभा



सम्मान" से सम्मानित किया गया। साथ ही, डॉ. तनवीर अहमद खान को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रदान किया गया। बॉलीवुड स्टार सलीम जैदी (टिल्लू भैया) को विशिष्ट सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक आकाश सक्सेना को "रामपुर रत्न सम्मान" से खिलाड़ियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान माननीय विधायक द्वारा खिलाड़ियों एवं प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया गया। इसी अवसर पर पावर हंड्रेड लीग की वेबसाइट का भी विधिवत शुभारंभ किया गया तथा खिलाड़ियों को इसके संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर डिग्री कालेज के पूर्व प्रवक्ता दिलीप कपूर, रामपुर वेटरन क्रिकेट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, सचिव अमित जैन एवं पावर हंड्रेड के डायरेक्टर सुधांशु चंद्रा ओर उपाध्यक्ष शोभित भटनागर आदि मौजूद रहे।

# चौधरी अजीत सिंह ने पूरा जीवन किसानों को समर्पित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोकदल के जिला कार्यालय पर भारत के पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि बनाई गई। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव प्रभारी रोहिलखंड क्षेत्र पूर्व जिला अध्यक्ष रामपुर मोहम्मद उस्मान बबलू ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको सच्ची श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी अजीत सिंह ने अपना पूरा जीवन गरीब मजदूर किसान के लिए जिया था। कई बार मंत्री रहते हुए उन्होंने भारत की जनता के लिए ऐतिहासिक कार्य किये और उन्होंने अपनी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल को बहुत मजबूती के साथ खड़ा किया। हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते रहे। उन्होंने कभी भी भेदभाव की राजनीति



नहीं की। जनपद रामपुर की सर जमीन पर कई बार उनका हेलीकॉप्टर उतरा और पूर्व जिला अध्यक्ष वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद अहसान के आवास पर आए। अब उनके पुत्र केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी बराबर सरकार में रहते हुए भारत के हर नौजवान और नारी शक्ति को रोजगार का अवसर प्रदान कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार दलित समाज से आते हैं अनिल कुमार भी पूरे उत्तर प्रदेश में जनता के भले के कार्य कर रहे हैं। हमारी पार्टी किसान हित की पार्टी है और हमेशा किसानों की बात करती है और करती रहेगी। इस मौके पर बेगम मेहरून जहां, इदरीश अंसारी, मजहर अली, बबलू रईस अहमद, फरमान अहमद, अली मिर्जा और बयान मियां आदि मौजूद रहे।

# देर रात घर में घुसे चोर, लाखों के जेवरात पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के ग्राम मझरा हाजीनगर रेवड़ी कलां में मंगलवार की रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के कीमती जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, ग्राम मझरा हाजीनगर निवासी खेमपाल पुत्र परमेश्वरी के घर में मंगलवार 5 मई 2026 की देर रात करीब 2 बजे अज्ञात चोर घुस आए। पीड़ित के अनुसार, चोरों ने घर में रखे कीमती सामान को खंगाला और करीब तीन तोले के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर फरार हो गए।बुधवार की सुबह पीड़ित खेमपाल ने पुलिस चौकी इंचार्ज रेवड़ी कलां थाना मिलक को लिखित शिकायत सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित ने पुलिस से चोरी हुए सामान की बरामदगी और न्याय की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, जिला रामपुर**
**उत्तराधिकार वाद सं० 54/2026**

नेतराम आयु करीब 56 वर्ष पुत्र स्व० छिद्दू सिंह निवासी ग्राम लदौरा नरायनपुर, तहसील सदर जिला रामपुर हाल निवासी मढैयान नादर बाग, तहसील सदर जिला रामपुर (उ0प्र0)-(प्रार्थी/वादी)

बनाम 1. श्रीमती कमला आयु करीब 70 वर्ष पत्नी किशन लाल पुत्री स्व० छिद्दू सिंह निवासी ग्राम चक सनैया, तहसील सदर जिला रामपुर (उ0प्र0)
2. आम जनता...(विपक्षीगण)

**सूचना बनाम आम जनता**

चूंकि नेतराम आयु करीब 56 वर्ष पुत्र स्व० छिद्दू सिंह निवासी ग्राम लदौरा नरायनपुर, तहसील सदर जिला रामपुर हाल निवासी मढैयान नादर बाग, तहसील सदर जिला रामपुर (उ0प्र0) के द्वारा सिविल जज (जू०डि०) रामपुर के न्यायालय में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा-372 आई०एस०एक्ट के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र इस आशय से प्रस्तुत किया गया है कि स्व० छिद्दू सिंह पुत्र राम सिंह निवासी शिव मन्दिर मढैयान नादर बाग, तहसील सदर जिला रामपुर स्थायी निवासी ग्राम लदौरा नरायनपुर, तहसील सदर जिला रामपुर (उ0प्र0) जिनका स्वर्गवास दिनांक 22-01-2020 को हो चुका है के नाम से बचत खाता सं०-87160193500812 प्रथमा बैंक शाखा कर्कनिया जिला रामपुर में जमा धनराशि 49,643-80 रूपये ब्याज को प्राप्त करने हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग की गयी है। अत: यह इश्तेहार निकाला जाता है कि उपरोक्त प्रार्थना पत्र के सम्बन्ध को में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस न्यायालय में दिनांक- 22-05-2026 को प्रात: 10 बजे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। तारीख गुजरने के बाद फिर किसी की आपत्ति सुनी नहीं जायेगी और निर्णित आदेश पारित किया जायेगा।

आज दिनांक 30-04-2026 को इस न्यायालय की मुद्रा सहित जारी।

मुंसरिम सिविल जज (जू०डि०), रामपुर

# मुफ्ती उवैस बने यूपी के चीफ इमाम, हुआ स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** मुफ्ती मोहम्मद उवैस खान पुत्र मोहम्मद जावेद खा का मस्जिद आरा मशीन पीला तालाब कमेटी के सदस्यों ने ऑल इंडिया राबता मस्जिद बोर्ड का चीफ इमाम उत्तर प्रदेश बनने पर जबरदस्त स्वागत किया गया। प्रोग्राम की शुरुआत कारी फरहत सुल्तान की तिलावत से हुआ। जबकि नात शाहिद नियाजी ने पेश की। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद रेहान खान ने खिताब करते हुए कहा कि मस्जिद में कोई स्टेज नहीं होना चाहिए। क्योंकि यहां पहले से मेम्बर बना होता है। बैठकर कुरान पढ़ना बेहतर है। कुछ पेड़ लगाते हैं और कुछ फल खाते हैं, ऐसा ही आज मोहम्मद उवैस खान का हाल है। अल्लाह ने मौलवी उवैस खान को बोलने की खूबी दी है। यह खूबी हर इंसान में नहीं मिलती। आखिर में मुफ्ती मोहम्मद उवैस खान ने सभी का शुक्रिया अदा किया। प्रोग्राम का संचालन मौलवी मुहम्मद दानिश कादरी ने किया। प्रोग्राम में सददाम हुसैन फैजी, मौलवी असलम जावेद कासमी, कारी यासीन अहमद खान, मौलाना अब्दुल रऊफ नूरी, नुसरत रहमान खान बलम, काशिफ खान, मौलवी मोइनुल हक असामी, बाकर अली खान, दानिश खान साथी और सैकड़ों लोगों ने मुफ्ती उवैस के गले में फूल और मालाएं डालीं और कीमती तोहफे भी दिए। आखिर में दुआ के साथ प्रोग्राम खत्म हुआ।

# प्रदेश सचिव बने डॉ. निजात, किसानों के हक में बड़े आंदोलन का ऐलान

## स्थानीय स्तर से शासन तक उठाएंगे किसानों की समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन संघर्ष मोर्चा में बड़ा संगठनात्मक बदलाव करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने डॉ. मो. निजात को प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। इस मौके पर जिलाअध्यक्ष मो. आलिम और युवा जिला अध्यक्ष जुबैर अहमद सैफी सहित कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया।

नवनियुक्त प्रदेश सचिव डॉ. निजात ने कहा कि रामपुर के किसानों के हक और उनकी समस्याओं को लेकर संगठन लगातार संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसानों की हर समस्या को जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री स्तर तक मजबूती से उठाया जाएगा। डॉ. निजात ने विशेष रूप से स्वाती मेंथॉल फैक्ट्री का मुद्दा उठाते हुए कहा कि फैक्ट्री से निकलने वाले केमिकलयुक्त पानी के कारण शहजादनगर, रोशन बाग, अहमदनगर जागीर और पाबंदियां क्षेत्रों के लोग काफी परेशान हैं। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा पूर्व में की गई शिकायत पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मुरादाबाद ने फैक्ट्री को दोषी भी पाया था, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई



तो संगठन बड़ा आंदोलन करेगा, जिसकी रणनीति 21 तारीख के बाद तय की जाएगी। बैठक में मो. निजात, मो. आलिम, मुवीन, जावेद मियां, शहीद बाबर, अहमद, नासिर, प्यारे खान, शराफत अली सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर से पिता, पुत्री की मौत, एक पुत्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोट।** बुधवार दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे थाना क्षेत्र के मुंडिया निकट मनकरा गांव निवासी हनीफ अपनी पुत्री स्वालेहा व सानिया के साथ इलक्ट्रिक स्कूटी से बिलासपुर से अपने घर की ओर लौट रहे थे। रामपुर काठगोदाम नेशनल हाईवे पर मोंगा दाना पानी ढाबे के समीप बने कट के पास पहुंचते ही पीछे की ओर से आ रही नोएडा डिपो की बस ने उनकी स्कूटी में टक्कर मार दी।हादसे में स्कूटी बस के नीचे फंस गयी और स्कूटी सवार तीनों लोग बस के नीचे दब गए।सूचना पर थानाध्यक्ष



अर्जुन सिंह त्यागी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए व बस के नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला तथा एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने हनीफ (55 वर्ष) व उनकी पुत्री सानिया( 17 वर्ष )को मृत घोषित कर दिया व दूसरी पुत्री स्वालेहा (22 वर्ष )की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रैफर कर दिया।चिकित्सकों द्वारा पिता-पुत्री को मृत घोषित करने पर पुलिस ने दोनों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भिजवाया है।थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह त्यागी ने बताया की रोडवेज बस की टक्कर से इलक्ट्रिक स्कूटी सवार पिता व पुत्री की मौत हो गयी है और एक घायल है।दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर घायल को जिला चिकित्सालय भिजवाया गया है।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मां राज राजेश्वरी दुर्गा कल्याण सेवा समिति, ग्रीन पार्क कालोनी डिवडिवा बिलासपुर, जिला रामपुर का अध्यक्ष दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों अनुसार सर्वश्री, 1. सुरेन्द्र कुमार वर्मा -अध्यक्ष, 2. श्रीमती रोली सिंह-उपाध्यक्ष, 3. राम अवतार सक्सेना -सचिव, 4. देवेन्द्र कुमार शर्मा-उपसचिव, 5. विनीत बन्धु-कोषाध्यक्ष, 6. अनुमोद कुमार-सदस्य, 7. सुमित कुमार सदस्य दर्शाये गये है।

**अत:** यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3(1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से-( आनन्द विक्रम सिंह सहायक निबन्धक )**

# हैदराबाद ने छुडाए पंजाब की गेंदबाजी के छक्के

### हैदराबाद ने तीन विकेट खोकर बनाए 235 रन पावरप्ले में डगमगाई पंजाब की टीम

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 236 रन का टारगेट दिया है। पंजाब ने राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 235 रन बनाए। पंजाब ने 5 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाए हैं।

कूपर कोनोली और मार्कस स्टोयनिस क्रीज पर हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर 5, प्रियांश आर्या एक और प्रभसिमरन सिंह 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं।। हैदराबाद के लिए हेनरिक क्लासन और ईशान किशन ने



हैदराबाद के एनवी रेड्डी अपनी आकर्षक पारी के दौरान शॉट खेलते हुए।

अर्धशतक लगाए। क्लासन ने 43 बाल पर 69 और ईशान ने 32 बाल पर 55 रन बनाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई। क्लासन और नीतीश रेड्डी (29) के बीच चौथे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी हुई। इसके अलावा अभिषेक शर्मा (35) और ट्रैविस हेड (38) ने 55 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। पंजाब के लिए लाकी फर्ग्यूसन, विजयकुमार वैशाख, युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला। चौथे ओवर की दूसरी बाल पर पंजाब ने तीसरा विकेट भी गंवा दिया। यहां पर कप्तान श्रेयस अय्यर 5 रन बनाकर आउट हुए। मलिंगा की हार्ड लेंथ गेंद पर अय्यर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन बैट का फेस घूम गया। गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और मिड-आफ पर सीधी चली गई। वहां कप्तान ने आसान कैच लपका, जिससे च्ठझ्ै की मुश्किलें और बढ़ गईं। दूसरे ओवर की पहली बाल पर पंजाब ने दूसरे ओपनर का विकेट गंवाया। यहां प्रभसिमरन सिंह 3 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली गेंद फुल लेंथ पर डाली, जोकि बाहर की ओर जा रही थी। प्रभसिमरन सिंह शाट खेलने गए, लेकिन लीडिंग एज लग गया। गेंद हवा में बैकवर्ड पाइंट की ओर गई, जहां कमिंस ने कवर से बाईं ओर दौड़ते हुए शानदार कैच पूरा किया। पैट कमिंस ने पहले ही ओवर में प्रियांश आर्या को आउट कर पंजाब को बड़ा झटका दिया। शार्ट गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में प्रियांश गेंद को सही तरह टाइम नहीं कर सके और डीप स्क्वायर लेग पर ईशान मलिंगा ने शानदार कैच लपका। विजयकुमार ने आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर क्लासन को आउट किया। बड़ा शाट लगाने की कोशिश में क्लासन गेंद को सही तरह टाइम नहीं कर सके और लान्ग-आफ पर यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। क्लासन 43 गेंदों में 69 रन बनाकर आउट हुए, जबकि

## मुल्लांपुर दूसरे साल आईपीएल प्लेऑफ की मेजबानी करेगा

**चंडीगढ़, वार्ता।** मुल्लांपुर में स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक बार फिर जोरदार क्रिकेट एक्शन का गवाह बनने के लिए तैयार है, क्योंकि इसे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के प्लेऑफ मैचों की मेजबानी के लिए चुना गया है।

यह लगातार दूसरा साल है जब न्यू चंडीगढ़ में स्थित इस आधुनिक सुविधा को इन अहम मैचों की मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, यह स्टेडियम बेहद अहम एलिमिनेटर और क्वालिफायर-2 मैचों के लिए स्थल के रूप में काम करेगा। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के अध्यक्ष अमरजीत मेहता ने आने वाले आयोजनों को लेकर अपना भरोसा जताते हुए कहा कि एसोसिएशन इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि पिछले साल इस स्टेडियम में प्लेऑफ मैचों के सफल आयोजन ने बीसीसीआई के एक बार फिर पीसीए पर भरोसा करने के फैसले में अहम भूमिका निभाई। मेहता ने जोर देकर कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा कि ए मैच प्रशंसकों और खिलाड़ियों, दोनों के लिए यादगार बनें। एलिमिनेटर मैच में पॉइंट्स टेबल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें आमने-सामने होंगी, जबकि क्वालिफायर-2 में क्वालिफायर-1 में हारने वाली टीम का मुकाबला एलिमिनेटर के विजेता से होगा। जहां एक ओर न्यू चंडीगढ़ को ए अहम मैच मिले हैं।

### खेल विशेष

#### हार्दिक आरसीबी के साथ होने वाले मैच के लिए रायपुर नहीं जाएंगे

**मुम्बई, वार्ता।** हार्दिक पांड्या रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले मैच के लिए मुंबई इंडियंस टीम के साथ रायपुर नहीं जा रहे हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को अपरान्ह जब मुम्बई इंडियंस (एमआई) के खिलाड़ी मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 (घरेलू) पर इकठा हुए थे, लेकिन कप्तान हार्दिक पांड्या वहां नहीं थे। यह बात का तुरंत कोई संकेत नहीं है कि पांड्या मैच के करीब टीम के साथ जुड़ेंगे। पांड्या वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के पिछले मैच में नहीं खेले थे, जहां सूर्यकुमार यादव ने उनकी जगह ली थी। उनकी गैरमौजूदगी का ऑफिशियल कारण पीठ में ऐंठन थी। उस गेम के टॉस के समय सूर्यकुमार ने बताया था, आज रात उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए मैं बस उनकी जगह ले रहा हूं। लेकिन बाकी सब ठीक है।

#### जोकोविच रोम में वापसी करेंगे

**रोम, वार्ता।** बनोवाक जोको. विच इटेलियन ओपन में फिर से एक्शन में आने के लिए तैयार हैं। रिकॉर्ड 40 बार के एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन, जो चोट के कारण छह सप्ताह से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की तैयारी कर रहे हैं, रोम में मौजूद हैं। जोकोविच, जिनका पिछला मैच 12 मार्च को इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर के खिलाफ था, ने सोमवार को फोरो इटालिको में पेरू के इग्नासियो बुसे के साथ प्रैक्टिस की। अपनी शारीरिक समस्याओं से पहले, जोकोविच ने 2026 सीजन की शानदार शुरुआत की थी। 38 वीर्य खिलाड़ी जनवरी में हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन में 2024 के बाद अपने पहले बड़े फाइनल में पहुंचे थे, जबकि इंडियन वेल्स में उनका सफर चौथे दौर के निर्णायक-सेट टाई-ब्रेक में ड्रेपर ने खत्म किया था।

#### सैमसन सीएसके की बल्लेबाजी की रीढ़ हैं: गायकवाड़

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऋतुराज गायकवाड़ ने संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी की रीढ़ बताया। मंगलवार को दिल्ली में सैमसन की नाबाद 87 रन की पारी की बदौलत सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। आईपीएल 2026 में अपनी नई फेंचाइजी के लिए यह सैमसन का तीसरा 80 से ज्यादा रन का स्कोर था। खास बात यह रही कि जब भी उन्होंने 40 रन का आंकड़ा पार किया है, सीएसके ने मैच जीता है। यह फॉर्म 2026 टी20 विश्व कप के अंतिम चरण से जारी है। उस विश्व कप के दौरान सैमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे और भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। )तुराज ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, बल्लेबाजी के बारे में बात करूं तो मैं यही कहूंगा कि विश्व कप और अभी जिस तरह का टूर्नामेंट संजू ने खेला है।

## संजू सैमसन ऑरेंज कैप तालिका के शीर्ष पांच में पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने धीमी और टर्न ले रही दिल्ली की पिच पर 52 गेंदों में नाबाद 87 रन की मैच जिताऊ पारी खेलकर ऑरेंज कैप तालिक के शीर्ष पांच में जगह बना ली। सैमसन ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यह कारनामा किया।

उन्होंने गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन को पांचवें स्थान से हटाया। इसके साथ ही वह केएल राहुल, अभिोक शर्मा, हाइनरिक क्लासन और वैभव सूर्यवंशी के साथ आईपीएल 2026 में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए। सैमसन के इस सीजन 10 पारियों में 402 रन हो गए हैं। उनका औसत 57-42 और



स्ट्राइक रेट 167-50 का है। बुधवार रात सनराइजर्स हैदाबाद का मुकाबला पंजाब किग्स से होना है। ऐसे में अभिोक शर्मा और क्लासन दोनों के पास टॉप स्थान तक पहुंचने का मौका रहेगा। वहीं पर्पल कैप तालिका की बात की तो मंगलवार के मुकाबले के बाद पर्पल कैप टेबल के टॉप पांच में कोई बदलाव नहीं हुआ। भुवनेश्वर कुमार अब भी 17 विकेट के साथ टॉप पर बने हुए हैं।

## बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा आईपीएल 2026 का फाइनल

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 31 मई को होने वाला फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

बीसीसी आई ने इसी के साथ को प्लेऑफ मुकाबलों के शेड्यूल का ऐलान कर दिया। साथ ही प्वाइंट टेबल की टॉप दो टीमें 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में क्वालिफायर वन खेलेंगी। इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी। इसके बाद प्लेऑफ का कारवां न्यू चंडीगढ़ पहुंचेगा। 27 मई को न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एलिमिनेटर मैच



विजेता टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी, बीसीसीआई ने प्लेऑफ मुकाबलों के शेड्यूल का ऐलान किया

होगा। जिसमें तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें आमने सामने होंगी। इसी मैदान पर 29 मई को क्वालिफायर 2 भी खेला जाएगा। इसमें क्वालिफायर वन में हारने वाली टीम और एलिमिनेटर की विजेता टीम से मुकाबला करेंगी। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि कुछ ऑपरेशनल और लॉजिस्टक कारणों की वजह से इस बार प्लेऑफ तीन अलग-अलग स्थानों पर कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहले फाइनल की मेजबानी बेंगलुरु को दी गई थी। हालांकि स्थानीय संघ और प्रशासन की कुछ आवश्यकताएं बीसीसीआई के तय दिशा निर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं। इसी वजह से फाइनल को बेंगलुरु से हटाकर अहमदाबाद स्थानांतरित किया गया। इसी बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ और फाइनल की मेजबानी के लिए नजरअंदाज किए जाने पर अपनी निराशा जाहिर की है।

## टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी आरसीबी

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में बुधवार को यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से भिड़ेगी।

इस मुकाबले में आरसीबी की कोशिश टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करने और एलएसजी की घरेलू मैदान पर चल रही खराब किस्मत को और गहरा करने की होगी। यह मुकाबला इस सीजन में दो ऐसी टीमों के बीच हो रहा है जो बिल्कुल अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ रही हैं।

आरसीबी इस टूर्नामेंट की सबसे संतुलित टीमों में से एक नजर आई है, जिसने अपने नौ में से छह मैच जीते हैं। वहीं,



एलएसजी का अभियान लगातार पटरी से उतरता गया है, जिसने नौ मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं। लखनऊ फेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा चिंता की बात यह रही है कि वह घरेलू मैदान के फायदे का लाभ उठाने में नाकाम रही है। एलएसजी इस सीजन में इकाना स्टेडियम में अपने चारों मैच हार चुकी है। जिस मैदान को टीम का किला माना जा रहा था, वह अब चिंता का एक बड़ा सबब बन गया है। प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं, ऐसे में टीम अब ज्यादातर अपनी प्रतिठा और लय बनाए रखने के लिए खेल रही है। दूसरी ओर, आरसीबी ने खेल के हर विभाग में निरंतरता दिखाई है। हालांकि, पिछले मैच में उन्हें गुजरात टाइटंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन रजत पाटीदार की अगुवाई वाली इस टीम ने इस सीजन में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बने रहने के लिए पर्याप्त गहराई और संयम का प्रदर्शन किया है। विराट कोहली आरसीबी की बल्लेबाजी क्रम के मुख्य स्तंभ बने हुए हैं। इस अनुभवी बल्लेबाज ने इस सीजन में 54 से ज्यादा के शानदार औसत से 350 से ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने पारी की शुरुआत करते हुए स्थिरता और आक्रामकता का बेहतरीन तालमेल दिखाया है।

## अभिषेक शर्मा टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

**दुबई, वार्ता।** भारत के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बरकरार रहे। अभिषेक 875 अंकों के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं, उनके बाद किशन 871 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। शीर्ष 10 में उनके साथ तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जो छठे स्थान (742) पर हैं, और भारत के टी 20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान (722) पर हैं।

बांग्लादेश के कई 'व्हाइट-बॉल' (सीमित ओवरों के क्रिकेट) सितारों ने इस ताजा अपडेट में बड़ी बढ़त हासिल की है। बंगलादेश ने हाल ही में अपने घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज पूरी की, जिसमें एक मैच बारिश की वजह से धुल गया, जिसका मतलब है



कि सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई। लेकिन इसने खिलाड़ियों के एक समूह को अपनी सर्वश्रेठ फॉर्म हासिल करने और रैंकिंग में ऊपर चढ़ने से नहीं रोका, जिसमें बंगलादेश के बल्लेबाज और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' तौहीद हृदोय सबसे ज्यादा सुधार करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने दो पारियों में 84 रन बनाकर टी20 बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की छलांग लगाते हुए 37वां स्थान हासिल किया। बंगलादेश के कप्तान लिटन दास (एक स्थान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर) भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं।

## भारत टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा, टी20 रैंकिंग में वर्चस्व

**दुबई, वार्ता।** एक मई को आईसीसी टीम रैंकिंग के सालाना अपडेट के पहले चरण में, ऑस्ट्रेलिया ने पुरुषों की टेस्ट और महिलाओं की वनडे टीम रैंकिंग, दोनों में शीर्ष पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। और अब, ताजा अपडेट में उन्होंने महिलाओं की टी20 टीम रैंकिंग में भी बढ़त बना ली है।

उनके दबदबे को पुरुों के टी20 विश्व कप चैंपियन भारत ने तोड़ा है, जो टी20 टीम रैंकिंग में अपना वर्चस्व बनाए हुए है, उनके बाद इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का नम्बर आता है। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 से खेले गए सभी मैचों को पूरा महत्व (100 प्रतिशत दिया जाता है, जबकि पिछले दो वर्ों के परिणामों को 50 प्रतिशत महत्व दिया जाता है। सालाना अपडेट का पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष दो टीमों पर कोई असर नहीं पड़ा, ऑस्ट्रेलिया नम्बर 1 पर अपना राज जारी रखे हुए है और तीन अंकों की बढ़त के साथ 131 अंकों पर पहुंचकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका भी नम्बर 2 पर मजबूती से कायम है, जिसे तीन अंकों की इसी तरह की बढ़त से फायदा हुआ है और वह 119 अंकों पर पहुंच गया है। भारत एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे (104) स्थान पर पहुंच गया है और उसने इंग्लैंड (102) को पीछे छोड़ दिया है। इंग्लैंड एक स्थान नीचे खिसक गया है क्योंकि 30 अप्रैल, 2023 से पहले के परिणामों का महत्व अब रैंकिंग में शामिल नहीं है, इन परिणामों में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में मिली जीत, साथ ही पाकिस्तान में 3-0 से मिली जीत शामिल है। पाकिस्तान (89) को भी सालाना अपडेट से फायदा हुआ है, वह श्रीलंका (86) से आगे निकल गया है क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में मिली 3-0 की हार का महत्व अब रैंकिंग में शामिल नहीं है, और साथ ही 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ मिली 2-0 की हार का महत्व भी आधा कर दिया गया है। वेस्ट इंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे शीर्ष 10 टीमों की सूची पूरी करते हैं, जबकि आयरलैंड रैंकिंग से बाहर हो गया है क्योंकि उसने रेटिंग अवधि के दौरान जरूरी आठ मैच नहीं खेले हैं।

## हमारा वर्ल्ड कप होस्ट 'फीफा है ट्रम्प या अमेरिका नहीं': ईरान

**तेहरान, वार्ता।** ईरान के फुटबॉल प्रमुख का कहना है कि उनके वर्ल्ड कप का होस्ट फीफा है, न कि मिस्टर ट्रम्प या अमेरिका और उन्होंने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रति सम्मान की मांग की है, अगर राट्रीय टीम को इस गर्मी में होने वाले टूर्नामेंट के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करनी है।

अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध के कारण वर्ल्ड कप में ईरान की भागीदारी को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ईरानी एफए के प्रमुख मेहदी ताज उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे, जो पिछले सप्ताह वैंकूवर में फीफा कांग्रेस से पहले कनाडाई सीमा से वापस लौट आया था, क्योंकि उन्हें लगा कि आव्रजन अधिकारियों द्वारा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। ताज ने कहा कि घर लौटने



का फैसला उनका अपना था, लेकिन कनाडा के आव्रजन मंत्री ने संसद में पुटि की कि ईरानी एफए अध्यक्ष का वीजा उस समय रद्द कर दिया गया था जब वे हवाई जहाज में थे, क्योंकि आईआरजीसी के साथ उनके संबंध थे। आईआरजीसी की स्थापना ईरान की इस्लामी व्यवस्था की रक्षा के लिए की गई थी और यह देश में एक प्रमुख सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक शक्ति बन गया है। हालांकि, कनाडा और अमेरिका में इस समूह को एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। फीफा के महासचिव मैटियस ग्राफस्ट्रॉम ने असुविधा और निराशा के लिए खेद व्यक्त करते हुए एक पत्र लिखा और ईरान को 20 मई को जड़ूरिख में उनके वर्ल्ड कप की तैयारियों के बारे में बैठक के लिए आमंत्रित किया है। ताज, जो आईआरजीसी के एक उच्च पदस्थ अधिकारी रह चुके हैं, ने मंगलवार को सरकारी प्रसारक इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग को बताया कि वे वर्ल्ड कप में ईरानी अधिकारियों के साथ होने वाले व्यवहार के बारे में शासी निकाय से आश्वासन मांगेंगे।

# सम्पादकीय

## परेशानी में टीवीके

हालांकि तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। 59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें DMK या IIADMK नहीं होगी, लेकिन राज्य में विधायकों की संख्या के गणित फिलहाल टीवीके चीफ विजय को परेशानियों में डाल दिया है, कांग्रेस मिले समर्थन के बावजूद भी मुख्यमंत्री बनने के लिए उनके पास पर्याप्त विधायक नहीं हैं, ऐसे हालात के चलते अटकलें लगाई जा रही हैं कितमिलनाडु में 7 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के मुता. बिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके 107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है। पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार का शपथ समारोह 9 मई को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे होगा। प्रदेश अध्यक्ष समिक भटाचार्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 मई को विधायक दल की बैठक होगी। विजय लेफ्ट और वीसीके जैसे छोटे दलों के भी संपर्क में हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने परAIADMK से भी समर्थन लिया जा सकता है। हालांकि, AIADMK में 20 विधायकों में टूट की खबर भी आ रही है। कौन-कौन सी पार्टी उन्हें समर्थन देंगी यह साफ नहीं है। टीवीके ने बुधवार को अपने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को महा. बलीपुरम के चेंगलपटू स्थित फोर पाइंट्स नाम के रिसार्ट में शिफ्ट कर दिया है। बंगाल में 4 मई को रिजल्ट के बाद से हिंसा शुरू हुई। जिसमें पिछले 24 घंटों के दौरान 4 लोगों की हत्या हुई। इनमें भाजपा और टीएमसी के 2-2 कार्यकर्ता हैं। कोलकाता के न्यू मार्केट में मंगलवार रात भीड़ ने टीएमसीके पार्टी आफिस को बुलडोजर से गिरा दिया। उपद्रवियों ने आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया। वहीं नार्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली स्थित बामनघेरी इलाके में मंगलवार रात गश्त कर रही पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमला हुआ। उपद्रवियों ने फायरिंग की, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। बंगाल में हिंसा के लिए भजा व टीएम सी एक दूस. रें पर आरोप मंढ रही हैं, इस सब के बावजूद यह कहने में गुरेज नहीं है कि राज्य कुछ हिस्सों में लोगों का जीवन खतरे में पड़ता जा रहा है। राज्य की राजधानी के न्यू मार्केट इलाके में कथित तौर पर संरचनाओं को गिराने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। इससे राजनीतिक विवाद और बढ़ गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है और चेतावनी दी है कि चुनाव बाद की किसी भी तरह की हिंसा को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

# प्रभावित होगी संघीय गणराज्य की दिशा

असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 2026 के विधानसभा चुनावों के नतीजे कई ऐसे कारकों को रेखांकित करते हैं जो एक धर्मनिरपेक्ष, लो. कतांत्रिक और संघीय गणराज्य के तौर पर भारत की दिशा को प्रभावित करेंगे। असम और पुडुचेरी में जहां भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों ने सत्ता बरकरार रखी, वहीं अन्य तीन राज्यों में सत्ताधारी दल जनमत में आए बदलाव की प्रचंड लहर में बह गए। असम में पहली दफा भाजपा ने अकेले दम पर बहुमत के लिए जरूरी 64 सीटों का आंकड़ा पार किया और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 126-सदस्यीय विधानसभा में 101 सीटें जीतीं।

कांग्रेस के लिए यह अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है - यहां तक कि उसके खाते में असम आंदोलन के बाद 1985 में हासिल की गई सीटों की संख्या से भी कम सीटें आईं। रायजोर दल और असम जातीय परिषद समेत कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन द्धएनडीएत्रृ के भीतर के दल - मुख्य रूप से असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट - कुछ सीटें जीतने में कामयाब रहे। हालांकि, भाजपा को हासिल स्पष्ट बहुमत के मद्देनजर अब उनका असर बहुत कम रह गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण वाली बयानबाजी और पुनर्वितरण की योजनाओं के मिश्रण के जरिए राज्य में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई खुद अपनी सीट हार गए। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने दीर्घकालिक योजना के दम पर निर्णायक जीत हासिल की



है। राज्य के राजनीतिक इतिहास, दागी चुनाव प्रक्रिया और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राजनीति की ढलान ने उसकी कामयाबी में मदद पहुंचाई। बंगाल भारत के राष्ट्रीय आंदोलन और हिंदुत्व के विचारों का केंद्र रहा है। अन्य जगहों पर फैलने से काफी पहले हिंदुत्व के विचार यहीं पनपे और क्षेत्रीय पहचान की भावना यहां काफी प्रबल रही है। भाजपा ने सालों की सुनियोजित रणनीति के जरिए राज्य की एक सीमित आबादी को अपने सर्वव्यापी राष्ट्रवादी विमर्श में दीक्षित कर दिया। महाराष्ट्र, असम और ओडिशा की क्षेत्रीय राजनीति को अपने आगोश में समा लेने के बाद, भाजपा ने अपना पूरा ध्यान पश्चिम बंगाल पर केंद्रित किया और आखिरकार फतह हासिल की। टीएमसी के सामने अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। उसकी संस्थापक नेता ममता बनर्जी 71 साल की हो चुकी हैं और उसके कार्यकर्ता व मतदाता अब भाजपा के दबाव में आसानी से आ सकते हैं। यह चुनाव भारत के इतिहास में सबसे दागदार चुनाव भी थारू लगभग 27 लाख लोगों के नाम मनमाने ढंग से मतदाता सूची से हटा दिए गए और सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर हुए इस गंभीर हमले के प्रति अनुं. चत नजरिया अपनाया। अगर यह आने वाले वक्त का संकेत है, तो यह गंभीर चिंता का सबब है। नागरिकों की सतर्कता, कानून का कठोर पालन और न्याय व्यवस्था की सक्रियता ही समाधान दे सकती है। यह समय केवल सहानुभूति का नहीं, बल्कि ठोस और निरंतर कार्रवाई का है। अगर अब भी नहीं जागे, तो कल और कितनी मासूम चीखें दब जाएंगी।

### कहीं एसआईआर ने, तो नहीं बदला नक्शा

बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिव. ीजन) की खूब चर्चा है। बंगाल की कम से कम 25 ऐसी सीटें हैं, जहां जीत के मार्जिन से ज्यादा नामै प्के तहत अयोग्य पाए गए थे। इसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या अब इन सीटों पर फिर से मतदान हो सकते हैं? क्योंकि, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर पर सुनवाई के दौरान कहा था किै प् में अयोग्य पाए गए वोटरों की तुलना में अगर जीत की मार्जिन कम रहती है तो हम इस तरह के मामले को देखा जा सकता है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने निर्वाचन से पहले बंगाल मेंै प् के तहत कुल 27 लाख मतदाताओं को अयोग्य पाया था। मतदान से ठीक पहले इनके नाम हटाए गए थे। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि कम से कम 34 लाख ऐसे वोटर हैं, जिनके नाम गलत तरीके से काटे गए। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। पहला मामला ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट का ही है। यहां पर बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी ने करीब 15 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। चुनाव आयोग ने यहां पर एसआईआर के तहत 28 हजार मतदाताओं के वोट काट दिए थे, जबकि यहां पर 14,154 मतदाताओं के नाम विचाराधीन हैं। चंपदानी में बीजेपी के दिलीप सिंह को 3026 वोटों से जीत मिली है। सिंह ने यहां पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को हराया है। द इकानोमिक्स टाइम्स के मुताबिक इस सीट पर एसआईआर के तहत 7600 से ज्यादा वोट अयोग्य पाए गए थे। इसी तरह करंदीघी सीट से बीजेपी के बिराज विस्वास ने 19869 वोटों से जीत मिली थी। यहां पर 31,562 मतदाताओं के नाम एसआईआर में अयोग्य पाए गए थे। मुर्शिदाबाद की जंगीपुर विधानसभा सीट पर बीजेपी को 10,542 वोटों से जीत मिली है। यहां पर 36,581 वोटरों को अयोग्य पाया गया है। मोंटेश्वर सीट पर बीजेपी को 14,700 वोटों से जीत मिली है। यहां पर 23,423 वोटरों को अयोग्य माना गया था। हेमताबाद सीट पर एसआईआर के तहत 18,215 अयोग्य पाए गए थे। यहां पर बीजेपी उम्मीदवार को 12,300 वोटों के अंतर से जीत मिली है। बाली सीट पर 11,997 सीटों से बीजेपी को जीत मिली है। यहां एसआईआर में 11,386 मतदाता अयोग्य पाए गए थे, जिनका मामला सुप्रीम कोर्ट में है। दिन्हटा, रैना और दार्जिलिंग की सीट पर भी ऐसा ही ट्रेंड देखने को मिला।समसेरगंज, मानिकचक, सूती, लालगोला और रघुनाथगंज की सीटों पर भी अयोग्य मतदाताओं की तुलना में जीत की मार्जिन कम है। समसेरगंज में 75,000 मतदाता अयोग्य पाए गए थे। यहां पर 7500 वोटों के अंतर से तृणमूल के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। इसी तरह मानिकचक में 55 हजार वोटरों को अयोग्य पाया गया था। यहां जीत का अंतर 19 हजार है। मुर्शिदाबाद में एसआईआर के तहत 4 लाख से ज्यादा वोट डिलीट किए गए थे। 22 सीटों में से 8 पर बीजेपी और 9 पर तृणमूल को जीत मिली है। 5 सीटों पर कांग्रेस, सीपीएम और जनता उन्नयन पार्टी ने जीती2021 में तृणमूल को यहां की 19 सीटों पर जीत मिली थी।

## श्रीमुख से...

### भाजपा का हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता



वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार, लोकसभा में भाजपा के 240 सांसदों में से लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है, ऐसे लोगों को क्या भाजपा की भाषा में घुसपैठियाकहा जाना चाहिए, हरियाणा में तो वहां की पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है, जो संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं और मतदाता सूचियों व चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करते हैं, वे खुद रिमोट कंट्रोल से संचालित हैं, निष्पक्ष चुनाव होने पर सत्ताधारी दल 140 सीटों के आसपास भी नहीं पहुंच पाएगा।

**राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोक सभा**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# केरल व बंगाल में मुस्लिमों ने दिखाया दम

बंगाल में सबसे ज्यादा 36 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। केरलम से 35 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। असम के 22 विधायक ऐसे हैं, जो मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इसी तरह तमिलनाडु से मुस्लिम समुदाय के 9 विधायक जीतकर सदन पहुंचे हैं। असम, बंगाल के विधानसभा चुनाव में जहां मुसलमानों का दबदबा कम हो गया है। वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। चुनाव परिणाम के आंकड़ों के मुताबिक इस बार विपक्ष के मजबूत सपोर्ट के बावजूद असम और बंगाल में 15 मुस्लिम विधायक कम हो गए हैं।

वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में 3 की बढ़ोतरी हुई है। जम्मू कश्मीर के बाद असम और पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की संख्या सबसे ज्यादा है। पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी तो केरल में कांग्रेस गठबंधन को जीत मिली है। असम में कांग्रेस बीजेपी के मुकाबले सीधे मैदान में थी। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी के बीच चुनाव का मुख्य मुकाबला था। कांग्रेस यहां पर वोट के मामले में चौथे नंबर पर रही है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 294 सीटें हैं। यहां पर 36 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। 2021 में यहां मुस्लिम समुदाय के 42 विधायक जीतकर आए थे। इस बार 31 विधायक टीएमसी से जीतकर आए हैं, जबकि 5 विधायक ऐसे हैं, जो




**केरल में कुल 140 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से 8 मुस्लिम जीते हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस के सिंबल पर एक मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं।**

कांग्रेस-सीपीएम और छोटी पार्टियों से जीतकर आए हैं। असम में 22 मुस्लिम जीतकर इस बार सदन में आए हैं। असम में विधानसभा की कुल 126 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर 18 मुस्लिम विधायक इस बार चुनकर आए हैं। वहीं 2 विधायक बदरुद्दीन अजमल की पार्टी के हैं। 1 मुस्लिम विधायक अखिल गोगोई की पार्टी के हैं। इसी तरह केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या 35 है। पिछली बार इन विधायकों की संख्या 32 थी। केरल में इस बार इंडियन मुस्लिम लीग के सिंबल पर सबसे ज्यादा 22 मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। केरल में विधानसभा की कुल 140 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से 8 मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस के सिंबल पर एक मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। तमिलनाडु में कुल 9 मुस्लिम विधायक जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। देश में मुस्लिम हिस्सेदारी को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठते रहे हैं। 2024 के लोकससभा चुनाव में सिर्फ 5 प्रतिशत मुस्लिम सांसद जीतकर लोकसभा पहुंचे थे।

**असम और बंगाल के विधानसभा चुनाव में जहां मुसलमानों का दबदबा कम हो गया है। वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है ,बंगाल में सबसे ज्यादा 36 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। केरलम से 35 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। असम के 22 विधायक ऐसे हैं, जो मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इसी तरह तमिलनाडु से मुस्लिम समुदाय के 9 विधायक जीतकर सदन पहुंचे हैं।**

# बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर

**बीते 25 अप्रैल के पूरे दिन के हिसाब को देखें, तो सौर ऊर्जा का योगदान दैनिक उत्पादन का 10.8 फीसदी रहा और सूर्यास्त के बाद शाम की जरूरतों का महज ०.1 फीसदी। चुनौती है क्रियान्वयन। साल 2025 के आखिर तक भारत में केवल 0.7 गीगावाट घंटे ( जीडब्ल्यूएच ) का बैटरी भंडारण चालू था। साथ ही, और 2 जीडब्ल्यूएच भंडारण के दिसम्बर 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों को अब टेंडर जारी करने पर कम और कमीशनिंग ( प्रोजेक्ट चालू करने ) पर ज्यादा फोकस करना होगा दृ हर नयी सौर नीलामी को बाध्यकारी सह-अवस्थित ( को-लोकेटड ) भंडारण के साथ जोड़ना होगा और जिन कम दर वाली परियोजनाओं के लिए आक्रामक ढंग से बोली लगायी गयी है, उनके रास्ते से वित्तपोषण की बाधा दूर करनी होगी। भंडारण के बिना सौर क्षमता अधबना पुल है**

भारत में 25 अप्रैल को बिजली की सर्वोच्च मांग (पीक डिमांड) 256.1 गीगावाट तक पहुंच गयी जिसमें दोपहर के लोड के 21.5 फीसदी की आपूर्ति सौर संयंत्रों ने की, यह अब तक सर्वाधिक है, और इस बात का भी साफ संकेत है कि जब सूरज सिर के ऊपर होता है तो देश में स्थापित सौर क्षमता सचमुच काम कर सकती है, लेकिन उसी दिन के पूरे 24 घंटे के खाता-बही से जो कहानी सामने आती है, वह सोचने पर मजबूर करती है।

बीते 25 अप्रैल के पूरे दिन के हिसाब को देखें, तो सौर ऊर्जा का योगदान दैनिक उत्पादन का 10.8 फीसदी रहा और सूर्यास्त के बाद शाम की जरूरतों का महज 0.1 फीसदी। भारत में स्थापित विद्युत क्षमता में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी साल 2022 के 15 फीसदी से तकरीबन दोगुनी होकर साल 2026 के शुरू में लगभग 28 फीसदी पर पहुंच गयी। हालांकि, साल 2022 में भारत के सर्वोच्च मांग वाले दिन उत्पादन में सौर का हिस्सा लगभग 5.6 फीसदी था और यह बढ़कर अप्रैल के उत्पादन का 10.8 फीसदी ही हो पाया दृ यह मौजूदा वास्तविकताओं और क्या मुमकिन है के बीच बरकरार बड़े फासले का भी साफ संकेत है। मामला जहां अटका है वह पैनल, जमीन या महत्वाकांक्षा नहीं है, बल्कि



बैटरियों के जरिए उत्पादित इलेक्ट्रानों के विशाल भंडारों का इस्तेमाल कर पाने की अक्षमता है। दरअसल, बैटरी भंडारण की इतनी कमी है कि सौर बिजली के प्रचुर उत्पादक राज्यों को अपनी आपूर्ति रो. कने के लिए कहा जा रहा है, अन्यथा इससे भारत के बिजली ग्रिड की स्थिरता को खतरा हो सकता है। साल 2025 में, भारत को मई के आखिर और दिसंबर के बीच सौर उत्पादन के 2.3 टेरावाट घंटों की कटौती करनी पड़ी, जो औसत मासिक सौर उत्पादन के 18 फीसदी के बराबर है। अकेले अक्टूबर महीने में 0.9 टेरावाट घंटों की बर्बादी हुई। यह देखते हुए कि इस तरह की बिजली के उत्पादकों को पैसे देने ही होते हैं, इसका नतीजा सरकारी खजाने पर बोझ के रूप में सामने आता है जो ऐसी बिजली के लिए भुगतान करता है जो कभी मिली ही नहीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि इस बार सामान्य से कम, लंबी अवधि के औसत का 92 फीसदी, मानसून रहेगा, जो 11 सालों में इस तरह की पहली चेतावनी है। इस पूर्वानुमान से सिर्फ इस दलील को मजबूती मिलती है कि ज्यादा गर्म, ज्यादा सूखी गर्मियों का मतलब है दिन के समय ज्यादा मांग और ठीक इसी समय सौर ऊर्जा को भारी बोझ उठाना चाहिए।उत्साहजनक खबर है बैटरी का अर्थशास्त्र। साल 2025 के शुरू में दो घंटे के स्टैंडअलोन बैटरी स्टोरेज की दर लगभग 2.21 लाख रुपये प्रति मेगावाट प्रति माह थी जो घटकर साल के अंत तक 1.48 लाख रुपये हो गयी।

शाह टाइम्स

दुनिया-टाइम्स

गुरुवार, 7 मई 2026 12



सूरीनाम। पारामारिबो पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत करते सूरीनाम के विदेश मंत्री मेल्विन बौवा।

## भारत वियतनाम ने दुर्लभ खिनज और रक्षा सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौते किए

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ बनाने के लिए दुर्लभ खिनज, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के साथ-साथ कई अहम घोषणाएं भी की हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के बीच बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## एक क्रूज जहाज पर हंता वायरस के कारण तीन की मौतः WHO


**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक क्रूज जहाज पर 'हंता वायरस' के संक्रमण से तीन मौतों और गंभीर श्वसन बीमारी के प्रकोप की पुष्टि की है। नीदरलैंड के झंडे वाले इस जहाज पर कुल 147 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार हैं, जिनमें से अब तक सात मामले (दो पुष्ट और पांच संदिग्ध) सामने आ चुके हैं। डब्ल्यूएचओ को इस घटना की जानकारी दो मई को ब्रिटेन के माध्यम से मिली थी। दक्षिण अफ्रीका में की गई प्रयोगशाला जांच में एक गंभीर रूप से बीमार मरीज में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट दर्द और तेजी से निमो. निया जैसे लक्षण देखे गए हैं। जहाज ने एक अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के उशुआइया से अपनी यात्रा शुरू की थी और वर्तमान में यह केप वर्डे के तट पर खड़ा है।

# भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़

## विकसित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे दोनों देशः मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और वियतनाम ने अपनी समग्र रणनी. तिक साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का निर्णय लिया है और दोनों देश एक-दूसरे के विजन तथा लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विक. सित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे।

मोदी ने भारत यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की। इसके बाद मोदी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि तो लम ने अपनी भारत यात्रा की शुरुआत बोध गया से की है। उन्होंने कहा कि यह हमारे दोनों देशों की साझा सभ्यतागत और आध्यात्मिक परंपरा को दर्शाता है। उनकी इस यात्रा और सार्थक चर्चाओं से, हम अपनी सद्भावना को कई ठोस परिणामों में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक दशक से समग्र रणनीतिक साझेदारी है और इस दौरान संबंधों में व्यापक प्रगति हुई है। दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन संबंध मजबूत हुए हैं। इस मजबूत नींव पर आगे बढते हुए आज हम अपने संबंधों को और अधिक



■ मोदी ने भारत यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की

मजबूत समग्र रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जा रहे हैं। अब हम अपनी साझेदारी को और ऊंचे लक्ष्यों की ओर अग्रसर करेंगे। संस्कृति, संपर्क, क्षमता निर्माण के साथ-साथ, सुरक्षा, सततता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला हर क्षेत्र में हमारा सहयोग नए स्तर पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल और आर्थिक चुनौतियों के इस दौर में अपनी प्रतिभा, सुशासन और आर्थिक सुधार के बल पर, भारत और वियतनाम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में उभर रहे हैं। अब हमारी प्रगाढ़ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, हम एक-दूसरे के तेज विकास के सहायक बनेंगे। मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में परस्पर सहयोग पर सहमति व्यक्त की है और यह बुद्ध की शिक्षाओं की भावना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि जैसा कि बुद्ध की शिक्षाओं की भावना है कि यदि आप किसी और के लिए दीप जलाते हैं, तो वह आपके अपने मार्ग को भी प्रकाशमान करता है। इसी भावना के साथ, हम एक-दूसरे के विजन और लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विक. सित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे। हम साथ चलेंगे, साथ बढ़ेंगे, और साथ जीतेंगे। मोदी ने कहा कि भारत और वियतनाम की साझेदारी में विरासत एवं विकास दोनों का महत्व है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जब भारत से बौद्ध अवशेष वियतनाम गए, तो उनके दर्शन डेढ़ करोड़ से अधिक, यानि पूरे वियतनाम की आबादी के 15 प्रतिशत लोगों ने किया था। उन्होंने कहा कि हमारी साझा विरासत को जीवंत रखने के लिए अब हम वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और न्हान टवर मंदिरों का रेस्टोरैशन कर रहे हैं।

## बंगाल में भाजपा सरकार के बाद भी 'पुशबैक' की उम्मीद नहीं: बांग्लादेश

**ढाका।** बंगलादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद उन्हें बंगलादेश में लोगों के 'पुशबैक' (वापस धकेले जाने) की संभावना नहीं दिखती है। राजधानी के उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित जिलाधिकारियों के सम्मेलन के एक सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत में गृह मंत्री ने कहा कि इसके बावजूद, हमने बॉर्डर गार्ड बंगलादेश (बीजीबी) को सीमाओं पर सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। इस बीच बंगलादेश के स्थानीय ग्रामीण विकास एवं सहकारिता मंत्री मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि वर्तमान सरकार पड़ोसी देशों के साथ स्थिर संबंध बनाए रखना चाहती है और लंबे समय से लंबित रोहिंग्या संकट को हल करने के लिए काम करेगी।

# अमेरिका ने की ईरान युद्ध खत्म होने की घोषणा

## कहाः प्रमुख सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब समाप्त हो गया, हासिल कर लिए हैं लक्ष्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि ईरान के खिलाफ चलाया गया प्रमुख सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब समाप्त हो गया है। वाइट हाउस में मंगलवार दोपहर 3:30 बजे के आसपास प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ने इस अभियान के अपने सभी सैन्य लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है। रुबियो ने स्पष्ट किया कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए आक्रामक सैन्य अभियान के सभी रणनीतिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सेना ने अब अपने आक्रामक चरण को पूरी तरह समाप्त कर दिया है और अब ध्यान भविष्य की सुरक्षा व्यवस्था पर केंद्रित रहेगा। इस घोषणा के साथ ही अमेरिकी रणनीति में एक बड़ा बदलाव आया है। इसके तहत अब सेना 'आक्रामक' रुख छोड़कर 'रक्षात्मक' मुद्रा में आ गई है। रुबियो ने साफ किया कि अमेरिका अब नई जंग शुरू करने के बजाय अमन को प्राथमिकता देना चाहता है। उन्होंने हालांकि यह चेतावनी भी दी कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के क्षेत्रों में ताकत के इस्तेमाल का विकल्प अब भी खत्म नहीं हुआ है। यदि अमेरिकी सेना या उसके सहयोगियों के हितों पर हमला होता है तो अमेरिका अपनी पूरी शक्ति के साथ जवाबी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। आक्रामक अभियान की समाप्ति के बाद अब अमेरिका ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की शुरुआत की है। इस नए मिशन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सुरक्षित बनाना और फिर से खोलना है। 'टाइम' और 'सीएनए' की रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी नौसेना अब इस क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा करेगी। रुबियो ने इसे एक 'रक्षात्मक कवच' बताते हुए कहा कि जब तक अमेरिकी सेना पर गोली नहीं चलाई जाएगी, तब तक उनकी तरफ से कोई हमला नहीं होगा, लेकिन वे किसी भी खतरे का सामना करने के लिए मुस्तैद रहेंगे। वाइट हाउस की इस ब्रीफिंग में यह संदेश भी दिया गया कि अब सारा ध्यान सैन्य कार्रवाई से हटकर कूटनीति पर रहेगा। अमेरिका का अगला लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करना है। विदेश मंत्री रुबियो ने स्पष्ट चेतावनी दी कि परमाणु हथियारों से लैस ईरान पूरी दुनिया के लिए बघ खतरा हो सकता है, जिसे अमेरिका कभी स्वीकार नहीं करेगा। कुल मिलाकर, 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' का अंत एक बड़े युद्ध के थमने का संकेत तो है, लेकिन क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी और कड़ी निगरानी अब भी जारी रहेगी।



■ 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए आक्रामक सैन्य अभियान के सभी रणनीतिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं

## अमेरिका पेशावर में कॉन्सुलेट जनरल बंद करेगा जिम्मदारियां इस्लामाबाद को सौंपी गईं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को पेशावर में अपने वाणिज्यिक दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा की। खैबर पख्तूनख्वा के लिए राजनयिक जम्मिदारियां अब इस्लामाबाद में स्थित अमेरिकी दूतावास द्वारा संभाली जाएंगी। विदेश विभाग के अनुसार, इस फैसले में अमेरिकी राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है और इसका उद्देश्य संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करना है। विभाग ने कहा कि पेशावर में हालांकि हमारी भौतिक उपस्थिति बदल रही है, लेकिन पाकिस्तान में हमारी नीतिगत प्राथमिकताएं अटल हैं। विभाग ने आर्थिक संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और अमे. रिकी हितों को बढ़ावा देने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के लोगों और अधिकारियों के साथ लगातार जुड़ाव बनाए रखने पर जोर दिया है। पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में स्थित अपने कार्यालयों के माध्यम से अपना राजनयिक कार्य जारी रखेगा, और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों को बनाए रखेगा।

## अराघची ने चीनी विदेश मंत्री से की पूर्ण युद्धविराम और होर्मुज पर चर्चा

**बीजिंग।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को बीजिंग पहुंचकर चीन के विदेश मंत्री वांग ई से उच्च स्तरीय वार्ता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी तनाव को कम करना और 'पूर्ण युद्धविराम' के लिए जमीन तैयार करना है।

वांग ई ने चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि चीन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति को लेकर अत्यंत चिंतित है और तनाव कम करने के लिए हर संभव कूटनीतिक प्रयास करने को तैयार है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, अराघची का यह दौरा अगले सप्ताह बीजिंग में होने वाले ट्रम्प-शी शिखर सम्मेलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन इस समय ईरान-अमेरिका के बीच अहम मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। बैठक के दौरान अराघची ने चीन को ईरान का 'करीबी और भरोसेमंद मित्र' बताया और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर ईरान का पक्ष लेने के लिए चीन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने

■ अराघची का यह दौरा अगले सप्ताह बीजिंग में होने वाले ट्रम्प-शी शिखर सम्मेलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा

कहा कि ईरान सिर्फ 'न्यायसंगत और व्यापक समझौते' को ही स्वीकार करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय (एफएमपीआरसी) और सीजीटीएन की रिपोर्टों में बताया गया कि इस बातचीत का एक बड़ा हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापार के लिए फिर से खोलने पर केंद्रित रहा। वांग ई ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा का हवाला देते हुए इस व्यापारिक मार्ग की महत्ता पर जोर दिया। दूसरी ओर अराघची ने दो. हराया कि ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग आगामी शिखर वार्ता में ईरान के हितों और क्षेत्रीय शांति की जरूरतों को अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने मजबूती से रखेंगे।

# ईरान अमेरिका की इच्छाशक्ति की परीक्षा न ले

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी तरह से एक रक्षात्मक मिशन है, जिसे ईरान की नाकेबंदी के कारण फारस की खाड़ी में फंसे 87 देशों के लगभग 23000 नागरिकों को बचाने के लिए तैयार किया गया है।

रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ईरान को कड़ी चेता. वनी दी कि अमेरिकी इच्छाशक्ति को परखने की किसी भी कोशिश का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। एक ब्रीफिंग के दौरान रुबियो ने कहा कि ये निर्दोष लोग हैं। वे अलग-थलग हैं,



■ रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया

भूखे हैं, असुरक्षित हैं और इसके परिणामस्वरूप कम से कम दस नाविकों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम का यह अभियान निर्दोष जीवन की रक्षा करने और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक में अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को बनाए रखने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताया कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सीधे आदेश पर शुरू किया गया था, जब कई देशों ने सार्वजनिक और निजी तौर पर अमेरिका से मदद की अपील की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने हमेशा की तरह आगे बढ़कर मदद की पुकार का जवाब दिया। अमेरिका यह कदम इसलिए उठा रहा है क्योंकि केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं। दो अमेरिकी ध्वज वाले व्यापारिक जहाज पहले ही सफलतापूर्वक जलडमरूमध्य को पार कर चुके हैं। यहां तैनात सैन्य संपत्तियों में गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, सौ से अधिक हवाई और समुद्री विमान, मानव रहित प्लेटफॉर्म और 15000 सैनिक शामिल हैं। रुबियो ने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन आक्रामक प्रकृति का नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक हम पर पहले गोली नहीं चलाई जाती, तब तक कोई गोलीबारी नहीं होगी। हम केवल तभी जवाब दे रहे हैं जब पहले हमला किया जाए। यह एक रक्षात्मक अभियान है। विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि चेतावनी को अनदेखा करने के बाद ईरान की सात नौकाओं को पहले ही नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनमें से सात अब समुद्र के तल में हैं, साथ ही ईरान की बाकी नौसेना भी।ß रुबियो ने आर्थिक मोर्चे पर कहा कि 'ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी' इसके समानांतर जारी है।

## पाक में विपक्षी नेता ने अफगान के साथ बातचीत का किया आह्वान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता और पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने सरकार से अफगानिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि पड़ोसी देश के साथ तनावपूर्ण संबंध एवं राजनीतिक गलत अनुमान पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा रहे हैं।

यह जानकारी बुधवार को अफगान समाचार पोर्टल एरियाना न्यूज ने दी। रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि अचकजई का मानना है कि पाकिस्तान की मौजूदा आर्थिक कठिनाइयों की जड़ें सरकार की उन गलत नीतियों में निहित हैं जिनके कारण अफगानिस्तान एक

■ अफगा अभी भी पाकिस्तानी सामानों में बहुत रुचि रखता है: अचकजई

आर्थिक साझेदार नहीं रहा है, जो हाल तक पाकिस्तानी वस्तुओं के लिए एक प्रमुख निर्यात बाजार था। रिपोर्ट के अनुसार, अचकजई ने कहा कि अफगानिस्तान अभी भी पाकिस्तानी सामानों में बहुत रुचि रखता है और उन्होंने बल देकर कहा कि इस्लामाबाद की नीतियों ने उसके अपने आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाया है। खबरों के अनुसार, उन्होंने पाकिस्तान के नेतृत्व से आर्थिक दबावों एवं क्षेत्रीय अस्थिरता दोनों से निपटने के लिए संवाद और अपनी नीतियों में सुधार करते हुए व्यावहारिक समाधान खो. जने का आग्रह किया।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

## अमेरिका में 20.5 अरब डॉलर निवेश करेंगी भारतीय कंपनियां



**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को कहा कि भारतीय कंपनियों ने उनके देश में 20.5 अरब डॉलर से अधिक की योजना बनाई है जिससे अमेरिका में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में जो निवेश किया उसका फल मिल रहा है। भारतीय कंपनियों की टेक, विनिर्माण और फार्मास्युटिकल समेत विभिन्न क्षेत्रों में 20.5 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की योजना है। इसमें 12 भारतीय कंपनियों द्वारा आज (मंगलवार को) घोषित 1.1 अरब डॉलर के निवेश की योजना भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि सेलेक्ट यूएसए इनवेस्टमेंट समिट में 12 भारतीय कंपनियों ने अमे. रिका में कुल 1.1 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। अमेरिका राजदूत ने लिखा कि इन सहयोगों से अमेरिका में वास्तव में रोजगार पैदा हो रहे हैं।

■ अमेरिका में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, अमेरिकी राजदूत गोर ने की तारीफ

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY

स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से

डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा

साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

Since 2010

M.B.B.S. ABROAD

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India

- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)